राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 150
लखनऊ, शनिवार 31 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



क्षेत्रीय विधायक व बीडीओ ने सुनीं जनता की समस्यायें 10
भाजपाई व उनके संगी-साथी याद रखें, साजिश से बड़ी सच्चाई होती है : अखिलेश यादव 03

# मंत्री देंगे 50 करोड़ तक के प्रोजेक्ट को वित्तीय स्वीकृति

## लागत में 15 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी पर पुनः अनुमोदन अनिवार्य : योगी

- परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया में होगा सुधार
- मंत्री 50 व वित्त मंत्री 150 करोड़ तक की परियोजनाएं कर सकेंगे मंजूर



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को तेज, सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है। विभागीय मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा, जो अभी 10 करोड़ रुपये तक है, उसे बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये किया जाए। 50 से 150 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं की मंजूरी वित्त मंत्री स्तर से और 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर से दी जाए, जिससे परियोजनाओं को समय पर वित्तीय मंजूरी मिले और काम तेजी से आगे बढ़े।

मुख्यमंत्री ने विभागों को निर्देश दिया कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना 15 अप्रैल तक हर हाल में स्वीकृत करा लें। समयसीमा का पालन न करने वाले विभागों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। किसी परियोजना की लागत में 15 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी होने पर विभाग कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने राज्य की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, निर्माण कार्यों की व्यवस्था, एकमुश्त प्रावधान, डिजिटल वित्तीय सुधार, कोषागार प्रक्रियाएँ, पेंशन व्यवस्था और विभागीय नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की उत्तर प्रदेश को सुदृढ़, पारदर्शी, रिजल्ट ओरिएंटेड वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना है। इसके लिए विभाग समयबद्धता, गुणवत्ता, पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में राज्य गारंटी पॉलिसी लागू की जाए।

अल्प-वेतनभोगी कर्मियों, जैसे आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय हर माह तय तारीख को उनके बैंक खातों में पहुंच जाए। जिन योजनाओं में केंद्रांश मिलता है, वहां राज्य अपने मद से मानदेय समय पर जारी करे ताकि किसी कर्मी को देरी न हो। 2023-24 में यूपी का 1,10,555 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय देश में सबसे अधिक रहा। राज्य ने जितना शुद्ध लोक ऋण लिया, उससे भी ज्यादा राशि पूंजीगत कार्यों पर खर्च की, जो वित्तीय अनुशासन का मजबूत संकेत है। कुल व्यय का 9.39 फीसदी निवेश पर खर्च कर उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा, ऋण जीएसडीपी अनुपात जैसे सभी संकेतक एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27 फीसदीपर आ गई। नीति आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश का कंपोजिट फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2014 में 37 से बढ़कर 2023 में 45.9 हो गया है और राज्य फ्रंट रनर श्रेणी में पहले स्थान पर है। आरबीआई की रिपोर्ट में भी राज्य का अपना कर राजस्व राष्ट्रीय हिस्सेदारी में 11.6 फीसदी के साथ देश में दूसरे स्थान पर बताया गया है। विकास व्यय राष्ट्रीय औसत से अधिक रहा है और स्वास्थ्य व्यय में उत्तर प्रदेश प्रमुख राज्यों में शीर्ष पर है।

वित्त विभाग ने पिछले तीन वर्षों में बजट, कोषागार और डिजिटल वित्तीय प्रशासन में ऑनलाइन बजट मॉड्यूल, वेंडर मैनेजमेंट सिस्टम, साइबर ट्रेजरी, पूरी तरह ऑनलाइन बिल प्रेषण, जीपीएफ अनियमितताओं की रोकथाम, वेतन बिलों का एजी को ऑनलाइन भेजना, डिजिलॉकर पर जीपीएफ स्लिप उपलब्ध कराना जैसे कई सुधार किए है। कोषागार सुधारों के तहत साइबर ट्रेजरी के माध्यम से खातों का पूर्णतः पेपरलेस प्रेषण अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। फर्म्स, सोसाइटी एवं चिट्स विभाग के नवाचारों के बारे में बताया गया कि विभाग ने प्रमुख सेवाओं को डिजिटल किया है। पुराने अभिलेख डिजिटल हो रहे हैं। सादर पोर्टल के माध्यम से जनता को अभिलेखों तक आसान पहुँच मिली है। वाद प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है और नीति आयोग के दर्पण पोर्टल के साथ एकीकृत होने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य बन गया है।

### अनुबंधों में एकरूपता का अभाव : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुबंधों में एकरूपता का अभाव है। सड़क निर्माण की तर्ज पर नए भवनों में 5 वर्ष का भुगतान आधारित अनुरक्षण अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता बताई। निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भवन, सड़क, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और राज्य,सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराया जाए। उत्तर प्रदेश ने वित्तीय अनुशासन, पूंजीगत व्यय और राजस्व संवर्धन में देश में नया मानक स्थापित किया है। अब लक्ष्य है कि खर्च की गुणवत्ता और डिजिटल पारदर्शिता को और मजबूत करते हुए प्रदेश को भारत का सबसे सक्षम और विश्वसनीय वित्तीय प्रशासन वाला राज्य बनाया जाए।

# सूर्य की रोशनी से चलने वाला सेल्फ-चार्जिंग एनर्जी स्टोरेज डिवाइस विकसित

- भारतीय वैज्ञानिकों ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हासिल की बड़ी उपलब्धि




**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय वैज्ञानिकों ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए सूर्य की रोशनी से चलने वाला सेल्फ-चार्जिंग एनर्जी स्टोरेज डिवाइस विकसित किया है। यह अत्याधुनिक तकनीक एक ही उपकरण में सौर ऊर्जा को संग्रहित करने और उसे स्टोर करने की क्षमता रखती है। इस डिवाइस को फोटो-कैपेसिटर नाम दिया गया है।

यह शोध बेंगलुरु स्थित सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज़ के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया है, जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है। अब तक सौर ऊर्जा प्रणालियों में बिजली उत्पादन और भंडारण के लिए अलग-अलग यूनिट्स का उपयोग किया जाता था, जिससे सिस्टम जटिल, महंगा और ऊर्जा हानि वाला हो जाता था। नई तकनीक इन सभी चुनौतियों को काफी हद तक दूर करती है।

यह शोध रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री की प्रतिष्ठित पत्रिका सस्टेनेबल एनर्जी एवं फियूलस में प्रकाशित हुआ है और इसे भारत की क्लीन एनर्जी महत्वाकांक्षाओं की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इसे विकसित करने वाली वैज्ञानिक डॉ. कविता पांडेय ने बताया कि इस डिवाइस में निकेल-कोबाल्ट ऑक्साइड नैनोवायर्स का इस्तेमाल किया गया है। ये नैनोवायर्स अत्यंत सूक्ष्म होते हुए भी एक छिद्रयुक्त और प्रवाहकीय त्रि-आयामी संरचना बनाते हैं, जो सूर्य के प्रकाश को प्रभावी रूप से अवशोषित कर विद्युत चार्ज को संग्रहित करती है।

# महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर देश ने किया नमन

- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना में लिया भाग



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और राजघाट स्थित महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर सर्वधर्म प्रार्थना में भाग लिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित की। साथ ही उन्होंने सर्वधर्म प्रार्थना में भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके शाश्वत आदर्श को राष्ट्र की यात्रा का मार्गदर्शक बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके सिद्धांतों और न्याय, सद्भाव और मानवता की सेवा पर आधारित भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके समाधि स्थल राजघाट पर श्रद्धासुमन अर्पित किया और यहां आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सम्मिलित होकर उनके सत्यनिष्ठ जीवन, अदम्य त्याग, नैतिक साहस और अहिंसा के चरम आदर्शों का स्मरण किया।

उन्होंने कहा कि बापू का समग्र जीवन मानवता, करुणा और आत्मशुद्धि का वह उज्ज्वल दीपस्तंभ है, जिसकी ज्योति युग-युगांतर तक राष्ट्रीय चरित्र, सामाजिक संवेदना और सामूहिक विवेक को आलोकित करती रहेगी। साथ ही थल सेनाध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भी राजघाट पर महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### बिना हथियार बदली जा सकती है दुनिया : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके विचारों को याद करते हुए अहिंसा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पूज्य बापू ने मानवता की रक्षा के लिए हमेशा अहिंसा के मार्ग को अपनाने की प्रेरणा दी और यही वह शक्ति है, जो बिना हथियार के भी दुनिया को बदल सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स प पोस्ट साझा करते हुए अहिंसा से जुड़ा सुभाषित लिखा, अहिंसा परमो धर्मस्तथाऽहिंसा परन्तपः। अहिंसा परमं सत्यं यतो धर्मः प्रवर्तते॥
इस श्लोक का अर्थ है कि अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है और अहिंसा ही सबसे बड़ा तप है। अहिंसा ही परम सत्य है, क्योंकि सभी धर्मों की उत्पत्ति और आधार अहिंसा से ही होता है। अर्थात किसी भी जीव को मन, वचन और कर्म से कष्ट न देना ही सर्वोच्च नैतिकता है। प्रधानमंत्री ने संदेश में यह स्पष्ट किया कि अहिंसा केवल विचार नहीं, बल्कि मानव कल्याण और विश्व शांति का सशक्त माध्यम है।

# डिब्रूगढ़ बनेगा असम का दूसरा प्रशासनिक केंद्र



- अमित शाह ने 1,715 करोड़ की योजनाओं का किया शुभारंभ

**एजेंसी, डिब्रूगढ़ (असम)।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अपने असम दौरे के दौरान डिब्रूगढ़ में 1,715 करोड़ रु. की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। ये परियोजनाएं असम सरकार की प्रशासन को विकेंद्रीकृत करने, बाढ़ प्रबंधन को सशक्त बनाने और राज्य के समग्र बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने 284 करोड़ रु. की लागत से बनने वाले दूसरे विधानसभा परिसर और विधायक हॉस्टल की आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य डिब्रूगढ़ को असम की दूसरी प्रशासनिक राजधानी के रूप में विकसित करना है, जिससे राजधानी दिसपुर पर प्रशासनिक दबाव कम होगा और ऊपरी असम क्षेत्र में शासन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रस्तावित विधानसभा परिसर में तीन मंजिला विधानसभा भवन, विधायकों के लिए नौ मंजिला हॉस्टल, 800 सीटों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम तथा सुरक्षा कर्मियों के लिए विशेष आवासीय सुविधाएं शामिल होंगी। इसके निर्माण से क्षेत्र में प्रशासनिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा अमित शाह ने 238 करोड़ रुपये की लागत से बने मल्टी-डिसिप्लिनरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पहले चरण का उद्घाटन किया और इसके दूसरे चरण की आधारशिला रखी, जिसकी अनुमानित लागत 209 करोड़ रु. है। परियोजना के पूर्ण होने पर इस खेल परिसर में 30 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता, एक केंद्रीय खेल मैदान और आधुनिक एथलेटिक ट्रैक की सुविधा होगी। पहले चरण में इंडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल, फुटबॉल मैदान, विभिन्न खेल कोर्ट और खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण परियोजना के तहत केंद्रीय गृह मंत्री ने 292 करोड़ रु. की लागत से बनने वाले वन्यजीव स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केंद्र की भी घोषणा की। कार्यक्रम की खास उपलब्धि के रूप में अमित शाह ने राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष के तहत 692 करोड़ रुपये की वेटलैंड (आर्द्रभूमि) बहाली पहल की भी शुरुआत की।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,69,350/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,55,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,27,050/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,95,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### पी टी ऊषा के पति श्रीनिवासन का निधन



**कोझिकोड।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पी टी ऊषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार श्रीनिवासन शुक्रवार सुबह अपने आवास पर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक संतप्त ऊषा से बात की और उनके पति के निधन पर शोक व्यक्त किया। केंद्र सरकार के पूर्व कर्मचारी श्रीनिवासन ने ऊषा के शानदार खेल और राजनीतिक करियर के दौरान हमेशा उनका हौसला बनाए रखा। उनका यह हौसला ऊषा की अनगिनत उपलब्धियों के पीछे प्रेरक शक्ति माना जाता था। इस दंपति का एक बेटा है, जिसका नाम उज्ज्वल है।

### सीबीएन ने लखनऊ में जब्त की करीब दो करोड़ रुपये की हेरोइन, एक तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** केंद्रीय मादक पदार्थ ब्यूरो (सीबीएन) ने शुक्रवार को एक कथित तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 280 ग्राम हेरोइन जब्त की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जब्त हेरोइन की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1.96 करोड़ रुपये है। सीबीएन की उत्तर प्रदेश इकाई के उपायुक्त प्रवीण बाली ने बताया कि यह बरामदगी बख्शी का तालाब तहसील के लखनऊ-सीतापुर रोड पर स्थित इंतौजा टोल प्लाजा पर चलाए गए एक अभियान के दौरान की गई। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान विशिष्ट सूचना के आधार पर चलाया गया था। उन्होंने बताया कि जब्त की गई प्रतिबंधित सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग दो करोड़ रुपये है।

### संस्कृति मंत्रालय की झांकी वंदे मातरम को मिला प्रथम पुरस्कार

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में संस्कृति मंत्रालय ने दो बड़े पुरस्कार अपने नाम किए। वंदे मातरम के 150 वर्षों के सफर को दर्शाती झांकी सर्वश्रेष्ठ चुनी गई, जबकि उसकी भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति वंदे मातरम : भारत की शाश्वत गूंज को इसकी विषयगत उत्कृष्टता के लिए विशेष सम्मान दिया गया। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार झांकी ने वंदे मातरम गीत के 150 साल के सफर को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

# एक फरवरी से बारिश के आसार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में हल्की बारिश के बाद फिर कोहरा और शीतलहर का दौर लौट आया है। शुक्रवार सुबह हल्की धुंध के साथ कोहरे का असर बना रहा। सुबह से ही बर्फीली हवा चल रही थीं। मौसम विभाग का अनुमान है कि बर्फबारी वाले पहाड़ी इलाकों से ठंडी और शुष्क उत्तर-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, जिसके चलते पिछले 24 घंटों में तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 31 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में और थोड़ी गिरावट आने की संभावना है। वायुमंडल में स्थिरता बढ़ने से कोहरे की मात्रा और घनत्व में इजाफा होगा, जिससे सुबह के समय विजिबिलिटी काफी कम हो सकती है। कई इलाकों में घना कोहरा छाने से लोगों को सावधानी बरतनी होगी, खासकर सड़क यात्रा के दौरान। हालांकि, यह ठंड ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। आगामी एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 1 से 3 फरवरी के बीच प्रदेश में फिर से बारिश होने की संभावना जताई गई है। इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

### अमेरिका लौटाएगा तमिलनाडु की तीन प्राचीन मूर्तियां

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्त्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है। इस तरह की व्यवस्था के तहत संग्रहालय को वस्तु की उत्पत्ति, उन्हें हटाए जाने और वापसी की पूरी कहानी को सार्वजनिक रूप से साझा करने की अनुमति मिल जाएगी।

# पोकरण से आईएसआई एजेंट गिरफ्तार



पूछताछ में हुए कई खुलासे

**एजेंसी, जयपुर।**

राजस्थान पुलिस की इंटेलिजेंस विंग ने सरहदी जिले जैसलमेर के पोकरण क्षेत्र में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के लिए जासूसी करने के आरोप में एक स्थानीय युवक को गिरफ्तार किया है। उसे भारतीय सेना से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं सीमा पार भेजने और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया गया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (इंटेलिजेंस) प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि राज्य में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। इसी दौरान इंटेलिजेंस को सूचना मिली कि पोकरण के थाना सांकड़ा अंतर्गत नेडान गांव निवासी झबराराम (28) की गतिविधियां संदिग्ध हैं। तकनीकी जांच में सामने आया कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार पाक हैंडलर्स के संपर्क में बना हुआ था। पूछताछ और मोबाइल के तकनीकी परीक्षण में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि झबराराम को पाक एजेंसियों ने हनीट्रैप और धनराशि का लालच दिया था। इस लालच में आकर वह भारतीय सेना से संबंधित संवेदनशील सूचनाएं साझा कर रहा था। इतना ही नहीं, उसने अपने नाम से जारी सिम कार्ड का ओटीपी पाक हैंडलर्स को देकर व्हाट्सएप एक्टिवेट करवाया, जिसका उपयोग देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जा रहा था। एडीजी कुमार ने बताया कि संदेह पुख्ता होने पर झबराराम को केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र जयपुर लाया गया। यहां राजस्थान पुलिस, मिलिट्री इंटेलिजेंस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने उससे संयुक्त रूप से कड़ी पूछताछ की। अपराध प्रमाणित पाए जाने पर राजस्थान इंटेलिजेंस ने शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के तहत मामला दर्ज किया है।

### अविमुक्तेश्वरानंद ने योगी सरकार को दिया 40 दिन का अल्टीमेटम



**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** जोशीमठ स्थित ज्योतिर्मठ (ज्योतिष पीठ) के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि अब योगी आदित्यनाथ को अपने हिन्दू होने का प्रमाण देना होगा। शंकराचार्य ने योगी सरकार से गोमाता को राज्यमाता का दर्जा देने और उत्तर प्रदेश से मांस निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ऐसा न होने पर शंकराचार्य ने योगी सरकार को 40 दिन का अल्टीमेटम देते हुए 10 और 11 मार्च को लखनऊ में संत समागम करने का ऐलान किया है।

**बयान** पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के संक्रमण के दो मामलों की पुष्टि

# भारत में निपाह वायरस के संक्रमण का जोखिम बहुत कम : डब्ल्यूएचओ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत-बांग्लादेश के जंगलों में चमगादड़ों की मौजूदगी के बावजूद पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के संक्रमण के जोखिम को मध्यम दर्जे का बताया है। अलबत्ता, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक जोखिम का स्तर निम्न है। इस समय इस संक्रमण के इंसानों से इंसानों में फैलने के अब तक कोई तथ्य सामने नहीं आए हैं।

डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा कि भारत सरकार ने पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के संक्रमण के दो मामलों की पुष्टि की है। संक्रमित दोनों व्यक्ति 25 वर्ष की आयु के हैं, जिनमें एक महिला और एक पुरुष है। ये दोनों व्यक्ति उत्तरी 24 परगना ज़िले के एक निजी अस्पताल में कार्यरत हैं। इन दोनों व्यक्तियों में विगत दिसंबर के अंतिम दिनों में संक्रमण के आरम्भिक लक्षण विकसित हुए थे जो बहुत तेज़ी से तंत्रिका संबंधी जटिलताओं में तब्दील हो गए थे। इन दोनों संक्रमित व्यक्तियों को जनवरी के आरम्भिक दिनों में चिकित्सकीय एकांतवास में रखा गया था। संक्रमण के मामलों का पता चलने के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित एक व्यापक कार्रवाई शुरू की गई। इन दो संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आए कुल 196 व्यक्तियों की पहचान निर्धारित की गई। उनका पता लगाया गया और उन्हें स्वास्थ्य निगरानी में रखा गया और उनके परीक्षण किए गए। इन सभी लोगों में संक्रमण के कोई लक्षण नहीं देखे गए और इन सभी लोगों के परीक्षण में निपाह वायरस का कोई संक्रमण नहीं पाया गया।



डब्ल्यूएचओ के अनुसार निपाह वायरस के संक्रमण मामले सिर्फ उत्तरी 24 परगना ज़िले तक ही सीमित हैं और लोगों की यात्रा के ज़रिए इनके किसी अन्य स्थान पर फैलने की कोई जानकारी नहीं है। भारत के किसी अन्य प्रदेश में या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस संक्रमण के फैलने की सम्भावना बहुत कम है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक निपाह वायरस पशुओं से इंसानों में फैलने वाली एक बीमारी है जो मुख्य रूप से चमगादड़ों से इंसानो में संक्रमित भोजन खाने या निकट सम्पर्क में आने से फैलती है। इस बीमारी का फ़िलहाल कोई उपचार नहीं है और न ही इसकी रोकथाम के लिए अभी कोई वैक्सीन उपलब्ध है। अलबत्ता, कुछ वैक्सीन पर प्रयोग जारी हैं। इससे बचने के लिए बहुत आरम्भिक स्तर पर पता लगाना, संक्रमण की पुष्टि होने पर उपयुक्त देखभाल और संक्रमण को दीगर फैलने से रोकने के ठोस उपाय अपनाया जाना बहुत अनिवार्य है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि भारत अतीत में भी निपाह वायरस के संक्रमण से निपटने की क्षमता का प्रदर्शन कर चुका है और इन मामलों में भी राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्वास्थ्य टीमें, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा के नज़रिए से उपयुक्त उपाय लागू कर रही हैं। डब्ल्यूएचओ ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए किसी तरह के यात्रा प्रतिबंधों की सिफ़ारिश नहीं की है। उल्लेखनीय है कि भारत में निपाह वायरस के संक्रमण का यह सातवां दर्ज मामला है और पश्चिम बंगाल में तीसरा। इससे पहले सिलीगुड़ी में वर्ष 2001 में और वर्ष 2007 में नादिया में इस वायरस के संक्रमण के मामले दर्ज कि गए थे। प्रभावित ज़िले बांग्लादेश सीमा के निकट हैं। याद रहे कि बांग्लादेश में निपाह वायरस का संक्रमण लगभग हर साल दर्ज किया जाता है।

# एलओसी पर फिर देखे गए पाकिस्तानी ड्रोन

**एजेंसी, कुपवाड़ा।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पास केरन सेक्टर के जोधा माकन बीरंदोरी इलाके के पास आज सुबह लगभग 15 पाकिस्तानी ड्रोन उड़ते हुए देखे गए। भारतीय सेना की 6 राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों ने हवाई क्षेत्र में ड्रोन देखने के बाद चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। प्रतिक्रिया के बाद कथित तौर पर सभी ड्रोन पीछे हट गए। अधिकारियों ने कहा कि घटना में किसी की जान या क्षति की सूचना नहीं है। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है और क्षेत्र में निगरानी और तेज कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियां ऐसी किसी भी हवाई गतिविधि पर नजर रखने और संभावित खतरों को रोकने के लिए एलओसी पर कड़ी सतर्कता बरत रही हैं।



# गलत रिपोर्ट लगाने पर उपनिरीक्षकों सहित निरीक्षक निलंबित

- तीन के खिलाफ निलंबन की कार्वाई




गोंडा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस महानिरीक्षक देवी पाटन परिक्षेत्र के अमित पाठक ने देवी पाटन मंडल के एक दर्जन उपनिरीक्षक सहित एक निरीक्षक को दुर्घटना के मुकदमे की विवेचना के दौरान गलत रिपोर्ट लगाने पर एक दर्जन उपनिरीक्षक सहित एक निरीक्षक को निलंबित कर दियातीन के खिलाफ निलंबन की प्रकिया शुरू कर दिया है। जिस में बहराइच के 9उपनिरीक्षक गोंडा के दो और श्रावस्ती के दो उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया है।

बीमा कंपनी के राजेंद्र प्रताप सिंह ने आई जी देवी पाटन से शिकायत किया था कि दुर्घटना के संबंधित मुकदमों में विवेचक के द्वारा गलत रिपोर्ट पैसा लेकर लगा दी जाती है।जिस से बीमा कंपनी को नुकसान हो रहा है। इस की शिकायत पर आई जी अमित पाठक ने एस आई टी टीम का गठन कर के जांच कराया।

जांच में दोषी पाएं जाने पर देवी पाटन मंडल के एक दर्जन उपनिरीक्षक एक निरीक्षक पर गाज गिराते हुए तीन के खिलाफ भी निलंबन की कारवाही करने को लिखा है। बहराइच जिले के हरदी थाना के उपनिरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने विवेचना के दौरान डंफर की घटना में मोटर साइकिल से होना दिखाया गया। राम गांव थाना के उपनिरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी ने कुत्ते से टकराने की घटना में मोटर साइकिल से घटना होनी का रिपोर्ट लगाया। बहराइच जिले के नवाब गंज थाना में तैनात उपनिरीक्षक अशोक कुमार जायसवाल ने वाहन चालक के स्थान पर दूसरे व्यक्ति को दिखाया गया। बहराइच जिले के मटेरा थाना में तैनात उपनिरीक्षक तेज नारायण यादव उपनिरीक्षक राकेश कुमार ने विवेचना के दौरान घटना करने वाले वाहन चालक के स्थान पर दूसरे वाहन चालक को दिखाया गया।

बहराइच के नान पार थाना के उपनिरीक्षक राजेश्वर सिंह ने वाहन चालक को घटना में शामिल न होना दिखाया गया। राम गांव थाना के उपनिरीक्षक ने भी दुघटना में शामिल वाहन चालक को बचा कर दूसरे को दिखाया गया। बहराइच जिले के मोती पुर थाना के उपनिरीक्षक विजय यादव ने दुर्घना में वाहन चालक को मुंबई दिखाया गया। उपनिरीक्षक मोती पुर थाना के दिवाकर तिवारी ने अपने विवेचना की रिपोर्ट में लाया कि वाहन चालक से घटना नहीं हुई है। बहराइच जिले के बौंडी थाना के उपनिरीक्षक मेहताब आलम ने विवेचना के दौरान अज्ञात ट्रैक्टर के स्थान पर दूसरे ट्रैक्टर को दिखाया गया।

गोंडा जिले के खरगू पुर थाना के शेष नारायण पांडेय ने विवेचना के दौरान बाइक के स्थान पर पिकअप गाड़ी का होना दिखाया गया। इटिया थोक थाने के उपनिरीक्षक शशांक मौर्य ने दुर्घटना में शामिल पिकअप के दौरान दूसरे पिकअप गाड़ी को दिखाया गया। श्रावस्ती जिले के इकौना थाना के उपनिरीक्षक शैलेश कुमार त्रिपाठी, प्रेमचंद्र ने दुर्घटना में गलत रिपोर्ट लाया। श्रावस्ती जिले के भिनगा थाना के निरीक्षक योगेश सिंह और उपनिरीक्षक गुरसेन सिंह ने दुर्घटना में गलत रिपोर्ट लाया था। एस आई टी टीम के जांच रिपोर्ट में विवेचना में फर्जी रिपोर्ट लगाने की रिपोर्ट आई जी अमित पाठक को दी थी। जिस पर निलंबित कर दिया गया।तीन उपनिरीक्षक को भी निलंबन की प्रकिया चल रही है।

# भारत के बाहर जन्मे नागरिक भी बन सकेंगे मतदाता

- भारत के बाहर जन्मे नागरिकों का मतदाता बनने का मौका, ऑफ लाइन फॉर्म से होगा पंजीकरण
- विदेश में जन्मे भारतीयों के लिए आसान हुई वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने की प्रक्रिया

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत भारत के बाहर जन्मे भारतीय नागरिकों के लिए मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया को और सरल बना दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब ऐसे भारतीय नागरिक, जिनका जन्म भारत के बाहर हुआ है, वे फॉर्म-6 अथवा फॉर्म-6 के माध्यम से ऑफलाइन आवेदन कर सकेंगे।

अब तक भारत के बाहर जन्म स्थान दर्ज करने की तकनीकी व्यवस्था न होने के कारण ऐसे नागरिक नए मतदाता के रूप में आवेदन नहीं कर पा रहे थे। इस समस्या के समाधान हेतु निर्वाचन आयोग ने ईआरओ नेट एवं बीएलओ ऐप के डेटा एंट्री मॉड्यूल में जन्म स्थान के रूप में 'Outside India' चुनने का विकल्प उपलब्ध करा दिया है। इसके साथ ही देश का नाम दर्ज करने हेतु टेक्स्ट बॉक्स भी सक्रिय कर दिया गया है।

निर्देशों के अनुसार भारत के बाहर जन्मे आवेदक भौतिक रूप से फॉर्म भरकर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा कर सकेंगे, जिसके बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त देवीपाटन मण्डल ने मण्डल के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इन दिशा-निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को अवगत कराएं तथा इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। साथ ही आमजन तक इसकी जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस निर्णय से विदेश में जन्मे भारतीय नागरिकों को मताधिकार से जोड़ने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक समावेशी बनेगी।

## खबरें एक नजर में

### सलारपुर में एसएसबी का 15 दिवसीय भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



मिहींपुरवा-बहराइच, समृद्धि न्यूज। 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल की ओर से वाइब्रेंट ग्राम सलारपुर में आयोजित 15 दिवसीय भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को सफल समापन हुआ। यह कार्यक्रम नागरिक कल्याण योजना के तहत आयोजित किया गया था, जिसमें सीमावर्ती क्षेत्र के 30 युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को सेना, अर्धसैनिक बलों एवं राज्य पुलिस बलों में भर्ती से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी देने के साथ-साथ शारीरिक दक्षता, अनुशासन और लिखित परीक्षा की तैयारी से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में ब्लॉक प्रमुख मिहींपुरवा अभिषेक सौरभ वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान और कौशल का सकारात्मक दिशा में उपयोग कर युवा अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले अतिथियों और स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आंगन में खेल रही बच्ची पर तेंदुए का हमला, मौत



बहराइच, समृद्धि न्यूज। तेंदुए ने एक मासूम बच्ची पर हमला कर जान ले ली। गुरुवार शाम बच्ची अपनी बहनों के साथ खेत की ओर गई थी। इसी दौरान घर के बाहर गन्ने के खेत से निकलकर तेंदुआ अचानक घर में घुस आया और बच्ची को मुंह में दबाकर ले गया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन लाठी-डंडा लेकर दौड़े, लेकिन तब तक तेंदुआ बच्ची को छोड़कर भाग गया। करीब 15 मिनट की तलाश के बाद मासूम बच्ची घर से लगभग 50 मीटर दूर सड़क किनारे गन्ने के खेत में मिली। परिजन उसे तुरंत उठाकर अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को शांत कराया और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज का है। ग्रामीण अमित साहनी ने बताया- शाम के समय हल्का अंधेरा हो रहा था। बच्ची आंगन में खेल रही थी, तभी तेंदुआ घर में घुस आया और उस पर हमला कर नहर की ओर भागने लगा। शोर मचाने पर तेंदुआ बच्ची को छोड़कर भाग गया। मासूम के गले और नाक पर गहरे घाव थे। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर पूर्व ग्राम प्रधान मटेही अचल राणा, रमपुरवा के प्रधान प्रतिनिधि विनोद, गजमित्र बड़े लाल, गजमित्र अशोक और गजमित्र संजय वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क अलर्ट किया और सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वन क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र श्रीवास्तव ने मृतक बच्ची के परिजनों को अंत्येष्टि हेतु 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है और घटना से संबंधित विधिक कार्रवाई शीघ्र पूरी कर ली जाएगी।

### संदिग्ध अवस्था में कमरे में मिला महिला का शव

गोंडा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बाबा पुरवा ठोरहस गांव के निवासी चंद्र प्रकाश पांडेय की 19 वर्षीय पुत्री रोशनी पांडेय का शव घर के कमरे में संदिग्ध अवस्था में मिली है। शव मिलने की सूचना कोतवाली देहात की पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। मृतका रोशनी के पिता चंद्र प्रकाश पांडेय ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उस की पुत्री रोशनी प्रेस कर रही थी तभी प्रेस में करंट उतर आने से करंट लग गया जिस से उस की मौत हो गई।मृतका रोशनी की शादी मनका पुर क्षेत्र में तय है।जिस की शादी अप्रैल में होनी थी। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए रोहित पांडेय और राहुल पांडेय को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछ ताछ कर रही है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव का पंचायत नामा कर के पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली घुसी बाइक की दुकान में, चार वाहन क्षतिग्रस्त



गोंडा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग स्थित एलबी एस चौराहे से बस स्टॉप के तरफ जाने वाली सड़क के किनारे स्थित एक बाइक की दुकान में शुक्रवार की देर शाम को लखनऊ की तरफ से आ रही सीमेंट लदी ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक अनियंत्रित हो कर घुस गई और दुकान के बाहर खड़ी चार बाइक को क्षतिग्रस्त करते हुए एक खंभे में टकरा गई। इस से एलबी एस चौराहे पर हड़कम मच गया। बड़ी घटना होने से बच गई।बाइक दुकान दार वजीर यादव ने बताया कि उस के दुकान में काम कर रहे राजमन खादिम श्याम लाल दुकान के बाहर बाइक बना रहे थे। तभी अचानक एक सीमेंट लदी ट्रैक्टर ट्रॉली घुस गई। जिस से चार बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। एल बी एस चौराहे पर होम गार्ड सिपाही सहित आदि लोग खड़े हुए थे जो बाल बाल बच गए। ट्रैक्टर ट्रॉली का चालक दारू के नशे में था। ट्रैक्टर ट्रॉली को लड़ाने के बाद उस को होश नहीं था। मौके पर मौजूद होम गार्ड के सिपाही स्थानीय चौकी रोड बेज को सूचना दिया जिस से मौके पर पहुंची पुलिस ट्रैक्टर ट्रॉली और चालक को नगर कोतवाली ले गई।इस घटना से एल बी एस चौराहे पर हड़कंप मच गया।

# हिंदू लड़कियों का बुर्का पहनकर डांस करना बना चर्चा का विषय

गोंडा, समृद्धि न्यूज।




जिले के केंद्रीय राज्य मंत्री के गृह क्षेत्र में मनकापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गुरु चरण श्री वास्तव ए.आर इंटर कॉलेज निर्मल नगर बल्ली पुर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र नहीं करता है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें 6 से अधिक हिंदू समाज की लड़कियां मुस्लिम समाज की ड्रेस बुर्का को पहन करके अलग-अ लग फिल्मी गानों पर डांस करके भूतों का नाट क कर रही है।

वही मुस्लिम समाज के लोगों द्वा रा सोशल मीडिया पर वायरल करके ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है तो वही हिंदू समाज के लोगों द्वारा भी इस सोशल मीडिया पर वायरल करके वि द्यालय प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है बताया जा रहा है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय में कई संस्कृत कार्यक्रम थे और इसी दौरान छः से अधिक हिंदू समाज की लड़कियों ने मुस्लिम समाज का बु र्का ड्रेस पहन करके डांस करके भूतों का नाट क भी किया है।वही वायरल हो रहे वीडियो वा यरल हो रहे हैं। जिसमें हिन्दू लड़कियां बुर्का पहन करके तेरे अंखिया का यो काजल गाने पर डांस कर रही है।

वही सोशल मीडिया पर ते जी से वीडियो वायरल होने के बाद प्रिंसिपल रा जू श्रीवास्तव ने लोगों से लिखित रूप में माफी मांगी है और मनकापुर कोतवाली में अपना लि खित माफी नाम भी दिया है, उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेरे विद्यालय के बच्चों द्वारा संस्कृत कार्यक्रम किया गया था जि समे भूतों की टोली मिक्स सॉन्ग प्रस्तुत किया गया था जिसको सभी विद्यालय के बच्चों ने ही की थी,वही इस प्रकार के दृश्य से किसी की भा वनाएं आहत हुई हूँ, विद्यालय परिवार की ओर से क्षमा प्रार्थी हूँ भविष्य में ऐसा कार्यक्रम नहीं होगा वही इस वायरल वीडियो के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर रामचंद्र ने भी जांच शुरू कर दी है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि एक वीडियो मेरे संज्ञान में आया है,जिसमें कुछ बच्चे बुर्का पहन करके डांस क रते हुए नजर आ रहे हैं फिलहाल वायरल वीडि यो की जांच कराई जा रही है जांच में जो भी निकल कर आएगा, उसके आधार पर मेरे द्वारा कार्रवाई की जाएगी सांस्कृतिक कार्यक्रम गण तंत्र दिवस के अवसर पर कराया गया था उसी दिन का वीडियो बताया जा रहा है हमने इस पू रे मामले में विद्यालय के प्रबंधक और वहां के प्रिंसिपल से भी जवाब मांगा है इसके साथ ही साथ मेरे द्वारा भी जांच की जा रही है।

### शहीदों की स्मृति में पुलिस लाइन व पुलिस कार्यालय में दो मिनट का मौन




गोण्डा, समृद्धि न्यूज। शुक्रवार को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की पुण्य स्मृति में रिजर्व पुलिस लाइन, गोण्डा में पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ 02 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी क्रम में पुलिस कार्यालय गोण्डा में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय द्वारा भी अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ 02 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को नमन किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा शहीदों के त्याग व बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

# कैसरगंज में विराट हिन्दू सम्मेलन व सहभोज का भव्य आयोजन

- पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब, बड़ी संख्या में लोगों की रही सहभागिता



कैसरगंज-बहराइच, समृद्धि न्यूज।

कैसरगंज क्षेत्र के बरखुरद्वारापुर स्थित एस.आर. मैरिज हॉल में गुरुवार को विराट हिन्दू सम्मेलन एवं सहभोज का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन हिन्दू सम्मेलन समिति, कैसरगंज द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सम्मेलन से पूर्व बरदुहराहारपुर क्षेत्र में हिन्दू एकता का संदेश देने हेतु पदयात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

आयोजन शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य वक्ता स्वामी रंजन (अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) रहे। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने हिन्दू समाज की एकता, आपसी प्रेम, सहयोग, सांस्कृतिक चेतना एवं स्वाभिमान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति संगठन, संस्कार और समन्वय में निहित है।

स्वामी रंजन ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्र और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए तथा अपनी सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाते हुए राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। उनका संबोधन उपस्थित जनसमूह के लिए प्रेरणास्रोत रहा। सम्मेलन के उपरांत सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने सहभागिता की।

# दुर्घटना केस में 'सेटिंग' का खुलासा मोतीपुर थाने के दो दरोगा निलंबित

मिहींपुरवा-बहराइच, समृद्धि न्यूज। वाहन दुर्घटना से जुड़े मामलों में न्याय को गुमराह करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दुर्घटना मामलों की विवेचना में गंभीर गड़बड़ी और कथित 'सेटिंग' के आरोपों पर पुलिस विभाग को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी है। आईसीआईसीआई लोमबार्ड बीमा कंपनी के अधिकारी राजेंद्र प्रताप सिंह की शिकायत पर पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र द्वारा कराई गई जांच में गलत और भ्रामक विवेचना किए जाने के ठोस तथ्य उजागर हुए हैं।शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कुछ विवेचक अनुचित लाभ की चाह में दुर्घटना में शामिल वास्तविक वाहन और वास्तविक अभियुक्त को बचाने के लिए सुनियोजित तरीके से दूसरे वाहन और अभियुक्त को केस में फंसाते रहे और उसी आधार पर त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट न्यायालय में भेजी जाती रही। इससे न सिर्फ न्यायिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंचा, बल्कि पीड़ित पक्षों के साथ भी बड़ा अन्याय हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक ने संबंधित जनपदों के पुलिस अधीक्षकों को विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर मामलों की दोबारा जांच कराने और दोषी विवेचकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में बहराइच के थाना मोतीपुर से जुड़े मामलों की एसआईटी जांच के बाद उपनिरीक्षक दिवाकर तिवारी और विजय कुमार यादव ने पुनः निष्पक्ष विवेचना करते हुए वास्तविक वाहन और वास्तविक अभियुक्त के खिलाफ संशोधित रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल की। जांच में सामने आया कि पूर्व विवेचकों ने जानबूझकर लापरवाही और गलत तथ्यों के आधार पर विवेचना की थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी विवेचकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही अन्य संदिग्ध विवेचकों के खिलाफ भी निलंबन और विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

# प्रसूता महिलाओं की सेवा करने वाली नर्सों के साथ अन्याय

- मोतीपुर सीएचसी में वेतन घोटाले की आशंका
- लेबर रूम की नर्सें बनीं सिस्टम की शिकार, पांच महीने से वेतन नहीं मिला

मिहींपुरवा-बहराइच, समृद्धि न्यूज।

स्वास्थ्य विभाग, जिसे महिलाओं और माताओं की सुरक्षा का सबसे बड़ा स्तंभ माना जाता है, वही विभाग आज अपनी ही महिला कर्मचारियों के शोषण का केंद्र बनता जा रहा है। बहराइच जिले के मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सामने आया मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह महिला श्रम शोषण और मानवाधिकार उल्लंघन की गंभीर तस्वीर भी पेश करता है। मोतीपुर सीएचसी के लेबर रूम में तैनात महिला स्टाफ नर्सों को पिछले 5 महीनों से वेतन नहीं दिया गया है, जबकि वे दिन-रात ड्यूटी कर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराती रही हैं। कड़ाके की ठंड, संसाधनों की कमी और मानसिक दबाव के बावजूद इन नर्सों ने कभी अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ा, लेकिन बदले में उन्हें भूख, कर्ज और मानसिक तनाव मिला। वेतन से वंचित स्टाफ नर्सों में शिल्पा, ज्योति, सुनीला, पूनम, सुमन, पोमी और प्रतिमा शामिल हैं।

इन महिलाओं का कहना है कि जब वे बार-बार अधिकारियों से वेतन की मांग करती हैं, तो उन्हें यह कहकर चुप करा दिया जाता है कि ÷सरकार के पास बजट नहीं है। सवाल यह है कि क्या महिला कर्मचारियों को बिना वेतन काम करने के लिए मजबूर करना ही अब सरकारी नीति बन चुकी है?

सबसे गंभीर पहलू यह है कि इसी मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीपी, एमबीएसवी और एमएच श्रेणी की स्टाफ नर्सों को वेतन मिल चुका है, जबकि केवल लेबर रूम की महिला नर्सों को जानबूझकर बाहर रखा गया। इससे यह मामला सिर्फ वेतन बकाया का नहीं, बल्कि भेदभाव और लैंगिक अन्याय का बन जाता है। मानवाधिकार जानकारों के अनुसार, किसी कर्मचारी से लगातार काम लेकर समय पर वेतन न देना संविधान के तहत शोषण की श्रेणी में आता है, और जब पीड़ित महिलाएं हों, तो यह मामला और भी संवेदनशील हो जाता है। लेबर रूम जैसी अत्यंत जिम्मेदार सेवा में कार्यरत महिलाओं के साथ ऐसा व्यवहार स्वास्थ्य व्यवस्था की अमानवीय सोच को दर्शाता है। इस पूरे मामले में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार से दूरभाष द्वारा संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। जिम्मेदार अधिकारी की यह चुप्पी कई सवाल खड़े करती है—क्या प्रशासन महिला कर्मचारियों की आवाज सुनने को तैयार नहीं है? यदि जल्द ही वेतन भुगतान नहीं किया गया, तो पीड़ित नर्सें महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग और शासन स्तर पर शिकायत दर्ज कराने की तैयारी में हैं। अब देखना यह है कि महिला सशक्तिकरण की बातें करने वाला सिस्टम, अपनी ही महिला कर्मियों के साथ हो रहे इस अन्याय पर कब जागता है।

# पयागपुर में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान प्रारंभ

- 13 फरवरी तक संचालित होगा जागरूकता अभियान

पयागपुर-बहराइच, समृद्धि न्यूज।




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को प्रतिवर्ष कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में आज से 13 फरवरी तक सीएमओ डॉ. संजय कुमार शर्मा के निर्देशन में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.शरद भारती ने बताया कि कुष्ठ रोग से जुड़े सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने तथा लोगों को इस रोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस वर्ष अभियान की थीम भेदभाव समाप्त कर, गरिमा सुनिश्चित करें रखी गई है। बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रमआज से 13 फरवरी तक क्षेत्र के सभी 87 राजस्व ग्रामों में स्वास्थ्य कर्मियों और ग्राम पंचायतों के सहयोग से मनाया जाएगाकुष्ठ रोग के उपचार हेतु ट्रेस,टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट की रणनीति अपनाई जाती है, जिससे रोगी की शीघ्र पहचान,जांच और इलाज सुनिश्चित हो सके। कुष्ठ रोग का इलाज मल्टी ड्रग ट्रीटमेंट के माध्यम से सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क उपलब्ध है। लक्षण दिखने पर आशा या एएनएम सीएचओ से संपर्क करें अथवा निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच व उपचार कराएं। उन्होंने कुष्ठ एक संक्रामक रोग है,जो माइकोबैक्टीरियम लेप्रे नामक जीवाणु के कारण होता है। यह त्वचा, नसों और मांसपेशियों को प्रभावित करता है।

समय पर इलाज न होने पर यह गंभीर विकृति और स्थायी दिव्यांगता का कारण बन सकता है। कुष्ठ रोगियों में पैरों के तलवों में छाले, मांसपेशियों की कमजोरी तथा वजन में कमी जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं।

कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षण के बारे में एनएमए अनिरुद्ध पाण्डेय ने विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। त्वचा पर रंगहीन, हल्के या गहरे रंग के धब्बे,त्वचा के दाग-धब्बों में संवेदनहीनता,हाथ या पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन,हाथ,पैर या पलकों में कमजोरी,नसों में दर्द,चेहरे या कान में सूजन/घाव, हाथ या पैरों में दर्द रहित घाव। इस दौरान डॉ प्रमोद तिवारी, डॉ पल्लवी सिंह,जुगल किशोर चौबे, चन्द्रेश्वर पाठक, पवन कुमार, मनीष द्विवेदी,रोहित मिश्रा,हिमांशु मिश्रा सहित स्वास्थ्य कर्मी व आशाएं उपस्थित रहे।

# हल्की बारिश में उजड़ा विकास का दावा, सादुल्ला नगर-धुसवा मार्ग बना कीचड़ युक्त तालाब



सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

सादुल्लानगर-धुसवा मार्ग की बदहाली किसी से छिपी नहीं है, लेकिन हल्की सी बारिश ने विकास के तमाम दावों की पोल खोलकर रख दी है। सादुल्ला नगर डाकघर के ठीक सामने सड़क पूरी तरह पानी और कीचड़ में डूबी नजर आ रही है। हालात इतने खराब हैं कि सड़क पर चलना तो दूर, लोगों का वहां से गुजरना भी जोखिम भरा हो गया है।

इसी मार्ग पर एक बालिका इंटर कॉलेज स्थित है, जहां रोजाना सैकड़ों छात्राओं को इसी दलदल से होकर स्कूल आना-जाना पड़ता है। टूटी हुई ईंटों और कीचड़ से भरी सड़क पर फिसलने का खतरा बना रहता है। बाइक सवार भी संभल-संभलकर चलने को मजबूर हैं। बाजार आने-जाने वाले लोग, बुजुर्ग, महिलाएं और छात्राएं सबसे अधिक परेशान हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग हर साल सड़क निर्माण के दावे करता है, लेकिन काम केवल कागजों तक ही सीमित रह जाता है। न तो नाली का निर्माण कराया गया और न ही सड़क को दुरुस्त किया गया। नतीजा यह है कि हल्की बारिश में ही पूरा इलाका तालाब में तब्दील हो जाता है। क्षेत्रवासियों राजेश कुमार, नसीम राईनी, अताउल्लाह, रवि कुमार, रजनीश कुमार, उस्मान, बरकत, कलीमुल्ला, तनवीर, पवन कुमार व मो. अहमद का कहना है कि जहां डाकघर जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय और बालिका इंटर कॉलेज जैसी शैक्षणिक संस्था मौजूद हों, वहां सड़क की यह स्थिति विकास पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।

वहीं अवधेश कुमार, रंजीत कुमार, केतार सिंह, रमेश कुमार और खालिद खान ने सड़क की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर संबंधित विभाग को पत्र लिखा जाएगा।

# बच्चों के हुनर व मेहनत का उत्सव बना टाइनी टाट्स का बाल मेला

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

नगर में स्थित टाइनी टाट्स इंटर कॉलेज प्रांगण में टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा टाइनी टाट्स इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल एवं आकर्षक बाल मेले का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। बाल मेले का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली, संरक्षक मोहम्मद मोईन तथा प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

बाल मेले में विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बच्चों द्वारा स्वयं लगाए गए स्टॉलों पर चाउमीन, मोमो, पिज़्ज़ा, बर्गर, गोलगप्पे, पाव भाजी, केक, बिस्किट, चिप्स, शरबत, जूस सहित अनेक प्रकार के स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए गए। वहीं मनोरंजन के लिए रिंग थ्रो, निशानेबाजी, लकी ड्रा, डार्ट गेम, गेंद फेंक प्रतियोगिता, फन गेम्स आदि का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले के



माध्यम से बच्चों ने खरीद-बिक्री की प्रक्रिया को समझते हुए व्यवहारिक ज्ञान अर्जित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, पाक कला प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

बाल मेले के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई, जिसमें नृत्य, गीत, नाटक एवं समूह नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने कहा कि बाल मेले का उद्देश्य बच्चों में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क और व्यवहारिक ज्ञान का विकास करना है। ऐसे आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा कि बाल मेला बच्चों के लिए सीखने का एक सशक्त माध्यम है, जहां वे पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल भी सीखते हैं। विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

बाल मेले में शिक्षकों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही और सभी ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।

# राष्ट्रपिता की पुण्य तिथि पर योगी ने बापू को किया नमन

- जीपीओ पार्क में गांधी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- आमजन से बापू के आदर्शों को अपनाने का किया आह्वान



**गांधी जी ने संदेश दिया, बिना हिंसा भी परिवर्तन संभव : केशव**



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नही बल्कि एक विचार, एक दर्शन और भारत की आत्मा थे। सत्य, अहिंसा, त्याग और सेवा के जिन मूल्यों पर उन्होंने अपने जीवन का निर्माण किया, वही मूल्य आज भी हमारे राष्ट्र के पथप्रदर्शक हैं। महात्मा गांधी ने अपने तप, संघर्ष और आत्मबल से न केवल भारत को स्वतंत्रता दिलाई बल्कि पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि बिना हिंसा के भी बड़े से बड़ा परिवर्तन संभव है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सत्य के मार्ग पर चलकर ही स्थायी शांति और न्याय की स्थापना की जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'स्वच्छ भारत', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है, जो कहीं न कहीं गांधी जी के विचारों का ही आधुनिक स्वरूप है। प्रदेशवासियों से आह्वान करता हूँ कि हम सब उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक सशक्त, समरस और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान दें।

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीपीओ पार्क में गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धा व सम्मान के वातावरण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बापू को नमन किया। इसके बाद कुछ क्षण मौन रहकर उन्होंने राष्ट्रपिता को स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर भी बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आमजन से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

श्रद्धांजलि समारोह के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा महात्मा गांधी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी गई। 'रघुपति राघव राजाराम' सहित अन्य भजनों की मधुर धुनों से जीपीओ पार्क गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एकाग्रता के साथ लगभग 15 मिनट तक बैठकर भजनों को सुना। इस दौरान उन्होंने न केवल बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की, बल्कि गांधी प्रतिमा के समक्ष सभी स्कूली बच्चों के साथ फोटो भी खिंचाई। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर बापू को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन। श्रद्धेय बापू का सत्यनिष्ठ आचरण, अहिंसा की उनकी अडिग साधना और मानवता के प्रति अनन्य करुणा, संपूर्ण विश्व को सदैव आलोकित करती रहेगी। आइए, बापू के आदर्शों को आत्मसात कर समृद्ध, न्यायपूर्ण और विकसित भारत के निर्माण में अपना श्रेष्ठ योगदान दें।श्कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, जय देवी, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्रपिता के चित्र व प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# वाराणसी जंक्शन पर नए अत्याधुनिक सीसीटीवी कंट्रोल रूम का लोकार्पण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ। वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन पर उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में रेलवे सुरक्षा बल की महिला सिपाही शमिका द्वारा नए अत्याधुनिक सीसीटीवी कंट्रोल रूम का लोकार्पण किया गया।

नए सीसीटीवी कंट्रोल रूम में अब 55 इंच की 12 बड़ी स्क्रीन स्थापित की गई हैं, जबकि पूर्व में 43 इंच की 9 स्क्रीन कार्यरत थीं। इसके साथ ही अब कुल 186 कैमरों की लाइव फीडिंग प्राप्त हो रही है, जिनमें 41 पीटीज़ेड, 138 बुलेट तथा 7 डोम कैमरे शामिल हैं। पहले कुल 122 कैमरों की फीड उपलब्ध थी, जिनमें 28 पीटीज़ेड, 101 बुलेट एवं 7 डोम कैमरे थे।कैमरों की संख्या एवं स्क्रीन क्षमता बढ़ने से अब स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों के अंतिम छोर तक तथा यार्ड क्षेत्र की भी प्रभावी निगरानी संभव हो गई है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हुई है। पूर्व में सीसीटीवी कैमरे एनवीआर आधारित प्रणाली पर संचालित थे, जिन्हें अब सर्वर आधारित सिस्टम से जोड़ा गया है। इससे कैमरों का प्रबंधन अधिक सुगम हो गया है तथा किसी भी तकनीकी खराबी (फेल्योर) को तुरंत अटेंड किया जा सकता है। साथ ही रिकॉर्डिंग का ऑटो बैकअप सुरक्षित हो जाता है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर आसानी से रिकवर किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, लखनऊ शूरवीर सिंह चौहान, अपर मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी बृजेश कुमार यादव, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता अमित कुमार मनी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव, स्टेशन निदेशक/ वाराणसी अर्पित गुप्ता तथा सहायक सुरक्षा आयुक्त/ आरपीएफ बीपी. सिंह सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नए सीसीटीवी कंट्रोल रूम के लोकार्पण से वाराणसी जंक्शन पर यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

## खबरें एक नजर में

### कैफे में ग्राहक को कलछुल-फ्राईदान से पीटा, पुलिस ने 10 को उठाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हजरतगंज के एक कैफे में ग्राहक को कैफे के कर्मियों ने जमकर पीटा। किसी बात पर बहस हो गई तो छन्नी-कलछुल-फ्राईदान-भगोने से जमकर पीटना शुरू कर दिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। कैफे के अंदर एक युवक को कई लोग मिलकर हाथ-पैर और बर्तनों से मार रहे हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस ने 10 युवकों को हिरासत में ले लिया है। मामला ग्लोब कैफे का गुरुवार रात का है। वीडियो में दिख रहा है कि कैफे के अंदर अचानक हुई इस मारपीट से अफरा-तफरी मच गई और वहां मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। यह पूरी घटना बाहर से किसी ने रिकॉर्ड कर ली। मामले को संज्ञान में लेते हुए हजरतगंज थाना पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई है। अब तक 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि हजरतगंज जैसे वीवीआईपी और पॉश इलाके में देर रात तक कैफे खुले रहने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा है। ग्लोब कैफे में इससे पहले भी मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस की चेतावनी और हिदायत के बावजूद कैफे संचालक नियमों को ताक पर रखकर दुकान खोलते हैं। इसके अलावा कैफे के बाहर सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है, जिससे राहगीर परेशान होते हैं।

### पुलिस बूथ के पास पांच कारों की बैटरियां चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पारा थाना क्षेत्र के भपटामऊ गांव में चोरों ने बीती रात पांच कारों की बैटरियां चोरी कर लीं। यह घटना घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों से सुबह करीब 4 बजे हुई। चोरी की पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पीड़ित तारिख खान ने पारा थाना में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास खुले मैदान में रोजाना की तरह 6 से 7 गाड़ियां खड़ी थीं। चोरों ने योजनाबद्ध तरीके से एक के बाद एक गाड़ियों से बैटरियां निकाल लीं। सीसीटीवी फुटेज में वारदात को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई एक सैंट्रो कार साफदिखाई दे रही है। पीड़ितों के पास फुटेज और तस्वीरें मौजूद हैं। जिन गाड़ियों से बैटरियां चोरी हुई हैं, उनमें तारिख खान, मुनीर खान, मोहम्मद शारिक, करीम खान और नफीस शामिल हैं। चोरी की लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बुद्धेश्वर चौकी प्रभारी की गश्त केवल कागजों और सोशल मीडिया तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर पुलिस की मौजूदगी न के बराबर है। हैरानी की बात यह है कि चोरी की यह वारदात बुद्धेश्वर पुलिस बूथ से कुछ ही दूरी पर हुई। इसके बावजूद चोर बेखौफहोकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित गश्त न होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा चोर, तमंचा-कारतूस बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कृष्णानगर थाना क्षेत्र में जनता के सहयोग से एक शातिर चोर विपिन कुमार उर्फकम्पू को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए गए हैं। यह गिरफ्तारी बीती रात 2.30 बजे से 3.30 बजे के बीच स्काई हिल्टन के गेट नंबर-2 के पास हुई। राजेश कुमार निवासी जे.बी. गार्डन, थाना पारा, लखनऊ की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत कृष्णानगर थाने में मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त विपिन कुमार उर्फकम्पू , अंबेडकरनगर, थाना पलिया, जिला लखीमपुर खीरी का निवासी है। पुलिस के अनुसार, वह चोरी का एक अभ्यस्त और आदतन अपराधी है, जिसने लखीमपुर खीरी जनपद के विभिन्न थानों में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। उसके खिलाफ शाहजहांपुर, पीलीभीत और लखीमपुर खीरी जिलों के विभिन्न थानों में कुल 23 मामले दर्ज हैं। पुलिस उससे पूछताछ कर उसके अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### नगर प्रतिकर भत्ता बहाली को लेकर प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय तथा कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा के नेतृत्व में नगर प्रतिकर भत्ते को लेकर जवाहर भवन परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय तथा कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि कोरोना काल में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिलने वाला नगर प्रतिकर भत्ता स्थगित कर दिया गया था जिसे अभी तक बहाल नहीं किया गया है जिससे कर्मचारियों में काफी आक्रोश है महासंघ द्वारा लगातार माव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग की जा रही है कि सरकार को वर्तमान में आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है जिसमें सभी कर्मियों की अहम भूमिका रही है तथा अब सरकार को नगर प्रतिकर भत्ता देने में बिल्कुल भी कोई कठिनाई नहीं है। श्री पाण्डेय तथा श्री बच्चा ने माव मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गुहार लगाई है कि कोरोना कल में स्थगित किया गया नगर प्रतिकर भत्ता बहाल हो। आज के प्रदर्शन में उमंग निगम, आकिल सईद बबलू, वशिष्ट तिवारी, संजीव त्रिपाठी, विजय अवस्थी, रफीक खान, मांगेराम शर्मा, सर्वेश मिश्रा, प्रियांशु, शफीकुर्रहमान अंसारी, दिनेश कुमार सिंह, संजय यादव, मोव आरिफसत्यदेव एवं दर्जनों कर्मचारी शामिल रहे।

# तकनीकी खराबी के चलते लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**विमान में 275 यात्री थे सवार**

राजधानी के लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई। इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी।

हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया।

करीब 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। यह विमान सऊदिया अरबिया एयरलाइंस का था। फ्लाइट नंबर एसवी-891 जेद्दा जा रही थी। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट और 6 क्रू मेंबर सवार हैं। जानकारी के मुताबिक, विमान का तय समय दोपहर 12.05 बजे था, लेकिन यह 12:23 बजे उड़ान भर सका। दोपहर करीब 1.45 बजे विमान को बीच रास्ते से वापस लाना पड़ा। फिलहाल विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर खड़ा है। खबर लिखे जाने तक यात्रियों को विमान से उतारा नहीं गया था। तकनीकी खराबी दूर करने के लिए इंजीनियरों की टीम काम कर रही थी। विमान में केबिन प्रेशर आर्टीफिशियल एयर प्रेशर हैं, जिसे हवाई जहाज के अंदर बनाए रखा जाता है। इससे जब विमान 30,000 से 40,000 फीट की ऊंचाई पर होता है, तब भी लोगों को सांस लेने में दिक्कत नहीं होती। केबिन प्रेशर उस ऊंचाई में भी 6,000-8,000 फीट की ऊंचाई के बराबर वाला एयर प्रेशर बनाकर रखता है। इससे यात्री आसानी से सांस लेते रहते हैं।

15 जुलाई, 2025 को सऊदिया अरबिया एयरलाइंस के ही विमान में लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान खराबी आ गई थी। पहियों के पास से चिंगारी निकलने लगी थी। फ्लाइट एसवी-3112 की लैंडिंग के दौरान पहिए से चिंगारी और धुआं निकलने लगा। पायलट ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए विमान को रोक दिया। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना दी। इस दौरान विमान में 242 हजयात्री बैठे हुए थे। सूत्रों ने बताया कि विमान की लैंडिंग के समय पायलट ने उसके पहिये खोलकर विमान को रनवे पर उतारा, तभी उसके बाएं तरफ के पहिए में खराबी आ गई। यह खराबी हाइड्रोलिक सिस्टम में अचानक लीकेज होने की वजह से बताई जा रही है। इसी से तेज धुएं के साथ चिनगारी उठने से वहां हड़कंप जैसी स्थिति बन गई। अगर यह खराबी विमान के टेक ऑफ के समय हो जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# बीजेपी चाहती थी यूजीसी नियमों पर रोक लगे : स्वामी प्रसाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा जिस कानून को एससी, एसटी और ओबीसी के हित में बताया गया, उसी कानून के समर्थन में सरकार सुप्रीम कोर्ट में मजबूती से खड़ी क्यों नहीं दिखी। अगर सरकार की नीयत साफ थी तो अदालत में मजबूत पैरवी क्यों नहीं की गई।

उन्होंने सवाल उठाया कि कानून सही था तो उसके पक्ष में वरिष्ठ वकीलों को क्यों नहीं उतारा गया। मौर्य ने शुक्रवार को अपने आवास पर पीसी कर भाजपा सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना की। सरकार ने जानबूझकर कमजोर पैरवी कराई, ताकि कानून पर रोक लग जाए। सरकार दोनों पक्षों से खुद को सुरक्षित रख सके। मौर्य ने इसे भाजपा की दोहरी नीति बताया। विश्वविद्यालयों में हो रही भर्तियों का जिक्र करते हुए कहा कि जब 90 से 95 प्रतिशत भर्तियां जनरल वर्ग की हो रही हैं, तो सामाजिक न्याय की बात कैसे की जा सकती है। भाजपा की नीति 'सांप भी मर जाए, लाठी भी न टूटे' वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एससी, एसटी, ओबीसी और सर्वसमाज को आमने-सामने खड़ा कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है।

# भाजपाई व उनके संगी-साथी याद रखें, साजिश से बड़ी सच्चाई होती है : अखिलेश यादव

- क्या भेदकारी भाजपा के पास कोई ऐसा बुलडोजर भी है, जो लोगों के टूटे घर बना दे और उस पर मान-सम्मान का छप्पर फिर से लगा दे



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयोध्या की एक विशेष अदालत द्वारा सामूहिक दुष्कर्म मामले में सपा नेता मोईद खान को बरी किए जाने के फैसले के एक दिन बाद शुक्रवार को कहा कि भाजपाई और उनके संगी-साथी याद रखें, साजिश से बड़ी सच्चाई होती है।

अयोध्या की विशेष पॉक्सो अदालत ने 2024 में 12 वर्षीय एक लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के एक चर्चित मामले में बृहस्पतिवार को सपा नेता मोईद खान को बरी कर दिया, जबकि उसके नौकर को 20 साल कारावास की सजा सुनाई। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मामले से जुड़ी बुलडोजर कार्रवाई की खबरें एक्स पर साझा करते हुए एक पोस्ट में सवाल किया, क्या भेदकारी भाजपा के पास कोई ऐसा बुलडोजर भी है, जो लोगों के टूटे घर बना दे और उस पर मान-सम्मान का छप्पर फिर से लगा दे?

श्री यादव ने कहा, अपने ऊपर लगे मुकदमे तो सत्ताधीश हटवा सकते हैं, लेकिन जो पाप उन्होंने किए हैं, उनके मुकदमे ऊपरवाले की अदालत में लिखे जा रहे हैं। उससे वे कैसे बचेंगे? इतना अन्याय और पाप करके कोई सो कैसे सकता है?

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, नाइंसाफी भाजपा सरकार की पहचान बन गई है। एकतरफा पक्षपातपूर्ण रवैया स्वयं में एक गुनाह होता है सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा राज में बुलडोजर नकारात्मक और विध्वंसकारी सोच का प्रतीक बन गया है।

भाजपा की सियासत जिस तरह नाइंसाफी कर रही है, अब उसकी हार सामने है। भाजपाई अन्याय हारेगा। उन्होंने कहा, भाजपाई और उनके संगी-साथी याद रखें साजिश से बड़ी सच्चाई होती है। नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद अयोध्या प्रशासन ने मोईद खान की बेकरी और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर चलाया था। उस समय इस कार्रवाई को त्वरित न्याय के रूप में देखा गया था।

**महापौर ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र**

# कर निरीक्षक निजी व्यक्तियों से करा रहे उगाही

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार और जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह को एक पत्र जारी किया है। प्रॉपर्टी टैक्स और जलकर वसूली में सामने आ रही अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

महापौर ने पत्र में नाराजगी जताते हुए कहा कि विभिन्न जोनों में कर निरीक्षक खुद फील्ड में नहीं जा रहे, बल्कि निजी व्यक्तियों के माध्यम से काम करा रहे हैं। निजी व्यक्तियों द्वारा भवन मालिकों से अभद्र व्यवहार, अवैध उगाही और भय का माहौल बनाए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। सदन की हाल में हुई बैठक में भी इस मुद्दे पर सख्त निर्देश दिए गए थे कि हर कर निरीक्षक फोटोयुक्त पहचान-पत्र लगाकर खुद वार्डों में जाएं और नियमानुसार कर वसूलें। महापौर ने चेतावनी दी कि यदि किसी वार्ड में निजी व्यक्ति द्वारा वसूली या निरीक्षण का काम पाया गया, तो संबंधित कर निरीक्षक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बावजूद इसके 29 जनवरी 2026 को जनता दर्शन, जन सुनवाई में फिर ऐसी शिकायतें सामने आई। इससे साफ है कि निर्देशों का पालन नहीं हो रहा। पत्र में एक और गंभीर आरोप का जिक्र है कि कुछ कर निरीक्षक भवनों का नियम विरुद्ध अधिक मूल्यांकन कर रहे हैं। फिर उसी बढ़े मूल्यांकन को कम कराने के नाम पर निजी व्यक्तियों के जरिए भवन मालिकों से अवैध रकम वसूल की जा रही है। इससे लोग आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। नगर निगम की छवि खराब हो रही है। महापौर ने कहा कि जलकल विभाग में भी एक मामला सामने आया, जहां एक कर्मचारी ने जलकर का बिल अनावश्यक रूप से बढ़ाकर भेजा। उसे कम करने के नाम पर हजारों रुपए की अवैध मांग की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने निर्देश दिए हैं कि गृहकर और जलकर वसूली से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी हमेशा फोटोयुक्त पहचान-पत्र के साथ फील्ड में जाएं। बिना आईडी के किसी भी व्यक्ति द्वारा ऐसा कार्य पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई शिकायत मिली या बिना पहचान-पत्र वाला व्यक्ति काम करते पाया गया, तो संबंधित जोनल अधिकारी या अभियंता के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। मेयर ने कहा कि नगर निगम प्रशासन में भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# ओवरहेड टैंकों की सफाई से प्रभावित होगी जलापूर्ति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



जलकल विभाग, जोन-5 के अंतर्गत आने वाले ओवरहेड टैंकों की निर्धारित सफाई प्रक्रिया के कारण संबंधित क्षेत्रों में अस्थायी रूप से जलापूर्ति प्रभावित रहने वाली है। विभाग द्वारा जारी आवश्यक सूचना के अनुसार यह सफाई कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा, ताकि भविष्य में नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

चंदर नगर ओवरहेड टैंक (क्षमता 2500 किलोलीटर) की सफाई 31 जनवरी 2026, शनिवार की शाम को की जाएगी। इस टैंक से जलापूर्ति प्राप्त करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में चन्दर नगर, ओमनगर, जयप्रकाशनगर (आंशिक) रामनगर, अमरुदहीबाग, भिलावां, शक्तिनगर, कुरियाना, अर्जुननगर, पूरननगर (आंशिक), ऋषिनगर (आंशिक), पुराना सरदारीखेड़ा आदि शामिल हैं।इसी प्रकार आजादनगर ओवरहेड टैंक (क्षमता 1700 किलोलीटर) की सफाई 02 फरवरी 2026, सोमवार शाम को निर्धारित की गई है। इससे जुड़े क्षेत्रों में मधुवन नगर, जयप्रकाशनगर (आंशिक), साकेतपुरी, आजादनगर, विशेश्वर नगर आदि क्षेत्र सम्मिलित हैं।

जलकल विभाग ने स्पष्ट किया है कि सफाई कार्य के दौरान संबंधित क्षेत्रों में संभावित रूप से जलापूर्ति बाधित रहेगी। ऐसे में स्थानीय नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे आवश्यकतानुसार पूर्व से ही पेयजल का संग्रह कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।विभाग ने यह भी बताया कि सफाई कार्य पूर्ण होने के पश्चात अगले दिन प्रातःकाल से जलापूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

### विंटेज स्कूटर व मोटरसाइकिल रैली में प्रतिभागी हुए सम्मानित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रगतिशील आदर्श व्यापार मंडल एवं विंटेज ऑन रोड एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 26 जनवरी के अवसर पर एक भव्य विंटेज स्कूटर एवं मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली केशव नगर से प्रारंभ होकर ऐतिहासिक बड़ा इमामबाड़ा (रूमी गेट) पर सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान पुराने और दुर्लभ मॉडलों की मोटरसाइकिलों एवं स्कूटर्स ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। रैली में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

**तत्परता** | **विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुटी भाजपा**

# विधायकों की परफॉर्मेंस पर होगा दूसरा चरण का सर्वे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी विधायकों और संभावित प्रत्याशियों की जमीनी परफॉर्मेंस और मणिकर्णिका घाट, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और यूजीसी बिल के बाद जनता में पनपे असंतोष का आकलन करने के लिए दूसरे चरण का सर्वे जल्द शुरू करने जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, यह नया सर्वे फरवरी के दूसरे-तीसरे सप्ताह से शुरू होगा। खास बात यह है कि दूसरे चरण का सर्वे पहले से अलग एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा, जबकि पहले चरण की सर्वे रिपोर्ट पहले ही पार्टी नेतृत्व के पास मौजूद है। दोनों एजेंसियों की रिपोर्ट का आपस में मिलान कर निष्कर्ष निकाले जाएंगे, ताकि किसी भी तरह के पक्षपात की गुंजाइश न रहे। इसी उद्देश्य से भाजपा ने दोहरा सर्वे मॉडल अपनाया है। भाजपा इस सर्वे के तहत प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों का आकलन कराएगी। इसके साथ ही सहयोगी दलों की सीटें भी सर्वे में शामिल होंगी।

रालोद, सुभासपा, अपना दल (एस) और निषाद पार्टी के प्रभाव वाली विधानसभा सीटों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। सर्वे के दौरान केवल विधायकों तक सीमित न रहकर जिलों में छोटे स्तर के पदाधिकारियों से भी फीडबैक लिया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं से बातचीत, सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता से संवाद और विभिन्न वर्गों से रायशुमारी की जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, सर्वे में विधायकों और संभावित उम्मीदवारों की छवि, जनसंपर्क, कार्यशैली और लोकप्रियता का विस्तृत आकलन किया जाएगा।

युवा, महिलाएं, व्यापारी, डॉक्टर और शिक्षक जैसे प्रमुख वर्गों से फीडबैक लेकर संगठन और चुनावी रणनीति को और धार देने की तैयारी है। भाजपा नेतृत्व इस सर्वे के जरिए जमीनी हकीकत समझकर समय रहते जरूरी बदलाव करने के मूड में है, ताकि 2027 के चुनाव में पार्टी को मजबूत स्थिति में रखा जा सके। सूत्रों की मानें तो 400 से ज्यादा सर्वे एजेंट विधानसभा चुनावों के लिए काम करेंगे। सर्वे एजेंट में दिल्ली यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस के छात्र, आईआईएम लखनऊ और आईआईटी कानपुर के छात्र शामिल हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने बताया कि प्रोफेशनल्स के जरिए सर्वे कराने से उम्मीदवार, इलाके, सामाजिक समीकरण, अंदरूनी विरोध और दूसरे मामलों से जुड़े मुद्दों की गहराई को समझने में मदद मिलती है।

# नगर आयुक्त ने जोन ऑफिस का किया निरीक्षण, गैर हाजिर कर्मचारियों का वेतन काटने का आदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार को जोन-5 ऑफिस का औचक निरीक्षण किया। सुबह 11 बजे तक कई कर्मचारी ऑफिस में उपस्थित नहीं थे। इस गंभीर लापरवाही पर नगर आयुक्त ने खुद अटेंडेंस रजिस्टर की जांच की और अनुपस्थित कर्मचारियों के नाम के सामने एब्सेंट दर्ज किया। साथ ही, एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए।

निरीक्षण के दौरान ऑफिस भवन की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। कई जगहों पर दीवारें जर्जर हो चुकी थीं, प्लास्टर उखड़ रहा था और रख-रखाव की स्थिति कमजोर नजर आई। नगर आयुक्त ने इन खामियों को गंभीरता से लेते हुए जोनल अधिकारी को तुरंत मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने कहा कार्यालय परिसर में जर्जर दीवारों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए, ताकि कर्मचारियों और आने-जाने वाले नागरिकों को सुरक्षित व बेहतर वातावरण मिल सके। साथ ही, कार्यालय की स्वच्छता, रख-रखाव और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके बाद नगर आयुक्त ने जोन-5 की टैक्स वसूली व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में संपत्ति कर (हाउस टैक्स) की वसूली प्रगति, बकाया राशि और लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि की विस्तृत जानकारी ली गई। म्यूटेशन (नामांतरण) से जुड़ी लंबित फाइलों की पेंडेंसी पर भी चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का जल्द निस्तारण किया जाए और अनावश्यक देरी बिल्कुल न बर्दाश्त की जाए। गौरव कुमार ने टैक्स वसूली को नगर निगम की आर्थिक मजबूती से जोड़ते हुए कहा राजस्व वृद्धि शहर के विकास कार्यों के लिए बेहद जरूरी है।

## खबरें एक नजर में

### शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन



**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह सहित एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एडीएम वित अरविंद कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार एवं कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मनबढ़ अनुसूचित जाति के परिवार की सवर्ण के खेत पर नियति खराब, तार बाड़ उखाड़कर कर फेंकी

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।** कस्बे की गीता वैश्य पत्नी सतीश कुमार वैश्य ने कस्बे के ही अनुसूचित जाति के सूबेदार,इनकी पत्नी,पुत्रों सहित परिवार के पांच नामजद और दो अज्ञात के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट की धमकी देकर कृषि भूमि पर अवैध कब्जा करने के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता गीता वैश्य ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 0,450 हेक्टेयर कृषि भूमि मिर्जापुर ब्लॉक से नरौरा रोड के किनारे स्थित है। बीती सात जनवरी को राजस्व टीम ने पुलिस की उपस्थिति में उसकी कृषि भूमि की पैमाइश करके आराजी के चारों ओर खंभे लगवाकर तार बाड़ से सुरक्षित करवा दिया था। पीड़िता गीता का कहना है कि कस्बे के ही अनुसूचित जाति के सूबेदार पुत्र टोड़ी ने उसकी कृषि भूमि पर अवैध कब्जा करने की नियत से अपनी पत्नी व पुत्रों संतराम,सुभाष,पुत्रवधू नाम नामालूम पत्नी संतराम व दो अज्ञात लोगों ने तार बाड़ के खंभे व तार उखाड़ कर फेंक दिए। जानकारी होने पर बीती आठ जनवरी को सुबह करीब नौ बजे उसके पति सतीश कुमार वैश्य खेत पर गए और तार बाड़ उखाड़कर फेंक दिए जाने की पूछताछ करने लगे। आरोप है कि तभी उक्त अनुसूचित जाति के लोगों ने उसके पति सतीश कुमार वैश्य को चारों ओर से बंधक बनाकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि इसबार छोड़े दे रहे है,यदि दुबारा खेत की तरफ दिखाई दे गए तो तुम्हें मार मारकर भूत बना देंगे और उल्टा पूरे परिवार के विरुद्ध हरिजन एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करवा देंगे। अनुसूचित जाति के लोगों की इस धमकी से गीता वैश्य का परिवार बेहद भयभीत है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाकर अनुसूचित जाति के लोगों से सुरक्षा की गुहार की है।

### जहां पर प्रस्ताव, वहां नहीं बनवा रहे प्रधान अन्नपूर्णा गोदाम

**पुवायां,शाहजहांपुर।** तहसील पुवायां की ग्राम पंचायत मरौरी जप्ती निवासी रामेश्वर दयाल ने डीएम को दिए गए पत्र में बताया कि वह गांव के कोटेदार हैं। बताया ग्राम पंचायत मरौरी जप्ती में अन्नपूर्णा गोदाम के लिए लेखपाल और एसडीएम के साथ पूर्ति निरीक्षक और ग्राम वासियों के प्रस्ताव स्वीकृत कर गाटा संख्या 198 का चयन किया गया था। जोकि प्रस्तावित है। परन्तु राजनीतिक द्वेष भावनावश प्रधान ने उक्त प्रस्ताव को ना मंजूर करके गलत तरीके से एक नयी जगह खुदान करके अन्नपूर्णा गोदाम बनवा रहे हैं, जबकि उसका कोई प्रस्ताव नहीं है। आरोप है कि जहां पर गोदाम बनवाई जा रही है वहां पर न कोई ट्रक, ट्राली यानी बड़ा वाहन नही जा सकता है। बताया जबकि गोदाम ग्राम पंचायत गुलौली में बनवाना चाह रहे है। जबकि वहां का कोई प्रस्ताव नही है। जिसकी दूरी गांव से लगभग तीन किमी हैं। जिससे राशन वितरण करने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। ग्राम वासियों को भी परेशानी का सामना करना होगा। सबसे खासबात तो यह है कि प्रधान के द्वारा लेखपाल के प्रस्ताव को भी नही माना जा रहा हैं। जबकि लेखपाल ने 21 अगस्त को मरौरी जप्ती में गाटा संख्या 198 को चिन्हित किया था। ग्रामीणों ने मांग की उक्त भवन को मरौरी जप्ती में बनवाया जाए, जिससे गांव के लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### आरएसएस और भाजपा के लोग नाथूराम गोडसे की पूजा करते है



**शाहजहांपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एक विचार गोष्ठी आयोजित कर बापू को उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि बापू की कमी इस देश में महसूस होती है, बापू की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे को आरएसएस और भाजपा के लोग नाथूराम गोडसे की पूजा करते है। जबकि गांधी जी के विचारों और उनके नाम की हत्या करने की साजिश करते रहते है इसका जीता जागता उदाहरण मनरेगा का नाम बदलना है। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा कि गांधी जी की बदौलत ही आज हम आज़ाद भारत में सांस ले रहे है,यदि गांधी जी ने स्वतंत्र भारत का सपना न देखा होता तो आज भी भारत अंग्रेजो के चंगुल में कैद होता लेकिन कांग्रेस पार्टी इनके नापाक मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी। बिंदेश्वरी राज, स्वर्णिका, अरुणोद मिश्रा, फुरकान अहमद कुरैशी, सुशील प्रकाश शर्मा, संजय सक्सेना,महेंद्र कुमार त्रिपाठी, इक़बाल अंसारी,मुतकीम,सय्यद रहमान,पार्षद रामखेलावन मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ढाई घाट मेले का सीडीओ ने किया निरीक्षण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा-स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को दी जाए प्राथमिकताः सीडीओ,




**शाहजहांपुर।** सीडीओ डा. अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने ढाई घाट मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेले में स्थापित सीसीटीवी कैमरों एवं कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, स्वास्थ्य शिविर, मोबाइल शौचालय, एम्बुलेंस व्यवस्था, फायर एक्सटेंग्विशर तथा फायर ब्रिगेड वाहन का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय अधिकारियों ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। विशेष रूप से स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वर्तमान में कार्यरत 40 सफाई कर्मियों के साथ 20 अतिरिक्त सफाई कर्मियों को तैनात करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। सीडीओ ने कहा कि मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान सीडीओ ने मां गंगा का आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान डीडीओ ऋषि पाल सहित मेला कमेटी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लिंक ज्वॉइन न करने वाले अफसरों पर होगी कड़ी कार्रवाईः जिलाधिकारी

▶ जनता दर्शन में फरियादियों को त्वरित न्याय के लिए डीएम की पहल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री एवं शासन के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं की सुनवाई के लिए, सुबह 10 से 12 बजे तक अधिकारियों द्वारा समस्याओं का निस्तारण किया जाए, लेकिन कही कही अधिकारियों द्वारा न बैठकर शासनादेश की अवहेलना की जा रही थी। जिस पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने संज्ञान लेते हुए प्रभावी कदम उठाया है। डीएम ने बताया कि सभी कार्यदिवसों में सुबह 9.45 बजे पर एक गूगल मीट लिंक के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी जिलास्तरीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पलिका परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा उक्त लिंक के माध्यम से सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर वीडियो कॉफ्रेंसिंग को ज्वाइन करेंगे। साथ ही साथ अपने शासकीय कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। इससे उनकी उपस्थिति सुनिश्चित होगी तथा जनता दर्शन के दौरान आने वाले शिकायतकर्ताओं की सुनवाई के दौरान तत्काल प्रकरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए जा सकेंगे तथा उनका यथासमय निराकरण सुनिश्चित कराया जा सकेगा। बता दें कि जिस भी अधिकारी द्वारा उक्त लिंक को ज्वाइन नहीं किया जाएगा, अनुपस्थित मानते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### वाहनों की नई सिरीज यूपी27बीएक्स आज से होगी शुरूः एआरटीओ

**शाहजहांपुर।** निजी वाहनों के पंजीयन के लिए जनपद में वर्तमान में चल रही सिरीज UP27BW, 30 जनवरी शुक्रवार को समाप्त हो गई है एवं नई सिरीज UP27BX प्रारम्भ की जाएगी है। एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने बताया कि निजी वाहन सिरीज UP27BX को आज शनिवार को सुबह 10 बजे प्रारम्भ की जाएगी। साथ ही उक्त सिरीज के महत्वपूर्ण व अति महत्वपूर्ण नम्बरों की ऑन लाइन बुकिंग के लिए इस सिरीज को ही सम्बन्धित वेब पोर्टल पर अपलोड किए जाने का निर्देश दिया गया है। इच्छुक व्यक्ति अपनी इच्छानुसार फैन्सी व सामान्य पंजीयन नम्बर 31 जनवरी को सुबह 10 बजे से बुक करा सकते हैं।

# 31 जनवरी को बीएलओ मतदेय स्थलों पर दावे-आपत्तियां प्राप्त करेंगे

▶ विधानसभाओं के मतदेय स्थल सुबह 11 से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने बताया है कि विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में दावे-आपत्तियां प्राप्त किए जाने के लिए आयोग द्वारा 31 जनवरी 2026 आज शनिवार को विशेष अभियान के रूप में निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियान की तिथि में जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बीएलओ उपस्थित रहकर जन सामान्य से दावे-आपत्तियां प्राप्त किए जाने का कार्य करेंगे। विशेष अभियान में 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले तथा छूते हुए लोग अपने मतदेय स्थल पर जाकर बीएलओ के पास आवेदन करें। मतदाता सूची में नाम शामिल कराये जाने हेतु फार्म-6, शामिल नाम को कटवाने हेतु फार्म-7 एवं नाम आदि की प्रविष्टि को सही कराने तथा प्रविष्टि को अन्य स्थान पर स्थानान्तरित कराने हेतु फार्म-8 भरकर बीएलओ को देना है।

यदि किसी मतदाता के नाम, पिता के नाम तथा जन्म तिथि आदि में कोई संशोधन हो तो उसका भी आवेदन किया जा सकता है। किसी प्रविष्टि को अन्य स्थान पर स्थानान्तरित कराने के लिए आवेदन किया जा सकता है। मतदाता के पास यदि भरा हुआ फार्म उपलब्ध है तो अभियान दिवस में अपने बूथ पर जाकर बीएलओ के पास जमा कर दे।

जनसामान्य से अपील है कि विशेष अभियान के इस अवसर का लाभ उठाएं तथा मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। विशेष अभियान में सभी विद्यालय जिनमें मतदेय स्थल स्थापित है, ऐसे समस्त विद्यालय सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे तथा सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहेंगी। साथ ही उनके द्वारा क्षेत्र में भ्रमण करके अर्ह मतदाताओं के फार्म 6 भरवाएं जाने का कार्य किया जाएगा। विकास खण्डों के एक ऐसे मतदेय स्थल जहां पर सर्वाधिक मतदाता हों, पर ब्लाक प्रमुख के माध्यम से विशेष अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया जाएगा। जनपद की नगर निकायों के एक ऐसे मतदेय स्थल जहां पर सर्वाधिक मतदाता हों, पर नगर अध्यक्ष के माध्यम से विशेष अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया जाएगा। ऐसे चिन्हित कार्यक्रम स्थल पर जिला पंचायत राज अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

विशेष अभियान दिवस में सभी मतदेय स्थलों पर निर्धारित समय तक बीएलओ उपस्थित रहेंगे, जिनके पास आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची तथा पर्याप्त संख्या में फार्म उपलब्ध हैं। बीएलओ एवं सुपरवाइजर अपने आवंटित मतदेय स्थलों पर भरमार सेल रहकर फार्म-6 भरवाएं जाने के कार्य पर विशेष ध्यान देंगे। विशेष अभियान को जागरुक करते हुए अर्ह व्यक्तियों के नाम सूची में शामिल कर जाने के लिए फार्म 6 भरवाने आदि के लिए ग्राम प्रधान, कोटेदार तथा बीडीसी सदस्यों का सहयोग लिया जाएगा। नगर निगम सहित समस्त नगर निकायों में प्रचार वाहनों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### रौतापुर कला में, सरकारी शौचालय तोड़कर जमीन की अवैध बिक्री

**पुवायां/खुटार।** क्षेत्र के गांव रौतापुर कला में सरकारी जमीन पर बने सामुदायिक शौचालय को तोड़कर उसकी अवैध बिक्री का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि लगभग 20 वर्ष पूर्व गांव में सरकारी भूमि पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि उक्त भूमि को सावित्री देवी ने अपनी बताते हुए विवेक नामक व्यक्ति को मात्र 10,000 में बेच दिया। इसके बाद विवेक द्वारा सामुदायिक शौचालय को तुड़वा दिया गया और अब वह उक्त भूमि पर निर्माण कराने का प्रयास कर रहा है। ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने पर विवेक द्वारा दबंगई दिखाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि सरकारी है, जिस पर किसी प्रकार की खरीद–फरोख्त पूरी तरह अवैध है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा सरकारी संपत्ति को कब्जा मुक्त कराया जाए। उपजिलाधिकारी पुवाया चित्रा निर्वाल ने बताया कि मामले की जांच करायी जाएगी, यदि सरकारी जमीन की बिक्री की गई तो दोनों पक्षों पर कार्यवाई की जाएगी।

# ओसीएफ के अमन बने सहायक सचिव, रक्षा मंत्रालय की इकाइयों में करेंगे प्रतिनिधित्व

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कानपुर में 27-28 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के 23वें त्रैवार्षिक अधिवेशन में ओसीएफ़ शाहजहांपुर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई। अधिवेशन के दौरान इंटक-इंडफ़ के शीर्ष नेतृत्व द्वारा ओसीएफ़ शाहजहांपुर से जुड़े युवा नेता एवं पूर्व जेसीएम तृतीय सदस्य अमन सक्सेना को फेडरेशन का सहायक सचिव नियुक्त किया गया। निर्माणी पहुंचने पर ओसीएफ शाहजहांपुर में भारी संख्या में कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर यूनियन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने खुशी जताते हुए इसे पूरे संगठन के लिए सम्मान बताया। यूनियन के प्रेसिडेंट मुकेश कुमार एवं जनरल सेक्रेटरी वसीम अहमद द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उक्त नियुक्ति के साथ अमन सक्सेना को रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न निदेशालयों की सभी इकाइयों में आईएनडीडब्ल्यूएफ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि ओसीएफ़ एवं संपूर्ण यूनियन के लिए भी गर्व का विषय है। अमन लंबे समय से कर्मचारियों के हितों, संगठनात्मक मजबूती तथा श्रमिक कल्याण से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। यूनियन पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में कर्मचारियों की समस्याओं एवं सुझावों को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा तथा संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

# अवैध प्लाटिंग पर गरजा प्राधिकरण का बुलडोजर, 22,000 वर्गमीटर प्लाटिंग ध्वस्त

▶ अजीजगंज-शाहवेगपुर व ककरा काकर में कार्यवाही से मची खलबली

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

प्राधिकरण क्षेत्र के अनाधिकृत तरीके से विकसित हो रही कालोनियों व अवैध प्लाटिंग के खिलाफ शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का लगातार बुलडोजर गरज रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को विकास प्राधिकरण सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम के साथ ग्राम-अजीजगंज, शाहवेगपुर व ककरा काकर में लगभग 22,000 वर्गमीटर भूमि पर शाहजहांपुर महायोजना-2031 में निर्दिष्ट भू-उपयोग के विपरीत की गई 4 अनाधिकृत आवासीय प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। मौके पर प्राधिकरण के अवर अभियन्ता रमेश चन्द्र वर्मा, प्रदीप कुमार त्रिवेदी, अन्य स्टाफ, निगम की एटीएस टीम व स्थानीय पुलिस मौजूद रही। सचिव ने महानगरवासियों से बार-बार अनुरोध किया कि कृपया किसी से भी ज़मीन खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखे। जैसे किसी भी प्लाटिंग में यदि आप प्लाट लेने जा रहे हैं, तो कृपया विक्रेता या कॉलोनी के विकासकर्ता से यह पूछें कि क्या प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत है अथवा नहीं। यदि प्राधिकरण द्वारा ले-आउट स्वीकृत है तो ही आप उस प्लाटिंग में जमीन खरीदें। यदि कोई विक्रेता आपसे यह कहता है कि उनके द्वारा मानचित्र प्राधिकरण में



जमा कर दिया गया है या जल्द ही स्वीकृत हो जायेगा और उनके द्वारा आपको मानचित्र दिखाया जा रहा है तो उनपर आपको कदापि विश्वास नहीं करना है, क्योंकि भू-उपयोग के विपरीत या शासन द्वारा तय मानकों के विपरीत जमा कोई भी मानचित्र प्रत्येक दशा में अस्वीकृत कर दिया जायेगा। स्वीकृत ले-आउट में प्लाट लेते समय अवश्य ध्यान में रखें कि स्थल पर स्वीकृत ले-आउट के अनुसार ही पार्क, नाली, सीवर, सामुदायिक केन्द्र इत्यादि विकास कार्य किया गया हो। स्वीकृत ले-आउट में दर्शित निर्धारित भू-खण्डों के विपरीत बनाये गये कोई भी भू-खण्ड अनाधिकृत रूप से विक्रय किये जाते हैं, जिन्हें प्राधिकरण स्वीकृत नहीं करता है, अतः आप ऐसे भू-खण्ड न खरीदें जिससे आपके जीवन की गाढ़ी कमाई खतरे में पड़ जाये। 3000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल तथा कुल 08 भूखण्डों से अधिक विकसित की गई प्लाटिंग का पंजीकरण रेरा में किया जाना अनिवार्य है। प्लाट खरीदते समय रेरा पंजीकरण संख्या की भी माँग अवश्य करें। 100 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल के भू-खण्डों पर निर्माण कराने हेतु कोई भी मानचित्र स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है, जो कि पूर्णतः निराधार है। 100 वर्गमीटर तक आकार के आवासीय भू-खण्डों तथा 30 वर्गमीटर तक आकार के व्यवसायिक भू-खण्डों पर निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए आवेदक शासन द्वारा निर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं आवेदन कर न्यूनतम शासकीय शुल्क जमा करके बहुत ही कम समय में मानचित्र अनुज्ञा प्राप्त कर सकते हैं। सचिव ने आम जनमानस से अपील की है कि कदापि किसी के बहकावे में न आयें। आपके नगर में प्राधिकरण कार्यरत है। कृपया नियमों के अंतर्गत ही निर्माण एवं विकास कार्य करें, जिससे कि आप भविष्य में होने वाले नुकसान से बच सकें।

### कलश यात्रा के साथ यज्ञ अनुष्ठान का हुआ आयोजन



**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव हरिहरपुर में विश्व जन कल्याण हेतु विष्णु महायज्ञ अनुष्ठान व मानष वेदांत संत सम्मेलन का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के सहयोग किया गया जिसमें सर्वप्रथम कलश यात्रा पावन तपोभूमि सुनासिर गोमती नदी से लेकर यज्ञाचर्य संदीप पाण्डेय श्याम पाण्डेय के द्वारा बेदी पूजन के साथ यज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही साथ मानस वेदांत संत सम्मेलन मैं श्री रामचरितमानस कथा पाठ का श्रवण पंडित उमाकांत बाजपेई व कपिल मिश्रा जी के द्वारा किया जाएगा यज्ञ अनुष्ठान में यजमान के रूप में वीरेंद्र तिवारी राकेश तिवारी रामप्रताप तिवारी रामलखन द्विवेदी महेंद्र शुक्ला रहेंगे। साथ ही साथ मुख्य आयोजक के रूप में गजेश सिंह ईश्वरी देवी नवीन सिंह चौहान कुनेंद्र पाल सिंह प्रकाश सिंह पवन सिंह कौशल सिंह जनार्दन तिवारी सत्यदेव तिवारी माया प्रकाश शुक्ला आदि ग्राम वासियों के द्वारा यह अनुष्ठान का आयोजन कर विश्व जन कल्याण हेतु कामना की गई।

## एसपी ने गन्ना खेती में सहफसली के साथ हो रहे नवाचारों को देखा



**शाहजहांपुर।** एसपी राजेश द्विवेदी ने गंगानगर कृषि फॉर्म पहुंचकर गन्ना खेती में सहफसली के साथ हो रहे नवाचारों को देखा।प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना भी की।उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का सपना किसान की आय दोगुनी हो, कौशल मिश्रा द्वारा किये जा रहे नवाचार के प्रयोग से ही वर्तमान में सभी किसानों को, इसी तरह से सहफसली खेती करनी चाहिए। जिससे उनकी आय दुगुनी हो सकें।इस दौरान उन्होंने गन्ने के साथ जर्मनी का चुकंदर,काला आलू, टमाटर, ब्रोकली, बंदगोभी, फूलगोभी और जनपद में पहली बार ऐसा पौधा है, जिसमें एक पौधे में दो फसल तैयार होगी जैसे एक ही पौधे में टमाटर के साथ आलू और टमाटर के साथ बैंगन की सहफसली खेती को देखा। कौशल मिश्रा ने एसपी को बुके देकर स्वागत किया एवं भगवान का चित्र भेंटकर अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर विजय मिश्रा, नितेश अग्निहोत्री, काली शंकर मिश्र, सुधीर पाठक, अनुज द्विवेदी, नृपेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने बड़े लाट साहब जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं



**शाहजहांपुर।** एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशन में नगर आयुक्त, एडीएम प्रशासन एवं सीओ सिटी के साथ थाना कोतवाली एवं थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत निकलने वाले परंपरागत बडे लाट साहब जुलूस के दृष्टिगत निर्धारित जुलूस मार्ग का संयुक्त रूप से रूट भ्रमण किया। रूट भ्रमण के दौरान जुलूस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों की पहचान, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था एवं आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता का स्थलीय निरीक्षण किया गया। साथ ही मार्ग पर स्थित प्रमुख चौराहों, तिराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद पुवायाँ जनपद, शाहजहांपुर

पत्रांक-641/न.पा.प.-पु./एस.बी.एम. पी.टी.यूरि./2025-26 दिनांक- 29.01.2026

### ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में "ए" "बी" "सी" एवं "डी" श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए ई-निविदा दे सकता है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | विड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) | निविदा का मूल्य (18% GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | शाहजहांपुर | मो. छावनी में महारानी लक्ष्मीवाई कन्या इन्टर कालेज मोहम्मदी रोड़ पुवायाँ के निकट 5 सीट पब्लिक टायलेट का निर्माण कार्य। | 862281.00 | 73075.00 | 862.00 | 1 माह |
| 2. | शाहजहांपुर | मो. रामनगर में तहसील परिसर में 5 सीट पब्लिक टायलेट का निर्माण कार्य। | 775870.75 | 65752.00 | 776.00 | 1 माह |
| 3. | शाहजहांपुर | मो. कमलबाग में नगर पालिका रोड पर यूरिनल का निर्माण कार्य। | 210137.00 | 17808.00 | 210.00 | 1 माह |

1-कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है-
2-वेबसाईट पर विड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि-02.02.2026 समय 10:00 बजे से।
3-ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय-07.02.2026 को 5:00 बजे तक।
4-ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एंव समय-09.02.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक।
5-निविदा आमन्त्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए तथा निविदा की शर्तों/नियमों आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लाग इन करें, तथा विड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

(कल्पना शर्मा)
अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, पुवायाँ शाहजहाँपुर।

(संजय गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, पुवायाँ शाहजहाँपुर।


# सोनभद्र में गूंजेगी लोककथा की चेतना, 2 को मंचित होगा नागिन तेरा वंश बढ़े

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित संभागीय नाट्य समारोह के अंतर्गत प्रसिद्ध कथाकार विजयदान देथा द्वारा लिखित चर्चित लोकनाट्य 'नागिन तेरा वंश बढ़े' का भव्य मंचन 2 फरवरी को सोनभद्र जनपद में किया जाएगा। आयोजन को लेकर रंगमंच प्रेमियों और सांस्कृतिक जगत में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोककथा पर आधारित यह नाटक अपने गहरे सामाजिक संदेश और प्रतीकात्मक प्रस्तुति के लिए जाना जाता है। नाटक के माध्यम से मानवीय लालच, हिंसा, सत्ता की भूख और कर्म-फल के सिद्धांत को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है। 'नागिन' यहाँ केवल एक पात्र नहीं बल्कि समाज में फैलती उस हिंसा और अन्याय का प्रतीक है, जिसका जन्म स्वयं मनुष्य करता है। बता दें कि



कलाकारों की सशक्त टीम देगी जानदार प्रस्तुति। नाटक में मोहित कन्नौजिया, पारस दीक्षित, ऐश्वर्या कृष्णा मिश्र, अतिथि दीक्षित, मोहित बाजपेई, तनिष्का सक्सेना, उत्कर्ष सक्सेना, अरशद आज़ाद, अनमोल कुमार, रोहित कुमार, हर्ष गोस्वामी सहित कई अन्य कलाकार अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन करेंगे। सभी कलाकार लंबे समय से ताल नृत्य संस्थान गोविंदगंज में रिहर्सल कर नाटक को प्रभावशाली बनाने में जुटे हैं। प्रकाश, संगीत और निर्देशन की अहम भूमिका। नाटक में प्रकाश संचालन की जिम्मेदारी यश देव शर्मा निभा रहे हैं, जबकि संगीत पक्ष में दीपक कुमार नाल, घुंघरू, मजीरे पर संगत देकर मंचन को लोकधुनों से समृद्ध करेंगे।इस नाटक का निर्देशन भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ से प्रशिक्षित रंगकर्मी शिवा सक्सेना द्वारा किया जा रहा है, जो पूर्व में भी कई उल्लेखनीय रंगमंच प्रस्तुतियां दे चुके हैं।संभागीय नाट्य समारोह से मिलेगा रंगमंच को बल, संभागीय नाट्य समारोह के अंतर्गत होने वाला यह मंचन न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करेगा, बल्कि सोनभद्र जैसे आदिवासी और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जनपद में रंगमंच की चेतना को भी नई ऊर्जा देगा। यह आयोजन युवाओं को नाट्य कला से जोड़ने और लोकसंस्कृति को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। रंगमंच प्रेमियों के लिए 'नागिन तेरा वंश बढ़े' का यह मंचन एक यादगार अनुभव साबित होने की उम्मीद है।

## खबरें एक नजर में

### ब्लॉक प्रमुख ने कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने विकास खंड मरौरी क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्र उच्च प्राथमिक विद्यालय गजरौला मतदान केंद्र नंबर 114 पर निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे। एसआईआर से संबंधित कार्यो का निरीक्षण किया साथ बूथों पर जाकर फॉर्म 6 भरवाये एवं डोर टू डोर जाकर ग्राम वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में जो बचे हुए लोग हैं उनके बोट बनवाएं की अपील हैं।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित




**पूरनपुर, पीलीभीत।** नगर पालिका सभागार में गुरुवार दोपहर एक बजे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने की। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता एजाज अहमद एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने, दवा वितरण, जनजागरूकता एवं निगरानी व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। नगर क्षेत्र में शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए सभी सभासदों और कर्मचारियों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया गया। इस बैठक में डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि श्याम सचिन, पीसीआई से अनुराग एवं स्वीटी, बीसीपीएम मीनाक्षी दुबे, प्रतिरक्षण अधिकारी संजीव कुमार तथा जिला स्तर से दीपेश चौधरी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समन्वय और टीमवर्क पर जोर दिया।

### शारदा नदी उफान पर, धनाराघाट मार्ग बंद, राहगीर परेशान

**पूरनपुर, पीलीभीत।** थाना हजारा क्षेत्र के धनाराघाट पर शारदा नदी एक बार फिर उफान पर है। पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश का असर अब मैदानी इलाकों में दिखाई देने लगा है। गुरुवार की रात अचानक नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया, जिससे हजारा क्षेत्र के धनाराघाट पर बने पेंटून पुल के हजारा की ओर जाने वाले मार्ग पर पानी भर गया। सड़क के ऊपर पानी बहने से इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। शुक्रवार सुबह दस बजे पेंटून पुल पर तैनात मुंशी बबलू मांझी ने बताया कि जलस्तर अचानक बढ़ने के कारण पुल की ओर आने वाला रास्ता पूरी तरह जलमग्न हो गया है। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी प्रकार के वाहनों और राहगीरों की आवाजाही रोक दी गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जलस्तर सामान्य होने तक इस मार्ग का उपयोग न करें। मार्ग बंद होने से ग्रामीणों, किसानों, छात्रों और व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### एसपी ने महिला सुरक्षा केंद्र व शिशु गृह का किया लोकार्पण

**कांट, शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा कोतवाली काँट में नवनिर्मित महिला सुरक्षा केंद्र एवं शिशु गृह का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने महिला व बाल सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली में रखे शासकीय अभिलेख, रजिस्टर एवं अन्य महत्वपूर्ण कागजातों की गहन जांच की और अभिलेखों को अद्यतन व सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला सुरक्षा केंद्र और शिशु गृह का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को त्वरित सहायता, संरक्षण और संवेदनशील वातावरण उपलब्ध कराना है। पुलिस प्रशासन महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।इस मौके पर एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, सीओ सदर प्रियंक जैन, सीओ जलालाबाद, सीओ तिलहर तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली काँट राकेश मौर्य सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### अवैध कच्ची शराब बनाने वाले गैर जनपद के चार गिरफ्तार




**खुटार शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार पुलिस के द्वारा देख रेख शांति व्यवस्था रोकथाम जुर्म जरायम चेकिंग व्यक्ति व संदिग्ध वाहन तलाश वंचित वारंटी अभियान के अंतर्गत थाना खुटार पुलिस क्षेत्र में थी मुखबिर के द्वारा खुटार पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र खुटार के गांव कुम्भिया माफी में कठिना नदी के किनारे जंगल के बीच में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब 100 लीटर लहन ब शराब बनाने के उपकरण व एक मोटर मोटरसाइकिल को बरामद किया गया गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में तीन पुरुष व एक महिला शामिल है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति पड़ोसी जनपद लखीमपुर के थाना क्षेत्र मैलानी के हैं। खुटार पुलिस पर सभी पर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### तालाब में अज्ञात युवक का उतराता मिला शव

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** शुक्रवार सुबह थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत भरतपुर के धोबी घाट तालाब के किनारे ग्रामीणों ने चप्पल,जैकेट,लोवर रखा देखकर तालाब में गौर से देखा तो एक शव उतराता रहा था। ग्रामीणों ने तालाब में शव और किनारे पर चप्पल,काले रंग की जैकेट,लोवर आदि देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकलवाकर उच्चाधिकारियों के साथ ही फॉरेंसिक टीम को साक्ष्य जुटाने के लिए सूचना दी। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर आकर शव का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 26 से 28 वर्ष प्रतीत हो रही है। मृतक बाजारू रेडीमेड अंग्रेजी में क्र्रूस्र लिखा अंडरवियर पहने हुए है। उसके हाथ पर अक्षय कुमार लिखा हुआ है। शव की शिनाख्त करवाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित मोरचरी भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने और मृतक की शिनाख्त होने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। यहां बता दें कि पिछले वर्ष भी इसी तालाब में गांव के हरिशरण पुत्र शिवराज का शव बरामद हुआ था। इस मामले में मृतक हरिशरण के पिता ने गांव के ही कई लोगों पर पुत्र को डुबोकर मार डालने का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत करवाया था।

### लाला हरी राम इंटर कॉलेज ने निकाली फाइलेरिया जागरूकता रैली

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर के लाला हरी राम इंटर कॉलेज द्वारा फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को फाइलेरिया के प्रति सचेत किया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई गुज़री। छात्रों के हाथों में जागरूकता संबंधी पोस्टर व तख्तियां थीं, जिनके माध्यम से उन्होंने आमजन को फाइलेरिया से बचाव, साफ-सफाई रखने, मच्छरों से बचने तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन रोकी जा सकने वाली बीमारी है, जिसके लिए जनजागरूकता बेहद आवश्यक है। ऐसे अभियानों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति चेतना बढ़ती है। जिसमें प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रामदास शाक्य, शिक्षक शरदेन्दु सिंह चौहान, सत्येंद्र सिंह, हरीश पटेल एवं एनजीओ के कार्यकर्ताओं सहित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# भांजे संग मिलकर पति की हत्या करने वाली पत्नी गई जेल

**प्रेमी भांजा और एक और साथी गिरफ्तार**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुवायां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति की हत्या करने वाली पत्नी समेत दो अभियुक्तों को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी और उसका भांजा प्रेमी आदेश और रामचंद्र को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। पुलिस ने आला कत्ल हंसिया भी बरामद किया है।

बातदें की पुवायां थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा चंदू निवासी बलराम की उसकी पत्नी पूजा ने अपने प्रेमी से भांजा आदेश निवासी सलेमपुर जनपद हरदोई और इसी गांव के रामचंद्र के साथ मिलकर हाशिया से गला रेतकर हत्या कर दी थी। इसके बाद आरोपी भाग गए थे जबकि बलराम की हत्या करने के बाद पूजा वहीं बैठी रही थी, उसे पुलिस ने मौके से हिरासत में ले लिया था। इसके बाद पुलिस ने मृतक के भाई राजू की तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि महिला के अपने भांजे से अवैध संबंध थे। जिनका पति लगातार विरोध कर रहा था। इसी से नाराज होकर पत्नी ने भांजे के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिलवाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने साक्ष्यों के आधार पर तेजी से जांच करते हुए दोनों अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुवायां पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पूजा ने ही काटा था पति का गला

पुलिस पूछताछ में आरोपी पत्नी ने बताया कि उसने ही हाशिया से गला रेतकर हत्या की थी। वह उसके प्रेम प्रसंग में बाधा डाल रहा था और मारपीट करता था। जिसके बाद उसने अपने प्रेमी के साथ प्लान बनाया और रात में उन्हें बुला लिया। जिसके बाद वह दोनों आए और बरामदे में इंतजार करते रहे। जब बलराम सोने लगा तभी रात में उसने हंसिया से गला रेत दिया। इसके बाद आदेश और रामचंद्र भाग गया। वह वही बैठी रही।

### 'व्यापारी अपनी दुकान पर सतर्कता बढ़ाएं'

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** सर्राफा व्यापार मंडल की हुई बैठक में खुदागंज थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने सभी सर्राफा व्यापारियों को सोने एवं चांदी की बढ़ती महंगाई को देखते हुए अपनी अपनी दुकानों पर सतर्कता बरतने को कहा। सर्राफा व्यापारियों ने एक सामूहिक बैठक में थाना प्रभारी को बताया कि सोने एवं चांदी की महंगाई में लगातार बढ़ोतरी हो रही है इस वजह से 20, 25 साल पुराने गिरवी रखे हुए जेवरों को छुड़ाने के लिए अब लोग आने लगे हैं। जबकि इतने दिनों में गिरवी रखे हुए जेवर मूल धन से भी ज्यादा रकम हों जाती हैं जिससे जेवरों को छुड़ाने को ग्राहक नहीं आते हैं इसलिए जेवरों को बेंच दिया जाता है या फिर गला कर नए जेवर तैयार कर दिए जाते हैं। थाना प्रभारी ने सभी दुकानदारों को आश्वासन देते हुए कहा है कि अगर ऐसा कोई भी ग्राहक आता है तो आप तुरंत ही पुलिस कर्मचारियों से संपर्क करें। बैठक में कृपा शंकर रस्तोगी, राम जी रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## पालिका ठेकेदार व बेटे को पीटकर किया घायल

**दो सगे भाइयों के खिलाफ दी नामजद तहरीर**

**तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज ।**

नगर पालिका की इंटर लॉकिंग रोड निर्माण के दौरान दो युवकों ने ठेकेदार व उसके बेटे को पीटकर घायल कर दिया । पुलिस ने घायल को सीएचसी भिजवाया । जहां से उसे मेडिकल के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया । पीड़ित ने नामजद तहरीर दी है ।

पालिका ठेकेदार मंगली लाल श्रीवास्तव ने बताया कि वह मोहल्ला निजामगंज गौटिया में 29 जनवरी को सत्यपाल के मकान से महेंद्र के मकान तक पालिका की ओर से इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण करा रहा था। इसी दौरान गौटिया के ही अखिलेश व मुकेश सक्सेना ने गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त दोनों ने उसके साथ आए बेटे राजीव कुमार श्रीवास्तव व उसे लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजीव व मंगली लाल का मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़ित ठेकेदार के साथ ठेकेदार यूनियन अध्यक्ष संजीव गुप्ता, सुनील शर्मा, राशिद खान, ताहिर खान, सभासद गंगा सहाय ने कोतवाल से मिलकर घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की । इस पर कोतवाल जुगुल किशोर ने कहा कि घटना की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी ।

### जल जीवन निगम योजना के 24 पाइप चोरी

**तिलहर - शाहजहांपुर।** जल जीवन मिशन की पाइप लाइन डाले जाने के मद्देनजर रखे गए लाखों रुपए के दो दर्जन पाइप चोरी हो जाने की ठेकेदार के मेंठ ने कोतवाली में तहरीर दी है । गांव ढकिया परवेज पुर निवासी देव सिंह ने पुलिस को बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में पाइप लाइन डाले जाने का एनसीसी कंपनी को ठेका दिया गया । जिसके अंडर में एक अन्य ठेकेदार के द्वारा गांव हाजी नगला में करीब दो लाख रुपए कीमत के 24 पाइप रखे गए थे। जिसकी जिनकी 25 जनवरी को चोरी हो गई । बकौल देव सिंह एक गांव में कुछ पाइप नाली के ऊपर पड़े तथा कुछ पाइप एक ग्रामीण की छत पर भी रखे देखे गए हैं । जिनकी नगरिया मोड़ पुलिस चौकी के कर्मियों ने भी जाकर पड़ताल की है । कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## माय भारत सड़क सुरक्षा मित्र अनुभवात्मक शिक्षण जागरूकता संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

माय भारत पोर्टल पर सड़क सुरक्षा मित्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम व सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत जनपद में चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में बरेली मोड़ पर मेरा युवा भारत शाहजहांपुर व यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना रहा। इस अवसर पर माय भारत स्वयंसेवकों ने अभियान के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चला रहे राहगीरों को गुलाब भेंट कर सम्मानित किया तो वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन



करने वाले वाहन चालकों की गाड़ियों पर स्टीकर लगाकर उन्हें नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत भी दी। इस अवसर पर यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पांडेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों में नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित की जा रही है। नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित इस अभियान के माध्यम से माय भारत स्वयंसेवकों द्वारा नागरिकों को सुरक्षित, संयमित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। कार्यक्रम में माल एवं कर अधिकारी आर पी गौतम, विभिन्न यातायात पुलिस कर्मी, अमित श्रीवास्तव, दिव्यांशी मिश्रा, देवेश कुमार, साहिल खान, ज़ाहिद आलम, हिमांशु सक्सेना,करन, अभिनव, विवेक सहित अन्य माय भारत स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## कथा में छठे दिन बाल कृष्ण ने किया पूतना का उद्धार

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** कस्बे में आयोजित श्रीमद्भागवत में कथा व्यास के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में चर्चित पूतना वध का प्रसंग सुनाया गया जिसको सुनकर श्रोतागण भगवान की जय जयकार कर उठे। थाने के निकट कस्वे में अयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को कथा व्यास शुभम मिश्रा ने कथा पंडाल में उपस्थित श्रोताओ को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए पूतना वध की कथा सुनाई।कथा व्यास ने सुनाया की कंस ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए पूतना राक्षसी को गोकुल भेजा था। पूतना ने सुंदर स्त्री का भेष धारण किया और अपने स्तनों पर




विष लगाकर यशोदा मैया के घर गई। वह भगवान श्रीकृष्ण को दुलारने के बहाने अपना दूध पिलाने लगती है।भगवान श्रीकृष्ण ने पूतना के स्तनों से विष पान करते हुए उसके प्राण खींच लिए।इस तरह पूतना को जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति मिल गई और वह भगवान के बैकुंठ धाम चली गई।और कथा पंडाल में श्रोतागण भगवान श्री कृष्ण की जय जयकार कर आंनदित हो उठे। कथा विराम के प्रसाद वितरण किया गया। कथा की व्यवस्था में श्रीनिवास शुक्ल,देवेश कुमार शुक्ल, वासुदेव दीक्षित, विजय कुमार वाजपेई, शैलेश कुमार मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, अजितेज बाजपेई, दिनेश चन्द्र मिश्रा,मुकेश सक्सेना आदि का सहयोग रहा।

### बीती रात अज्ञात कारण से दुकान में लगी आग

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** बीती रात्रि लगभग 11:45 बजे नखासे के बराबर में बिरयानी की दुकान के स्वामी फैसल अहमद पुत्र शौकत अली ने बताया रोड किनारे खोखा नुमा दुकान में शान मोहम्मद पुत्र अच्छन मेरी दुकान में बिरयानी का कारोबार कर करता है आज रात लगभग 11:45 बजे अचानक मेरी दुकान में आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया दुकान में रखे गैस सिलेंडर में आग पकड़ते ही सिलेंडर फट गया सिलेंडर फटने के कारण दुकान के पर कच्चे उड़ गए दुकान में लगी टीन शेड रोड के टुकड़े हाईवे पर जा गिरे गली मत रही कि रोड पर कोई बाहन या राहगीर नहीं था अन्यथा टीन के टुकड़े से कोई बड़ा हादसा हो सकता था आग लगने से दुकान में रखा गैस सिलेंडर फट गया मेरी दुकान में रखे फर्नीचर चावल के कट्टे मसाले टेबल कुर्सी अन्य सामान जलकर राख हो गया मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

## बार काउंसिल यूपी चुनावः शाहजहांपुर में अधिवक्ताओं का मतदान, जिले से दो प्रत्याशी मैदान में

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के चौथे चरण के तहत जनपद शाहजहांपुर में अधिवक्ताओं द्वारा मतदान किया गया। कचहरी परिसर में बनाए गए मतदान केंद्रों पर अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सेंट्रल बार एसोसिएशन शाहजहांपुर के अध्यक्ष अजय वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद शाहजहांपुर में कुल 1680 अधिवक्ता इस चुनाव में मतदान के पात्र हैं। मतदान प्रक्रिया दो दिनों तक चलेगी, जिससे सभी अधिवक्ताओं को मतदान का अवसर मिल सके। अध्यक्ष अजय वर्मा के अनुसार, बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के चुनाव में शाहजहांपुर जनपद से दो प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें विश्वदीप अवस्थी और अमित शर्मा के नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल चुनाव में पूरे उत्तर प्रदेश से कुल 333 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें से 25 सदस्यों का चयन किया जाना है। चौथे चरण के तहत मतदान की प्रक्रिया जारी है, जिसमें अधिवक्ताओं की भागीदारी को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय वर्मा ने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।

### जलालाबाद बूथ पर पहले दिन 123 अधिवक्ताओं ने डाले वोट, शनिवार को जारी रहेगा मतदान

**जलालाबाद।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य पद हेतु जलालाबाद बूथ पर शुक्रवार को मतदान शुरू हुआ। तहसील कलान और जलालाबाद के कुल 202 अधिवक्ता मतदाता हैं। सिविल जज कोर्ट को मतदान केंद्र बनाया गया है, जहाँ सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 123 अधिवक्ताओं ने अपने वोट डाले।कड़े सुरक्षा के बीच पुलिस की निगरानी में मतदान सुचारू रूप से चला। प्रत्याशियों के समर्थक दिनभर मतदाताओं के पीछे-पीछे प्रचार करते नजर आए। बूथ पर पुलिस का सतत पहरा रहा। पीठासीन अधिकारी ने बताया कि शनिवार, 31 जनवरी को भी मतदान जारी रहेगा।मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही, और शेष वोट कल डाले जाएंगे। अधिवक्ता समुदाय में चुनाव को लेकर उत्साह बना हुआ है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-AMS-TOi-112-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BOY-TOi-155-26-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BTKD-TOi-142-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BTP-TOi-145-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-KHNM-TOi-125-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BHDR-TOi-126-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MBLP-TOi-117-25-1(Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-PRF-TOi-121-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MFKA-TOi-139-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-LBA-TOi-141-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-SOP-TOi-143-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-ZBD-TOi-146-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-KSF-TOi-147-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-LOT-TOi-154-26-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-UTR-TOi-118-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-HGH-Toi-119-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-JTU-Toi-114-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-AJ-Toi-115-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-SAW-Toi-122-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MAY-Toi-144-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MKG-Toi-111-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-HRN-Toi-113-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-PQN-Toi-123-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-LGO-Toi-127-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-KEPR-Toi-140-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-AMG-Toi-116-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-GRMR-Toi-124-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-VYN-Toi-120-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 15:00 बजे |
| नीलामी प्रकार | Close Ended |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

330/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एसएस कॉलेज में माध्यमिक शिक्षा के संवर्धन में प्रधानाचार्य की भूमिका विषयक शैक्षिक संगोष्ठी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद शाहजहांपुर के तत्वावधान में माध्यमिक शिक्षा के संवर्धन में प्रधानाचार्य की भूमिका विषयक शैक्षिक संगोष्ठी एवं मंडलीय सम्मेलन एस एस ला कॉलेज मुमुक्षु आश्रम के मूट कोर्ट में उ प्र प्रधानाचार्य परिषद के संगठन मंत्री डॉ एस सी रस्तोगी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती एवं विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर अमीर सिंह को उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद जिला शाहजहांपुर का जिला अध्यक्ष एवं डॉक्टर के के शुक्ला को उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद का मंडलीय अध्यक्ष चुना गया। उपस्थित सभी प्रधानाचार्य द्वारा नव निर्वाचित



पदाधिकारियों का जोरदार करतल ध्वनि एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में चारों जनपद के जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री का अंग वस्त्र प्रदान कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जनपद के सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य श्री सुरेश पाल सिंह श्री दिवाकर शर्मा एवं डॉ दोदराम वर्मा को माल्यार्पण कर , शाल उड़ाकर एवं रामचरितमानस देकर सम्मानित किया गया तथा नवनियुक्त प्रधानाचार्य श्री धर्मेंद्र कुमार सिंह,देवकीनंदन, बृजपाल सिंह एवं अनिलेश सिंह को अंगवस्त्र प्रदान कर परिषद में स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी ने अपने उद्बोधन में कहा की प्रधानाचार्य सभी शिक्षकों कीको शैक्षिक संवर्धन के लिए काम करने के लिए प्रेरित करें तथा सरकार से इन शिक्षकों को शिक्षा से इतर कार्यों जैसे जनगणना बी एल ओ ।आदि में ना लगाए। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार ने अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्यों को हर संभव सहायता एवं सम्मान प्रदान करने का आश्वासन दिया।अध्यक्ष संबोधन में डॉ सुरेश चंद्र रस्तोगी ने कहा कि प्रधानाचार्य कोविभिन्न मदओ में होने वाले व्यय का प्रशिक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से दिया जाए। डॉ दोदराम वर्मा के संचालन में स्वागत भाषण डॉ केके शुक्ला एवं आभार डॉक्टर अमीर सिंह द्वारा दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सूरजपाल ,बंशीधर यादव, रमेश चंद्र, अवधेश सिंह, जगदीश प्रसाद मौर्य , सुरेश पाल सिंह ,धर्मेंद्र कुमार सिंह, शाइस्ता नसीम अनुपम मौर्य, श्रद्धा टंडन, मीनू शंखधर एवं अंजू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अति आशावाद से बचें

देश में आम बजट से पहले सामने आने वाले आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को लचीला व गतिशील बनाने पर बल दिया गया है। यह सर्वेक्षण उन चुनौतियों की ओर भी इशारा करता है, जिनके लिए सावधानीपूर्वक नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता है। दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में चालू वित्तीय वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद दर यानी जीडीपी के 7.4 रहने का भरोसा जताया गया है। वहीं आर्थिक सर्वेक्षण वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकास वृद्धि दर के 6.8 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इस अनुमान में सीमापरक तनाव, व्यापार में व्यवधान और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता को भी ध्यान में रखा गया है। निश्चित रूप से यह सावधानीपूर्वक दर्शाया गया आशावादी दृष्टिकोण घरेलू मांग, उपभोग और निवेश की मजबूती को ही दर्शाता है। इसके बावजूद कि तमाम बाहरी जोखिम विद्यमान हैं, मसलन टैरिफको लेकर आपूर्ति श्रृंखला में तनाव व देश की अपेक्षाओं का संतुलन बनाना शामिल है। यह सार्थक है कि सर्वेक्षण यथार्थवाद को नजरअंदाज नहीं करता है, जो यह भी दर्शाता है कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था पूंजी प्रवाह व मुद्रा की ताकत से ही सफलता सुनिश्चित नहीं होती। यह भी हकीकत है कि एआई जैसी नई तकनीकों से होने वाले लाभ असमानता को ही बढ़ावा देते हैं। लेकिन इसके लिये भी सहायक मानव संसाधन और विनियामक ढांचे की जरूरत होती है। खासकर भारत जैसे देश में जहां श्रम शक्ति का बाहुल्य है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि हम दुनिया में सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देश होने का लाभ उठाएं। इसके लिये कौशल विकास को प्राथमिकता देने की सख्त जरूरत है, जिससे हम गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पादों के जरिये विश्व में आर्थिक स्पर्धा का मुकाबला कर सकें। ये कदम हमारे निर्यात बढ़ाने में भी सहायक हो सकते हैं। कालांतर में ये हमारे व्यापार घाटे को कम करने में भी मददगार साबित हो सकता है। इसमें दो राय नहीं है कि हालिया आर्थिक सर्वेक्षण के जरिये एक महत्वाकांक्षी रोड मैप बनाने का प्रयास किया गया है, जिसके अंतर्गत स्वदेशी अभियान को तरजीह देने से लेकर रणनीतिक लचीलेपन और रणनीतिक अनिवार्यता भारत की आर्थिक क्षमता की परीक्षा लेने वाला साबित हो सकता है। लेकिन इसके लिये जरूरी है कि भारत में उत्पादित वस्तुओं की साख को अंतर्राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अनुरूप बनाया जाए। निःसंदेह, विश्व में भारतीय उत्पाद 'खरीदने के बारे में सोचने' से स्थिति को 'बिना सोचे भारतीय उत्पाद खरीदने' वाली सोच विकसित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इस स्थिति के लिये हमें विनिर्माण क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्धता की सख्त जरूरत होगी। निःसंदेह, हाल ही में यूरोपीय संघ के साथ संपन्न हुए ऐतिहासिक समझौते को लेकर अर्थव्यवस्था में खासा उत्साह देखा जा रहा है, जिसके अर्थव्यवस्था में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद की जा रही है। वहीं दूसरी ओर लंबे समय से लटके हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता लगातार बनी हुई है। सर्वेक्षण में इस बाबत कहा गया है कि इस वित्तीय वर्ष में इस एफटीए के सिरे चढ़ने की उम्मीद है। लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था का लाभ आम आदमी को कितना मिलता है। सवाल यह भी है कि दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था का लाभ आम आदमी के जीवन को बदलने में कितना मददगार होगा। एआई और तकनीक क्रांति के दौर में भारतीय विपुल श्रम शक्ति का बेहतर उपयोग कैसे हो सकता है। भारत दुनिया में सबसे युवा श्रम शक्ति वाला देश है तो क्या हम उनकी योग्यता व क्षमता के अनुरूप रोजगार देने में सक्षम होंगे, ताकि वे विकसित भारत के संकल्प में अपना योगदान दे सकें। जरूरत इस बात की है कि देश में बेरोजगारी की दर कम हो और युवाओं के विदेश पलायन की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये पहल की जाए। वहीं दूसरी ओर फिसलन वाली जमीन पर चलते हुए सर्वेक्षण में दो दशक पुराने सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों में बदलाव की मंशा जतायी गई है। निःसंदेह, ऐसे किसी बदलाव का आधार तार्किक होना चाहिए।

# भूल से भी न करें कोई भूल, सारा समाज हमारा अपना है

*कृष्णमुरारी त्रिपाठी अटल*

हमारा देश इसीलिए महान है क्योंकि यहां भिन्न-भिन्न विचारधाराएं हैं। लेकिन जब बात राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता की आती है तो समूचा समाज एकजुट होता है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती का ये संदेश देखिए-

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी द्वारा देश के सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों मे जातिवादी घटनाओं को रोकने के लिए जो नये नियम लागू किये गये है, जिससे सामाजिक तनाव का वातावरण पैदा हो गया है। ऐसे वर्तमान हालात के मद्देनजर रखते हुये सुप्रीम कोर्ट का यूजीसी के नये नियम पर रोक लगाने का आज का फैसला उचित। जबकि देश में इस मामले में सामाजिक तनाव आदि का वातावरण पैदा ही नहीं होता, अगर यूजीसी नये नियम को लागू करने से पहले सभी पक्ष को विश्वास में ले लेती और जांच कमेटी आदि में भी अपर कास्ट समाज को नेचुरल जस्टिस के अन्तर्गत उचित प्रतिनिधित्व दे देती।

वास्तव में ये भावना ही हमारे भारतीय समाज को एक करती है। मायावती वो नेता हैं जो सामाजिक न्याय के नाम पर राजनीति में आईं। एक समय तक उनके कटु, तीक्ष्ण बयान भी सुने गए। लेकिन वो अपने तरह की राजनीति है। समाज ने उसे भी स्वीकारा। वो सत्ता के शीर्ष पर भी रहीं। किंतु दूसरी ओर अनुच्छेद 370 के हटाने से लेकर, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, ऑपरेशन सिंदूर और अब यूजीसी विवाद- इन सबमें में राष्ट्रीयता के स्वर को मुखरता से रखा है। क्योंकि वो जानती हैं कि देश प्रथम की भावना के साथ ही समाज चल सकता है। राजनीति अपनी जगह है। सत्ता अपनी जगह है लेकिन सबसे श्रेष्ठ होती है राष्ट्रीय एकता। मायावती जी ने उसी भाव और प्रतिबद्धता को बारंबार समाज के बीच प्रकट किया है। यही हमारे देश की सुंदरता है।

वहीं, सर्वोच्च नियामक संस्था सुप्रीम कोर्ट बारंबार ये बताता है कि संविधान निर्माताओं की दृष्टि का पालन हर किसी को करना पड़ेगा। उन लोगों से बारंबार निवेदन है जो सुप्रीम कोर्ट के यूजीसी गाइडलाइन को लेकर दिए गए निर्णय को अपने-अपने चश्मे से देख रहे हैं।

यूजीसी की गाइडलाइन का जातीय चश्मे से समर्थन और विरोध करने वालों से निवेदन है कि कृपया इसे अहं का विषय न बनाएं। ये न तो किसी जाति या वर्ग की जीत है और न किसी की हार। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सत्यमेव जयते के ध्येय वाक्य पर आधारित है। ये समूचा समाज हमारा अपना है। किसी के साथ कोई भेदभाव स्वीकार नहीं किया जा सकता। जो व्यक्ति, दल या नेता- आरक्षित और अनारक्षित वर्ग के नाम पर विद्वेष और विभाजन फैलाए,




*यूजीसी की नई गाइडलाइन का विरोध इसीलिए है क्योंकि ये संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। ये गाइडलाइन सामाजिक समरसता को तोड़ने वाली और वर्ग के आधार पर विभाजन फैलाने वाली थी। सुप्रीम कोर्ट के यूजीसी की नई गाइडलाइन पर अभी लगाए गए स्टे और टिप्पणी ने ये बताया है कि कोई भी नियम, कानून, दिशा-निर्देश सामाजिक एकता, सुरक्षा और भेदभाव दूर करने के लिए लाए जाते हैं, न कि विभाजन फैलाने के लिए। अशांति और उपद्रव के फैलाने के लिए। जाति या वर्ग के नाम पर जो लोग उन्माद फैला रहे हैं। एक-दूसरे को अगर जाने-अनजाने किसी भी रुप में आहत कर रहे हैं तो कृपया ये न करें। क्योंकि अगर हम अपनी जातीय पहचान और जातीय दंभ के नाम पर समाज को बांटेंगे तो ये देश को और समाज को बांटने वाला होगा। सही का साथ, ग़लत का विरोध करना ही चाहिए।*
*दूषित राजनीति, स्वार्थी तत्व और भारत विरोधी गैंग तैयार बैठी है कि कब हम और आप कोई चूक करें। फिर वो देश में अशांति और वैमनस्य फैलाने में जुट जाएं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्णय के बाद से एक गैंग सक्रिय हो गई है। टूलकिट शुरू हो गई है कि जातीय आधार पर लोगों की भावनाओं को हवा दी जाए। किसी को बड़ा और किसी को छोटा बनाने की पुरज़ोर कोशिशें जारी हो गई हैं। लच्छेदार शब्दों, इमोशनल ढंग से संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करने का अभियान भी बड़ी चतुराई से शुरू हो चुका है। क्योंकि वो ये चाहते हैं कि विभाजन की चिंगारी से समाज को झुलसने के लिए छोड़ दिया जाए। अतएव सावधानी और सतर्कता रखिए।*

उन्हें पहली फुर्सत में हमें और आपको ही नकारना होगा।

आप और हम ये समझें कि जहां भी सामाजिक विभाजन की बात आएगी। अलगाव की बात आएगी। हम सब हर उस व्यक्ति और विचार के ख़िलाफ़ खड़े होंगे। जो हमारी एकता को तोड़ना चाहते हैं। ये हमारा प्रथम कर्तव्य है।

यूजीसी की नई गाइडलाइन का विरोध इसीलिए है क्योंकि ये संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। ये गाइडलाइन सामाजिक समरसता को तोड़ने वाली और वर्ग के आधार पर विभाजन फैलाने वाली थी। सुप्रीम कोर्ट के यूजीसी की नई गाइडलाइन पर अभी लगाए गए स्टे और टिप्पणी ने ये बताया है कि कोई भी नियम, कानून, दिशा-निर्देश सामाजिक एकता, सुरक्षा और भेदभाव दूर करने के लिए लाए जाते हैं, न कि विभाजन फैलाने के लिए। अशांति और उपद्रव के फैलाने के लिए।

जाति या वर्ग के नाम पर जो लोग उन्माद फैला रहे हैं। एक-दूसरे को अगर जाने-अनजाने किसी भी रुप में आहत कर रहे हैं तो कृपया ये न करें। क्योंकि अगर हम अपनी जातीय पहचान और जातीय दंभ के नाम पर समाज को बांटेंगे तो ये देश को और समाज को बांटने वाला होगा। सही का साथ, ग़लत का विरोध करना ही चाहिए।

दूषित राजनीति, स्वार्थी तत्व और भारत विरोधी गैंग तैयार बैठी है कि कब हम और आप कोई चूक करें। फिर वो देश में अशांति और वैमनस्य फैलाने में जुट जाएं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्णय के बाद से एक गैंग सक्रिय हो गई है। टूलकिट शुरू हो गई है कि जातीय आधार पर लोगों की भावनाओं को हवा दी जाए। किसी को बड़ा और किसी को छोटा बनाने की पुरज़ोर कोशिशें जारी हो गई हैं। लच्छेदार शब्दों, इमोशनल ढंग से संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करने का अभियान भी बड़ी चतुराई से शुरू हो चुका है। क्योंकि वो ये चाहते हैं कि विभाजन की चिंगारी से समाज को झुलसने के लिए छोड़ दिया जाए। अतएव सावधानी और सतर्कता रखिए।

ये समय शब्दों और बौद्धिक युद्ध का है। देश और समाज के शत्रु घात लगाए बैठे हैं कि कब आपको उद्वेलित किया जाए। कब जातिगत आधार पर समाज को निशाना बनाया जाए। एक-दूसरे को नीचा दिखाने के लिए सोशल मीडिया में कंटेंट भी खूब सर्कुलेट किए जा रहे हैं। हम सबकी जो शाश्वत पहचान भारतीय होने की है। हिन्दू होने की है। उसे कमतर दिखाने और जातीय पहचान को बड़ा दिखाने का अभियान भी शातिर बदमाश शुरू कर चुके हैं। युवाओं से विशेष निवेदन है कि धैर्य के साथ काम करें। आपका समर्थन और विरोध अपनी जगह हो सकता है। आक्रोश और उत्साह अपनी जगह है। लेकिन हम कहीं भी कोई ऐसी बात न कहें, न लिखें, न किसी की ऐसी बात सुनें जो किसी भी प्रकार के विभाजन को हवा देने वाली हो। क्योंकि स्वार्थी राजनीति, विभाजन फैलाने वाले लोग हमें आपस में लड़ा देंगे। इसमें उनके स्वार्थ होंगे। उसमें वो कामयाब हो जाएंगे। लेकिन समाज में अगर भेदभाव या जातीय विभाजन की खाई बनी तो उसे पाटने में न जाने कितना समय लग जाएगा। इससे व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की हानि होनी तय है। क्या हम ये स्वीकार करेंगे?

संपूर्ण हिन्दू समाज हमारा अपना समाज है। संविधान और कानून की परिभाषा में हम - ST/ SC/ OBC/ GENERAL/ EWS – आदि की कैटेगरी में गिने जा सकते हैं। हमारी अलग-अलग जातीय पहचानें हो सकती हैं। लेकिन हम ये याद रखें कि हम सबकी एक विराट पहचान हिन्दू होने की है। ये पहचान राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी हिन्दू होने की है। हमारे बीच में सहमतियां-असहमतियां हो सकती हैं। हम अपनी समस्याओं के हल अपने बीच मिल, बैठकर निकालेंगे। लेकिन कभी भी विचलित नहीं होंगे। उत्तेजना में भेदभाव या विभाजन की बातें नहीं आने देंगे। चाहे ये बात यूजीसी प्रकरण की हो या दूसरी बातों की। हम ये ध्यान रखें कि सामाजिक समस्याओं का हल कोई भी सरकार और प्रशासन नहीं ला सकते हैं। समाज की समस्याओं का हल समाज को ही खोजना पड़ेगा।

हम सब भारत माता की संतानें हैं, ये कभी न भूलें। हम ये ध्यान रखें कि अगर हम संगठित हैं, सशक्त हैं तो हमारा राष्ट्र सशक्त और सर्वसमर्थ है। अब तय हमें करना है कि हम देश और समाज को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# दादा गए, क्या फडनवीस को फायदा होगा!

*विजय विद्रोही*

अजित पवार की विमान हादसे में दर्दनाक मौत से उनका पूरा परिवार गहरे सदमे में है। उनकी एन.सी.पी. पार्टी के नेता, विधायक, कार्यकर्त्ता तिराहे पर हैं। दादा के जाने से देवेन्द्र (फडनवीस) पशोपेश में हैं। एकनाथ शिंदे सही वक्त के इंतजार में हैं। महाराष्ट्र की राजनीति कोई नई करवट लेने को बेचैन दिखाई दे रही है। ममता बनर्जी भले ही साजिश देख रही हों लेकिन महाराष्ट्र के नेता सियासत में चरमराहट सुन रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और एकनाथ शिंदे की आपसी सियासी लड़ाई में दादा पवार ढाल बनते रहे हैं। अब देवेंद्र और एकनाथ में नए सिरे से शह-मात का खेल शुरू हो सकता है।

पिछले विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद एकनाथ शिंदे जब मुख्यमंत्री पद पर दाव लगा रहे थे तो अजित दादा ने ही फडनवीस को महायुति का मुख्यमंत्री घोषित कर दिया था। यह फडनवीस के लिए बहुत बड़ी राहत थी। हाल के नगर निगम चुनावों के दौरान जब अजित पवार ने भाजपा पर भ्रष्टाचार को लेकर राक्षसी भूख होने का आरोप लगाया था, तब देवेंद्र ने इसे हंसी-मजाक में टाल दिया था कि अजित पवार दो कदम आगे दो कदम पीछे होते रहते हैं और वह कहीं जाने वाले नहीं हैं। दादा की विदाई के बाद उनकी पार्टी के सामने तीन ही रास्ते बचते हैं।

एक, पार्टी को पार्टी की तरह चलाया जाए और महाराष्ट्र की राजनीति में खुद के लिए अलग जगह बनाई जाए। दो, शरद पवार के आगे नतमस्तक हो कर उन्हें अपना नेता चुन लिया जाए। तीन, भाजपा की शरण में चल दिया जाए। सियासी जानकार कहते रहे हैं कि महाराष्ट्र जैसे राज्य में 6-6 दलों का लंबे समय तक टिके रहना संभव नहीं है। भाजपा, एन.सी.पी. और शिंदे सेना एक तरफ। कांग्रेस, शरद पवार की एन.सी.पी. और उद्धव ठाकरे की शिवसेना दूसरी तरफ। कुछ कहते रहे हैं कि जैसे एन.सी.पी. और शिवसेना 2-2 टुकड़ों में बंटीं, उसी तरह इन टुकड़ों का अपने-अपने गठबंधन की सबसे मजबूत पार्टी से नया रिश्ता बनना या फिर टुकड़ों का एक होना (दोनों में से एक) लाजमी है। तो क्या यह मान लिया जाए कि अजित पवार के जाने के बाद यह सिलसिला शुरू हो सकता है? यानी एन.सी.पी. अब एक हो जाए या अजित की एन.सी.पी. का बड़ा हिस्सा भाजपा में शामिल हो जाए।

मुख्यमंत्री तो दूसरे विकल्प का स्वागत ही करेंगे क्योंकि ऐसा हुआ तो दो फायदे होंगे। एक, एकनाथ शिंदे की दबाव की राजनीति से छुटकारा मिलेगा और दो, भाजपा का महाराष्ट्र में राजनीतिक कैनवास और भी ज्यादा बड़ा हो जाएगा। इतना बड़ा कि बाकी के दल कोने में सिमटे दिखाई देंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर अजित पवार की एन.सी.पी. का क्या होगा? अगर अपने दम पर अपने वजूद को कायम रखना है तो क्या दादा की पत्नी सुनेत्रा पवार को आगे आना होगा और कमान संभालनी होगी? वह लोकसभा चुनावों में सुप्रिया सुले (ननद) के हाथों हारी थीं और इस समय राज्यसभा सांसद हैं। भले ही वह राजनीति के दाव-पेंच नहीं समझती हों लेकिन उनके साथ भावनाएं जुड़ी हुई हैं। भले ही वह बारामती के महिला संगठनों तक सीमित रही हों लेकिन अब राज्य भर में अजित पवार समर्थकों को एक करने की क्षमता रखती हैं। एक नाम पार्थ पवार का भी है। अपने दोनों बेटों को दादा ने सक्रिय चुनावी राजनीति से दूर ही रखा है। पार्थ ने जरूर 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन हार के बाद सियासत से दूरी बना ली। दूसरा बेटा लंदन में बैठकर पिता का कारोबार संभालता है। यह भी माना जा रहा है कि पवार के समर्थक और वरिष्ठ नेता पार्थ को अपना नेता मानने में झिझक महसूस कर सकते हैं। अलबत्ता सुनेत्रा के नाम पर किसी को शायद ही एतराज हो।

वैसे एन.सी.पी. में प्रफुल्ल पटेल जैसे अनुभवी नेता भी हैं जो शरद पवार के लिए लंबे समय तक काम करते रहे हैं। शरद पवार के कारण ही वह यू.पी.ए. सरकार में मंत्री भी बनाए गए थे। पटेल गठबंधन की राजनीति के तमाम दाव-पेंच समझते हैं और इनके बीच में से अपने लिए रास्ता बनाना भी उन्हें बखूबी आता है। अलग-अलग दलों के नेताओं से उनकी दोस्ती, जान-पहचान है लेकिन अपने ही राज्य में कार्यकर्त्ताओं के बीच जमीनी पकड़ उतनी नहीं है जितनी उम्मीद किसी पार्टी अध्यक्ष से की जाती है। सुनील तटकरे भी मौका मिला तो एन.सी.पी. को संभालने की क्षमता रखते हैं। वैसे भी एन.सी.पी. की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष हैं और जमीनी कार्यकर्त्ताओं के बीच अच्छी पकड़ रखते हैं। कुछ लोग छगन भुजबल जैसे दलित नेता का भी नाम लेते हैं। हालांकि वह जेल से छूट कर फिर से सियासत में सक्रिय हैं लेकिन उन पर लग चुके आरोप उनका पीछा अभी भी नहीं छोड़ रहे। ऐसे में जो एकमात्र नाम बचता है, वह है शरद पवार। 84 साल की उम्र है, बीमार रहते हैं, रोजमर्रा की राजनीति उन्होंने बेटी सुप्रिया सुले और पोते रोहित पर छोड़ दी है। ऐसे नाजुक समय में वह फिर से एन.सी.पी. को नए सिरे से संगठित करने की क्षमता भी रखते हैं क्योंकि उन्हें राज्य भर के कैडर से सिर्फ एक अपील ही तो करनी है। यहां एक पेंच फंसता है। अगर दोनों धड़े एक होते हैं तो शरद पवार को तय करना होगा कि वह महायुति का हिस्सा बनेंगे या विपक्ष में बैठेंगे। सत्ता से दूर जाना क्या दादा की एन.सी.पी. के मंत्रियों और विधायकों को रास आएगा? यह अपने आप में बड़ा सवाल है? फिर इस बात की कोई गारंटी नहीं कि ऐसी परिस्थितियों में भाजपा एन.सी.पी. को तोडने की कोशिश नहीं करेगी। भाजपा को खुद का विस्तार करने का मौका मिलता है तो वह पीछे नहीं हटेगी। कहा जा रहा है कि अजित दादा जीते जी मुख्यमंत्री फड़नवीस के काम आए और बदले माहौल में भले ही तात्कालिक रूप से फडनवीस को शिंदे झटके दे रहे हों लेकिन अगर एन.सी.पी. टूटती है तो फायदा फडनवीस को ही होगा। फडनवीस हमेशा से ही अजित पवार को सियासी दोस्त मानते रहे जो मुश्किल दौर में प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से साथ देता रहा। एन.सी.पी. में फूट और दादा का महायुति के साथ आना सब फडनवीस ने ही प्रायोजित किया था। यह बात है जुलाई, 2023 की। दिलचस्प है कि इसके 4 दिन पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने दादा पर चुनावी रैली में 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया था। खैर, अब देवेंद्र फडनवीस के बचाव के लिए दादा नहीं हैं और कयासबाजी हो रही है कि भाजपा की नजर उनकी पार्टी पर है। राजनीति बहुत निर्मम होती है। महाराष्ट्र की राजनीति में तो कभी भी कुछ भी हो सकता है। बहुत कुछ शरद पवार पर भी निर्भर करता है। देखना दिलचस्प होगा कि वह क्या कदम उठाते हैं।

साहित्य



## चाय की दुकान

**श्याम सिंह बिष्ट**

पी आता हूँ
कुछ गम
कुछ खुशिया
कह, सुन आता हूँ
कुछ अपनी
कुछ उनकी,
उड़ रही जिंदगी
चाय के भाप की तरह
हमें है भ्रम
हम जी रहे हैं,
सुलगते, दहकते जज़्बात
कचोट रहें है मन को
तल पे सत्य छुपा है
ऊपर कप की
प्याली मैं जैसे
झूठ हिलोरें मार रहा है,
फूंक, फूंक कर
पढ़ रहा है चलना
डर हैं कहीं
जीवन यह अपना कर्तव्य
भूल ना जाए,
रोज के नए किस्से है
कुछ तेरे कुछ मेरे
हिस्से हैं।।



## राशिफल

**मेषः-** पुराने गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनाएं। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

**वृषभः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्कः-** सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंहः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें, नुकशान हो सकता है।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुलाः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय व्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**वृश्चिकः-** नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न शील बनें।

**धनुः-** नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव पहुंच सकता है।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप का कारण बन सकता है।

**मीनः-** मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

# यू.जी.सी. इक्विटी रैगुलेशन, उलटी दिशा में सफर

*मिहिर भोले*

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वीरवार यू.जी.सी. विनियम 2026 पर स्टे लगाने के बाद देश के हर सामान्य नागरिक विशेषकर छात्रों और शिक्षकों ने राहत की सांस ली है। उसकी जगह कोर्ट ने अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए फिलहाल पूर्ववर्ती 2012 के नियम को लागू कर दिया है। मार्च के महीने में 2026 के विनियम पर विस्तृत सुनवाई होगी। लेकिन माननीय मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जॉयमाला बागची की खंडपीठ ने इसके बारे में जो टिप्पणियां की हैं, वे काफी गंभीर और विचारणीय हैं। उन्होंने जाति से जुड़े कुछ आधारभूत प्रश्न किए हैं।

यू.जी.सी. के इस भेदभावपूर्ण विनियम के आलोक में माननीय सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी कि क्या हम उल्टी दिशा में जा रहे हैं, अपने आप में बड़े प्रश्न खड़े करती है। खंडपीठ ने कहा कि हमें एक जातिविहीन समाज की ओर बढना चाहिए लेकिन हम आजादी के 75 साल बाद भी जाति की जंजीरों में जकड़े हुए हैं। क्या पिछले 75 वर्षों में हमने जो कुछ हासिल किया, उसको गंवाना चाहते हैं? यह चिंताजनक है।

भारत का संविधान एक समावेशी समाज बनाने पर बल देता है। जातिवाद के खिलाफहमने बड़े कदम उठाए हैं। जिस किसी को भी सुरक्षा की जरूरत है वह उसको मिलनी चाहिए। जहां तक इस विनियम का प्रश्न है, तो प्रथम दृष्टया यह अस्पष्ट दिखता है। कानून के विशेषज्ञों को इसकी भाषा को स्पष्ट करने की जरूरत है। अपने वर्तमान स्वरूप में इस विनियम के दुरुपयोग की संभावनाएं हैं और यह संविधान की धारा 31 सी को चुनौती देता है। ये वही प्रश्न थे जो हर किसी को खटक रहे थे। वास्तव में उच्च शिक्षा व्यवस्था से यह अपेक्षा की जाती है कि वह समाज को बांटने वाले पूर्वाग्रहों से ऊपर उठकर ज्ञान, विवेक और मुक्त चिंतन को बढ़ावा दे। विश्वविद्यालय और कॉलेज विचारों के ऐसे मंच होते हैं, जहां व्यक्ति अपनी पहचान से पहले छात्र और फिर शोधकर्त्ता बनता है।



दुर्भाग्यवश, यू.जी.सी. द्वारा प्रस्तावित इक्विटी रैगुलेशन 2026 इसी मूल भावना के विपरीत खड़ा दिखाई देता है। यह विनियम समानता के नाम पर भेदभाव की एक ऐसी इकतरफा और संकीर्ण परिभाषा गढ़ता है, जो समस्या के समाधान से अधिक, नई समस्याओं को जन्म देने वाली है। स्वयं मेरे लिए एक शिक्षक के रूप में यह मानना कठिन है कि कक्षा में खड़ा होकर कोई भी शिक्षक अपने विद्यार्थियों को जाति के चश्मे से देखता या उनसे कोई भेदभाव करता है। वर्षों तक पढ़ाने, मार्गदर्शन देने और शोध कराने के दौरान एक शिक्षक के लिए छात्र की पहचान उसकी जिज्ञासा, अनुशासन और बौद्धिक क्षमता से बनती है, न कि किसी सामाजिक वर्ग से। यही कारण है कि अधिकांश शिक्षक अपने छात्रों की उपलब्धियों में ईर्ष्या नहीं, बल्कि गर्व महसूस करते हैं, चाहे वे किसी भी जाति-वर्ग से हों। जिस रोहित वेमुला प्रकरण के आलोक में इस एकतरफा कानून को बनाने की बात कही जा रही थी, उसकी सच्चाई खुद तेलंगाना सरकार की रिपोर्ट में खुल चुकी है।

यू.जी.सी. रैगुलेशन 2026 की सबसे गंभीर समस्या उसकी जातिगत भेदभाव की परिभाषा है। यह परिभाषा पहले ही यह मानकर चलती है कि शैक्षणिक परिसरों में भेदभाव एकतरफा होता है, यानी एक वर्ग स्वभावतः उत्पीड़क है और दूसरा पीड़ित। यह दृष्टिकोण न केवल बौद्धिक रूप से आलसी है, बल्कि सामाजिक रूप से खतरनाक भी। क्या भेदभाव केवल एक ही दिशा में होता है? क्या अपमान, बहिष्कार, और सामाजिक तिरस्कार किसी एक ही वर्ग तक ही सीमित है? आज का सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य बिल्कुल अलग है। जिन्हें हम पिछड़ा या दलित कह कर संबोधित करते हैं, वे अब देश और समाज का नेतृत्व कर रहे हैं, उच्चतम पदों पर आसीन हैं और अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। देश की अल्पसंख्यक सामान्य जाति की तरफसे इसका कोई विरोध भी नहीं है।

फिर भी पिछले कुछ दशकों में विश्वविद्यालय परिसरों में खुलेआम जाति-आधारित नारेबाजी, सामूहिक अपमान और वैचारिक बहिष्कार के दृश्य देखे गए हैं। 'तिलक-तराजू और तलवार' जैसे प्रतीकों को गाली बनाकर प्रस्तुत करना, एक पूरे समुदाय को शोषक, मनुवादी या पितृसत्तात्मक कह कर खारिज करना अब फैशनेबल बना दिया गया है। संभवतः मार्च में जब इस विनियम पर सुनवाई होगी तो न्यायालय के समक्ष खतरनाक जातिगत भेदभाव के ये उदाहरण भी रखे जाएंगे। इसको ध्यान में रखते हुए यदि अब सर्वोच्च न्यायालय की गंभीर टिप्पणियों को देखें तो यह स्पष्ट होगा कि हमारी असल जरूरत 'कास्ट-न्यूट्रल' कैंपस विकसित करने की है, जहां छात्र आपस में तथा छात्र और शिक्षक एक-दूसरे के साथ खुल कर बातचीत कर सकें और अपने विचार रख सकें। नियम जरूर बनें, पर वे ऐसे हों ताकि कैंपस में किसी के खिलाफ जातिगत दुर्व्यवहार या भेदभाव किया जाना असंभव हो। आवश्यकता इस बात की है कि हम पूर्वाग्रहों से प्रेरित नीति-निर्माण की बजाय संतुलित, तर्कसंगत और न्यायपूर्ण दृष्टि अपनाएं। यदि शिक्षा संस्थान ही सामाजिक अविश्वास और वैमनस्य के केंद्र बन गए, तो समाज को दिशा कौन देगा? आशा है सर्वोच्च न्यायालय में अब यू.जी.सी. रैगुलेशन 2026 को इन्हीं कसौटियों पर परखा जाएगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### एससी/एसटी एवं पाक्सो एक्ट के अभियोग में दोषसिद्ध अभियुक्त को न्यायालय ने सुनाई 10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा

**महोबा।** पुलिस महानिदेशक, उप्र द्वारा चलाये जा रहे अभियान आप्रेशन कनविक्शन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस द्वारा की गई गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन विभाग के संयुक्त प्रयास से न्यायालय में प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप विशेष पाक्सो कोर्ट, महोबा द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग एवं पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियोग में आरोपी अभियुक्त को दोषसिद्ध घोषित करते हुए दण्डित किया गया है।थाना चरखारी में पंजीकृत मु0अ0सं0 211/24 धारा 137(2)/76/65(2)/62 बीएनएस एवं धारा 9/10/17/18 पाक्सो एक्ट तथा एस0सी0/एस0टी0 एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त भरत कुशवाहा पुत्र रघुनाथ कुशवाहा, निवासी बैहारी, थाना चरखारी, जनपद महोबा को न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध पाते हुए 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 60,000/- (साठ हजार रुपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में सम्पन्न हुआ छात्र संसद का शपथग्रहण कार्यक्रम



**महोबा।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, आल्हा चौक महोबा में छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिवाकर मिश्र तहसीलदार महोबा , तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भागीरथ नगायच रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पण के साथ किया गया। इसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक ढंग से रोली तिलक, बैच, अंगवस्त्र तथा स्मृति-चित्र भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया । छात्र संसद में मंत्रियों ने जिम्मेदारी से कार्य करने व छात्रों में नैतिक क्षमता विकसित करने और स्कूल के सुचारू कामकाज की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन जगप्रसाद तिवारी द्वारा किया।छात्र संसद के प्रधानमंत्री पद पर बहिन नव्या सिंह ने शपथ ग्रहण की। भैया अभय गौतम को सेनापति चुना गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष भगीरथ नगायच ने विद्यार्थियों को शपथ और संकल्प के बीच अंतर समझाया कि शपथ किसी को साक्षी मानकर ली जाती है, जबकि संकल्प स्वयं को साक्षी मानकर लिया जाता है।कार्यक्रम के समापन पर छात्र संसद प्रमुख गिरीश सक्सेना ने सभी उपस्थितजन एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त आचार्य बंधु, हॉस्टल प्रभारी देवेन्द्र सिंह के अलावा बहन नव्या सिंह, पुष्पेन्द,राघव, यश बाजपेयी, अधिराज, अक्षरा, पुनीत शुक्ला, देवांश, समीर, जय कटारे,राज यादव, बहन सुहानी, भैया नैतिक, बहन मेनिका, अभय यादव, बहन यशस्वी, सक्षम आदि मौजूद रहे।

### प्राइवेट क्लीनिक के डॉक्टर की झांसी में इलाज के दौरान मौत

**राठ।** सोमवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडा फहराने के लिए राठ आ रहे प्राइवेट क्लीनिक के डॉक्टर की झांसी में इलाज दौरान मौत हो गई। शव गांव आते ही स्वजनों में मातम छा गया। मझगवां थाने के झिन्नावीरा गांव निवासी रामविदेही ने बताया कि उसके पिता 75 वर्षीय जयकरन मिश्रा गांव में ही क्लिनिक खुले थे। वह अपनी 20 बीघा कृषि योग्य भूमि पर खेती-बाड़ी कर घर का गुजर बसर करते थे। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे झंडारोहण में शामिल होने के लिए बाइक से राठ जा रहे थे। तभी रास्ते में तेज रफ्तार परिवहन निगम की बस ने टक्कर मार दी। घायल अवस्था में अस्पताल ले गए। जहां से झांसी रेफर किया गया। गुरुवार को उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी उर्मिला, पुत्र रामविदेही, हरचरण, रविंद्र और उदित नारायण को छोड़ गए हैं।

### स्टैंड पर खड़े युवक को तमंचा दिखाकर दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**राठ।** जलालपुर थाने के रिरुवा बुजुर्ग गांव निवासी अमित उर्फ अभिषेक पुत्र रामरतन श्रीवास ने बताया कि गुरुवार को अपने ही गांव के निखिल पुत्र चरन सिंह, दीपक पुत्र रामकुमार, विकाश पुत्र राधे सिंह के साथ ग्राम हरसुण्डी में आटा पिसवाने गया था। जैसे ही हम लोग आटा चक्की से हरसुण्डी बस स्टैंड तिराहे पर पहुंचे तो हरसुंडी निवासी मृगेन्द्र पुत्र कृपाल राजपूत आया और उसके साथ जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगा। गाली गौलज की आवाज सुनकर स्टैंड पर मौजूद मौसी गीता देवी पत्नी मन्त्री लाल श्रीवास निवासी अकबरपुर इटौरा थाना आटा जनपद जालौन भी आ गई। विरोध किया तो मृगेन्द्र तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने जलालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पेयजल की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**हमीरपुर।** कुरारा विकास खंड में एक माह से पेयजल की किल्लत से जूझ रहें ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी घनश्याम मीना को ज्ञापन सौपा है। कुरारा ब्लाक क्षेत्र के डामर गांव निवासी धनंजय सिंह, ब्रजेश कुमार, शिवधन, अनुराग सिंह, अनूप कुमार, सचिन यादव, सुरेंद्र, रामरतन, रामकिशोर, मनोज कुमार, रघुवीर आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि उनके गांव में चित्रकूट मंडल वाला नलकूप स्थापित है। लगभग एक नलकूप का बोर खराब होने के चलते ग्रामीणों को पेयजल की किल्लत से जूझना पड़ रहा है।ग्रामीण दूसरे गांव से पानी ढोकर पीने को मजबूर है। उन्होंने खराब नलकूप को दुरस्त करवाने की मांग की है।

### अच्छी प्रगति पर अवर अभियंता व उपखंड अधिकारी सम्मानित



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता व उपखंड अधिकारी को बिजली बिल राहत योजना में अच्छी प्रगति करने पर दोनों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक नीतीश कुमार ( आई ए एस) द्वारा विद्युत वितरण उपखंड हमीरपुर के उप खंड अधिकारी शहजाद खान व 33 केवी उपकेंद्र के अवर अभियंता दयानंद यादव को बिजली बिल राहत योजना 2025-2026 की दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में अच्छी प्रगति व राजस्व वसूली के कार्यों को निष्ठापूर्वक करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर हेड क्वार्टर आगरा में सम्मानित किया गया है।

### मां की तहरीर पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी गिरधारी सिंह के सुसाइड नोट पर प्लाट व जमीन पर कब्जा कर लेने की तहरीर मां ने थाने में तीन लोगों के खिलाफ दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी गिरधारी सिंह पुत्र स्व सूरजपाल सिंह ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर मां को भी खिला दिया था। जिसमें हमीरपुर से कानपुर के जाते समय गिरधारी की मौत हो गई है।मृतक की मां की हालत ठीक होने पर उसने थाने में ग्राम प्रधान रिठारी चंद्रेश सिंह गौर, पूर्व बार संघ अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौर व शिवनरेश सिंह उर्फ लालू के खिलाफ प्लाट पर व जमीन पर कब्जा कर उत्पीड़न करने की तहरीर दी है। पीड़िता कुंवर देवी पत्नी स्व सूरजपाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल बालिका की इलाज के दौरान मौत



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** गत 18 जनवरी को हाईवे पर ऑटो पलटने से घायल हुई बालिका की बृहस्पतिवार को देर शाम उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। गत 18 जनवरी को एक ऑटो मुख्यालय से सवारियां लेकर मौदहा जा रहा था। ऑटो में इंगोहटा निवासी दिलीप सोनकर अपनी पत्नी अंकिता सोनकर, पुत्री दिव्यांशी (3) के साथ बैठे हुए थे। हाईवे पर प्रेम नगर के पूर्व लीणा नाला पुल के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में दिलीप सोनकर की पुत्री दिव्यांशी गंभीर रूप से घायल हुई थी। इसको इलाज के लिए हैलेट में भर्ती कराया गया था। बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को शव के गांव में आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे माता-पिता और इकलौते भाई को रोता बिलखता छोड़ गई है।

### मसा पीर साईं बाबा के मेले में हुआ भंडारे का आयोजन

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के छिमौली मार्ग स्थित मसा पीर साईं बाबा का मेला धूमधाम से मनाया गया। जिसमे शुक्रवार को बाद नमाज़ जुमा फातहा के बाद भंडारा (लंगर) खिलाया गया जो देर शाम तक चलता रहा। मसा पीर साईं बाबा के आस्ताने में हिंदु मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने भंडारा छका और बाबा के दर पर माथा टेक दुआएं मांगी। साथ ही दिनभर बुंदेलखंडी भजनों का गायन होता रहा। आयोजक कर्ता राहत हुसैन ने बताया की मसा पीर साईं बाबा का मेला बीते 50 वर्षो से मनाया जा रहा है जो इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया इसका आयोजन हुसैनगंज क्योंटरा बखरी के तरफ से किया जाता है। जिसमें आस-पास के लोग भंडारा खाने के लिए यहां आते है।

# एसआईआर में अपनी पहचान साबित करने को मतदाताओं की भाग-दौड़ जारी

- नो मेपिंग नोटिस के बाद मतदाताओं को पहचान साबित करने के लिए कागजात एकत्र करने में बहाना पड़ रहा है पसीना



**कुलपहाड़ /महोबा, समृद्धि न्यूज।**

एसआईआर में नो मेपिंग नोटिस पाकर तहसील कुलपहाड़ में बड़ी संख्या में मतदाताओं की भीड़ उमड़ रही है। मतदाता मेपिंग नोटिस लेकर अपनी पहचान साबित करने के लिए जरूरी कागजात के साथ अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं।

बता दें कि एस आई आर अभियान की शुरुआत से ही मतदाता सूची में सम्मिलित होने के लिए भागदौड़ की प्रक्रिया समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। दिन प्रतिदिन लोगों की भीड़ तहसील में उमड़ रही है। तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में तहसीलदार प्रमित सचान व एई आर ओ अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार की मौजूदगी में शिविर लगाकर मतदाताओं के नाम वोटर सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान नोटिस की सुनवाई कर मतदाताओं द्वारा निर्धारित प्रमाण पत्रों में से कोई भी एक जमा कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। जिसमें भारी संख्या में मतदाताओं ने पहुंचकर नोटिस में भाग लिया है। एई आर ओ प्रवेंद्र कुमार ने बताया कि मतदाताओं से निर्धारित प्रमाण पत्रों में से किसी एक प्रमाण पत्र को शामिल कर मतदाता सूची में नाम दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाता परेशान न हों, 27 फरवरी 2026 तक सुनवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिनके पास जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र नहीं है, वह अभी बनने के लिए डाल दें। इसके अलावा परिवार रजिस्टर की नकल, हाई स्कूल का अंक पत्र, या माता पिता की 2003 की मतदाता सूची देकर नाम दर्ज करा सकते हैं। कहा कि कोई भी मतदाता को घबराने की जरूरत नहीं है, नाम जोड़ने व सुनवाई की प्रक्रिया अभी जारी रहेगी।

## युवक की हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध महिला बंदी ने दिया बेटी को जन्म

- जेल अधीक्षक ने गाजे-बाजे के साथ जच्चा और बच्चा का अस्पताल से वापस जेल में कराया प्रवेश
- खुशी से झूमे कैदी, जेल कर्मियों ने नन्हें मेहमान का दिल खोलकर किया स्वागत



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिला उपकारागार में हत्या के मामले में पति और ससुर के साथ विगत मई माह से जेल में निरुद्ध महिला बंदी ने अस्पताल में स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। महिला बंदी के अस्पताल में स्वस्थ बेटी को जन्म देने के बाद जेल प्रशासन द्वारा खुशियां मनाई गई और अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद जच्चा और बच्चा को गुब्बारों और फूलों से सजी सरकारी गाड़ी में बैठाकर ढोल नगाड़ों के साथ जेल के अंदर प्रवेश कराया गया। यह मार्मिक नजारा देख हर कोई हैरत में पड़ गया। जेल में निरुद्ध महिला के पति और ससुर जेल प्रशासन द्वारा की गई पहल की जमकर सराहना करते नजर आए। बताते चलें कि जिला उपकारागार में विगत 27 मई से पति और ससुर के साथ हत्या के मामले में निरुद्ध गर्भवती महिला बन्दी को विगत रात्रि प्रसव पीड़ा होने पर महिला जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। जेल में निरुद्ध महिला बंदी के द्वारा बेटी को जन्म देने के बाद जेल कर्मियों और बंदियों में खुशी की लहर दौड़ गई। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद जेल प्रशासन द्वारा सरकारी गाड़ी को दुल्हन की तरह सजाया गया और ढोल नगाड़ों की धुन पर जच्चा और बच्चा को जेल के अंदर प्रवेश कराया गया। अस्पताल से लेकर उपकारागार तक ढोल-नगाड़ों के साथ चल रही जेल प्रशासन की सरकारी मारुति वैन को देखकर हर कोई हैरत में पड़ गया और जानने की कोशिश करने लगा कि आखिर जेल प्रशासन द्वारा किसको इस तरीके से जेल ले जाया जा रहा है। जेल में प्रवेश होने के साथ ही जेल कर्मियों और निरुद्ध बंदियों द्वारा नवजात बच्ची का दिल खोलकर स्वागत किया गया एक दुसरे को मिठाई खिलाकर नन्हे मेहमान का जोरदार स्वागत और जेल प्रशासन के द्वारा की गई इस पहल की जमकर सराहना की गई। तो वहीं दूसरी तरफ नवजात बच्ची के पिता और बाबा ने जब यह मार्मिक नजारा देखा तो उनकी आंखों में भी खुशी के आंसू झलक पड़े। फिलहाल जेल प्रशासन नवजात बच्ची की छठी मनाने की तैयारी में जुटा हुआ है,और समाज को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए बेटी है तो कल है कि नारे के प्रति प्रेरित करता नजर आ रहा है। दरअसल हमीरपुर जिले के ग्राम टीहर निवासी लोकेश कुशवाहा की पत्नी सीमा को विगत रात्रि प्रसव पीड़ा होने पर इलाज के लिए जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया और जब अस्पताल से डिस्चार्ज करने के बाद उसे जेल ले जाने की बारी आई तो जेल अधीक्षक पी.के.मिश्रा के निर्देश पर जेल कर्मियों द्वारा ढोल नगाड़ों की धुन और सरकारी गाड़ी की सजावट करवा कर उसे जेल के अन्दर प्रवेश कराया गया।

## कच्ची दीवार गिरने से बुजुर्ग की मौत



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के बांकी तलैया मोहल्ला में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 62 वर्षीय बुजुर्ग की कच्ची दीवार गिरने से मौत हो गई। वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले धन से अपने कच्चे मकान को पक्का बनवाने का कार्य कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार इकबाल हुसैन (62) पुत्र मोहम्मद शहजाद, निवासी बांकी तलैया को हाल ही में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त मिली थी। शुक्रवार सुबह करीब 8-30 बजे वह अपने रिहायशी मकान की जर्जर कच्ची दीवार गिरा रहा था। इसी दौरान दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी और वह मलबे के नीचे दब गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर उसे बाहर निकाला। परिजन व स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा ले जाया गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।मृतक के दो पुत्र व तीन विवाहित पुत्रियां हैं। उसकी आजीविका का मुख्य साधन मजदूरी व खेती था। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।परिजनों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। स्थानीय प्रशासन ने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर जारी है महोबा पुलिस का जागरूकता अभियान

- महिलाओं एवं बालिकाओं को अधिकारों के साथ-साथ दी गई शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत जनपद महोबा में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान जारी है । मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की सक्रिय सहभागिता से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई आर्थिक सहायता योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई। महिलाओं को पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

## पुरानी रंजिश के चलते दंपति को पीटा, पुलिस को तहरीर दी

**राठ।** कोतवाली के धमना गांव निवासी गीता पत्नी बृजेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे पुरानी रंजिश के चलते और मामूली विवाद को लेकर गांव के तीन व्यक्ति उसके घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। उसके पति को भी मारापीटा। मारपीट से उसके हाथ व पति के सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं।

# महोबा पहुंचे यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का भाजपा विधायक ने रोका रास्ता

- नमामि गंगे योजना के तहत डाली गई पाइपलाइन में पानी न आने और खोदी गई सड़कों का निर्माण न होने से विधायक हैं नाराज



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के एबीवीपी द्वारा आयोजित कार्यक्रम से वापस निकलने के दौरान चरखारी विधानसभा से बीजेपी विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में नमामि गंगे योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन में पेयजल आपूर्ति की समस्या का निस्तारण ना होने से नाराज हो गए। चरखारी विधायक विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में पानी न पहुंचने और पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने से नाराज थे। आज जब जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह महोबा पहुंचे तो विधायक और उनके समर्थकों का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान मंत्री और विधायक के समर्थकों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की हुई, जिससे मौके पर जमकर नारेबाजी हुई। विवाद बढ़ता देख मंत्री स्वतंत्र देव सिंह विधायक को लेकर खुद डीएम कार्यालय पहुंचे, जहां सभी ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की गई। डीएम कार्यालय में तकरीबन डेढ़ घंटे तक चली बैठक के बाद जल शक्ति मंत्री प्रस्तावित कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए निकल गए। बैठक के बाद बाहर आए विधायक बृजभूषण राजपूत ने बताया कि मंत्री जी ने अधिकारियों को 20 दिन में समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। विधायक का कहना है कि अगर 20 दिन में समस्या का निस्तारण नहीं किया जाएगा तो हम ग्राम प्रधानों के साथ लखनऊ जाकर मंत्री जी का घेराव करेंगे। विधायक का आरोप है कि गांवों में पानी की भीषण किल्लत है और सड़कों की बदहाली से जनता त्रस्त है। इस हाई-प्रोफाइल विवाद ने प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। डेढ़ घंटे तक कलेक्ट्रेट परिसर छावनी में तब्दील रहा और कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट को बंद कर किसी की भी आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगा दी गई जबकि कलेक्ट्रेट के गेट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया मंत्री और विधायक के बीच कोई नोक झोक ने भाजपा विधायकों और मंत्रियों के बीच फैले असंतोष को सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया है जिससे पार्टी की फजीहत होना तय माना जा रहा है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैंने अपने बड़े लड़के इमरान से अपने सारे संबंध खत्म कर लिए हैं। इमरान न तो मेरी कोई बात मानता/सुनता है और न ही मेरी दवा,इलाज व सेवा सत्कार करता है। आजिज होकर उससे सारे संबंध खत्म करते हुए उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से भी बेदखल कर दिया है। अब उससे मेरा और मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता वो सरोकार नहीं है।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

- हिंद एंजिल्स पब्लिक स्कूल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को कस्बे के हिंद एंजिल्स पब्लिक स्कूल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि सुरेश सोनी विशिष्ट अतिथि अशोक पालीवाल प्रबंधक प्रभा शिक्षा निकेतन, क्राइस्ट कान्वेंट डायरेक्टर एस धनबालन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष सुरेश सोनी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश राजपूत, उपाध्यक्ष रमेश राजपूत, अजेश राजपूत, हरिकिशन राजपूत, कोषाध्यक्ष मनोज यादव, ऑडिटर राम प्रकाश अनुरागी, मीडिया प्रभारी डॉ मनोज शास्त्री, नीरज राजपूत को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्य अतिथि सुरेश सोनी ने कहा कि नवीन कार्यकारिणी इसी तरह अपना दायित्व निर्वहन करते हुए आगे बढ़े। हिंद एंजिल्स पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर शिवांगी राजपूत ने कहा कि इस दौर में विद्यालय चलाना बहुत ही कठिन है। कैलाश यादव ने कहा कि यह संगठन निरंतर आगे बढ़ता रहना चाहिए। प्रबंधक अजेश राजपूत ने एकता में शक्ति होती है। कार्यक्रम में मूलचंद्र, जनार्दन सिंह, शिवकुमार सिंह, शिवकुमार,अबरार अहमद, मनीष सैनी आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ मनोज शास्त्री, हरिकिशन राजपूत ने किया।

## घर के ऊपर ड्रोन उड़ाने का मामला, पुलिस ने एक माह बाद किया दर्ज

**राठ, हमीरपुर।** जलालपुर थाने के भेड़ीडांडा गांव निवासी रामकरन पुत्र किशोरीलाल गांव का रामजी पुत्र सुरेश गुप्ता व उसका साथी महेश्वरीदीन पुत्र तुलसीराम कुछ दिनों से रात्रि में ड्रोन कैमरा के माध्यम से उसके घर के ऊपर उड़ा रहे है। उक्त लोग उसे व उसके स्वजनों को चोट पहुंचा सकते है। बताया कि 30 दिसंबर की रात नौ बजे उक्त ड्रोन को उसके घर के ऊपर उड़ाया है। उड़ता हुआ ड्रोन घर में लगे सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गया है। बताया कि जब उसने उक्त लोगों से बात की तो वह गाली गलौज कर मारने पीटने को आमादा हो गए। कहने लगे कि अभी तो ड्रोन उड़ाया है। तुम्हे व तुम्हारे बच्चो को घर में घुसकर उठा लेंगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जलालपुर जलालपुर पुलिस ने एक माह बाद मुकदमा दर्ज किया है।

**सूचना**

**मैंने अपने पुत्र विपिन व पुत्रवधू नूतन का आचरण अच्छा न होने के कारण दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कार्य या लेन देन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

**सतीश सिंह पुत्र हरिबक्स सिंह निवासी ग्राम दौदापुर, थाना बेवर (मैनपुरी)।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RITESH KUMAR AGARWAL S/O KAILASH NATH AGARWAL था जो कि मैने अपना नाम बदलकर RITESH KUMAR AGRAWAL S/O KAILASH NATH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी राज स्टूडियो गली ब्राह्मणीपुरा थाना कोतवाली नगर जिला बहराइच यूपी।

**सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SAJIYA w/o MOHD JIYA ASHRAF था जो दिनांक 20/01/2026 को मैने अपना नाम बदलकर SHOOBI w/o MOHD JIYA ASHRAF रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी ग्राम महराजगंज पोस्ट जोत चांदपारा थाना हरदी जिला बहराइच यूपी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम GANGESH GOYAL S/O TEK CHANDRA GOYAL था जो दिनांक 15/01/2026 को मैने अपना नाम बदलकर GANGESH KUMAR GOEL S/O TEK CHANDRA GOEL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी मोहल्ला छावनी निकट अग्रवाल प्रेस थाना दरगाह जिला बहराइच यूपी।

## यूजीसी के नए नियमों के समर्थन में सड़कों पर उतरे भीम आर्मी कार्यकर्ता

- समानता को बढ़ावा देने और भेदभाव को रोकने में कारगर सिद्ध होगा यूजीसीः भीम आर्मी



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

यूजीसी के नए नियमों के समर्थन में शुक्रवार को भीम आर्मी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए, उन्होंने अम्बेडकर पार्क से लेकर कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति से सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौपा। जिसमे उन्होंने नए नियम से समानता को बढ़ावा देने और भेदभाव को रोकने में कारगर सिद्ध होने की बात कही है।

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष रामबाबू वर्मा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिसूचित उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाला विनियम है।पूरे भारत के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में निष्पक्ष, समाधेशी और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।इन नए विनियमों का उद्देश्य सरल और प्रभावी है उच्च शिक्षा में समानता को बढ़ावा देना और भेदभाव को रोकना।कहा कि कई वर्षो से वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को कक्षा, छात्रावास, पुस्तकालय और अन्य शैक्षणिक स्थानों पर अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ा है।इस विनियम से सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ सम्मान, गरिमा और समानता का व्यवहार होगा। ये विनियम यूजीसी के कानूनी ढांचे के अंतर्गत लाए गए हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 की भावना को दर्शाते हैं, जो शिक्षा में समावेशन और सामाजिक न्याय पर जोर देती है।उन्होंने विनियम 2026 का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि ये नियम ऐसे परिसरों के निर्माण की दिशा में एक दूरदर्शी प्रयास हैं, जो सभी के लिए अधिक सम्मानजनक, निष्पक्ष और समावेशी हों। ये इस सिद्धांत को मजबूत करते हैं कि हर शिक्षार्थी को, उसकी पृष्ठभूमि चाहे जो भी हो, आगे बढ़ने, सफल होने और समाज में योगदान देने के समान अवसर मिलने चाहिए। इस मौके पर श्याम सुन्दर वर्मा, श्रीपाल कुशवाहा, कुंवर चंद्र प्रजापति, रामजीवन कर्णधार, तिलक चंद्र, सुरेश कुमार, हसन खान गोलू, धर्मेंद्र सिंह, वीरेंद्र श्रीवास, सुरजीत सिंह, शुभेन्द्र धुरिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तलाश गस्ती



अमेरिका प्रसाद पुत्र गंगा प्रसाद निवासी दरगाह शरीफ सिंघापरासी थाना दरगाह शरीफ बहराइच दिनांक 20.10.2025 समय करीब 4:00 बजे अपने घर से कही चले गये है। स्थानीय थाना G.D.NO. रोजनामचाः 036 हुलिया उम्र लगभग 73 वर्ष, कद 5 फीट 4 इंच रंग-गोरा, पहनावा-सफेद कुर्ता व सफेद लुंगी पहने हुए है।

नोट- यदि उपरोक्त गुमशुदा के बारे में कोई पहचान या जानकारी मिलमी है तो निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर अवगत कराने का कष्ट करें।

| | | |
|---|---|---|
| क्षेत्राधिकारी नगर जनपद बहराइच मो. 9454401368 | उ.नि.मो. कादिर थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच मो. 9956613465 | प्रभारी निरीक्षक थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच मो. 9454400947 |

# अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के आठ बदमाश गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

स्वाट/सर्विलांस व थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना का अनावरण कर आठ शातिर अन्तर्जनपदीय चोरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 87 हजार पांच सौ रुपये नकद, 05 अदद तमंचा, 05 अदद जिंदा कारतूस, 04 अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। वादी दरोगा उर्फ समीउल्ला पुत्र झिन्कन निवासी ग्राम कदरवेत थाना चन्वटा जनपद कपिलवस्तु (नेपाल), जो थाना जहांगीराबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मिश्रीपुर स्थित देवां फिशरीज में मुंशी का काम करता है, ने सूचना दिया कि बीते 26 जनवरी की रात्रि अज्ञात व्यक्ति अन्दर घुस आये तथा अलमारी में रखे रुपये व 05 मोबाइल फोन उठा ले गये। उक्त तहरीर के आधार पर थाना जहांगीराबाद में मु.अ.सं. 20/2026 धारा 309 (4) बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के सफल अनावरण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स की मदद से घटना का अनावरण करते हुए 30 जनवरी को घटना में संलिप्त 08 अभियुक्तगण 1. मुकेश कुमार पुत्र चेतराम निवासी ग्राम गनौरा थाना जहांगीरबाद जनपद बाराबंकी 2. शिवराज पुत्र मनोहर उम्र निवासी बंकी दक्षिण टोला थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी 3. देवाशीष सिंह चौहान पुत्र संदीप कुमार



निवासी बालागंज थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ 4. राजकुमार उर्फ प्रज्ञादीप रंजन उर्फ राज पुत्र मायाराम गौतम निवासी ग्राम मामापुर थाना देवा जनपद बाराबंकी 5. मो0 सोनू पुत्र महबूब निवासी ग्राम सिपहिया थाना देवा जनपद बाराबंकी 6. जुनैद पुत्र निसार अली निवासी ग्राम बरेठी थाना देवा जनपद बाराबंकी 7. नौसाद पुत्र मुख्तार निवासी बीकेटी भौनी थाना बीकेटी जनपद लखनऊ 8. सुहेल पुत्र गौस मोहम्मद निवासी ककरहा मोड़ बाईपास थाना देवा जनपद बाराबंकी को पलिया मसूदपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 05 अदद अवैध तमंचा .12 बोर, 05 अदद जिंदा कारतूस .12 बोर, 04 अदद मोबाइल फोन, 87,500/- रुपये नकद बरामद किया गया। अवैध तमंचा बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण मुकेश, देवाशीष सिंह चौहान, राजकुमार, शिवराज, नौसाद के विरुद्ध थाना जहांगीराबाद पर क्रमशः मुकदमा अपराध संख्या 23, 24, 25, 26, 27/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ एवं जांच में ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण का एक गैंग है जो लूट आदि की घटनाओं को अंजाम देता है। गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश कुमार उपरोक्त व वांछित अभियुक्तगण सूरज व आशू द्वारा घटना की योजना बनाई गयी थी, घटना कारित करने से पूर्व फार्म हाउस की कई बार रेकी की गयी थी तथा फार्म हाउस का वाडियो भी बनाया गया था, फार्म हाउस में कितने लोग रहते हैं व पैसा कहां रखा जाता है इसकी सम्पूर्ण जानकारी कर ली गयी थी। तत्पश्चात योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया गया था। घटना में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

# विधायक ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौली के दयाराम पुरवा में ग्राम प्रधान भानु बाजपेई द्वारा आयोजित जय बजरंगबली ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 6 का शुभारंभ विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं। ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती हैं। टूर्नामेंट के अध्यक्ष राहुल वाजपेई ने बताया कि



विजेता टीम को 15555 रुपए और उपविजेता टीम को 1111 रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर सहजराम बाजपेई प्रधान लल्लन बाबू प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट प्रदीप बाजपेई प्रधान अभय प्रताप सिंह मनोज सिंह युवा नेता राहुल सिंह चौहान प्रधान अजय प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राजकीय हाईस्कूल चौबीसी का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड हैदरगढ़ के चौबीसी गांव स्थित राजकीय हाइस्कूल में वार्षिक उत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दिनेश रावत और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान गौरव सिंह ने हिस्सा लिया।
इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, नृत्य, नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने न केवल दर्शकों का मन मोह लिया, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर छिपी रचनात्मकता और आत्मविश्वास को भी उजागर किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू आदित्य शर्मा महेश शर्मा सहित राजकीय स्कूल के प्रधानाचार्य अध्यापक छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# जिला बार एसो. के कर्मचारियों को रेडक्रॉस ने वितरित किया कम्बल

**बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री व अधिवक्ता रहे मौजूद**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



महात्मा गाँधी ज़ी पुण्यतिथि पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी बाराबंकी द्वारा जिला बार एसोसिएशन के कर्मचारियों को कंबल वितरित किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष सहित पूर्व के सभी अध्यक्ष महामंत्री एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बार के वर्तमान अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने किया वहीं पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, हिसालबारी किदवई, सुरेन्द्र प्रताप सिंह बब्बन सिंह महामंत्री रामराज यादव विशिष्ट अतिथि रहे। अधिवक्ताओ ने रेडक्रॉस के द्वारा किए जा रहे सेवा सहायता के कार्यों की सराहना की। कंबल वितरण कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन एडवोकेट हुमायूं नईम खान ने किया। जिला बार एसोसिएशन के एक दर्जन कर्मचारियों को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गणों ने अपने कर कमलों से कंबल प्रदान किया। मुख्य अतिथि रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेंद्र सिंह ने कम्बल प्रदान करते हुए कहा कि रेडक्रॉस मानवता की सेवा और सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है जरूरतमंदों की सहायता चिकित्सा एवं अन्य आकस्मिक जरूरत के लिए सदैव मानवता के साथ है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने कहा की रेडक्रॉस सोसाइटी का यह सेवा कार्य सराहनीय है। रेडक्रास के संरक्षक सदस्य पर्यावरण प्रेमी आशीष वर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रेडक्रास के आजीवन सदस्य रत्नेश कुमार जिला बार के पूर्व महामंत्री सुनीत अवस्थी, वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश चंद शर्मा, राजकुमार वर्मा, नीरज वर्मा, सरफराज हुसैन, एडवोकेट सूरज बाजपेई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमीनुद्दीन, राकेश त्रिवेदी, अख्तर सिद्दीकी, श्यामबाबू शुक्ला, राना खान, सीपी सिंह, निशात अहमद, राजेंद्र चौहान आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## पिकप ने पिता-पुत्र को मारी टक्कर, पिता की मौत



**बेलहरा बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्टर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।
राहगीरों ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने पिता पिता को मृत घोषित कर दिया जबकि पुत्र की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।
जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बैरानामऊ मंझारी स्थित नौबस्ता निवासी संजय(50)पुत्र मुन्नीलाल अपने पुत्र लवकुश(20)के साथ गुरुवार देर शाम बाइक से घर लौट थे। तभी महादेवा-सूरतगंज मार्ग पर बीकेपुर गांव के निकट पुल के पास पहुंचते ही सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायल पिता-पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने संजय को मृत घोषित कर दिया,जबकि गंभीर रूप से घायल लवकुश की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूरतगंज चौकी प्रभारी उमेश कुमार वर्मा ने बताया कि हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया है,जिसकी तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।वहीं हादसे की खबर जैसे ही गांव पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# प्रतिबंधित आम,महुआ के वृक्षों पर वन माफिया ने चलाया आरा

**महराजगंज ,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन की मिली भगत से चल रहा है हरे वृक्षों पर आरा क्योंकि ठेकेदार डाल रहे हैं जिम्मेदारों को चारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा ओथी में बने अमृत सरोवर के पास प्रतिबंधित वृक्षों पर वन माफिया द्वारा आरा चला दिया गया और हरे भरे वृक्षों को जमीन पर काटकर गिरा दिया गया। वन विभाग और कोतवाली पुलिस की मिली भगत से इस समय वन माफिया जमकर हरे वृक्षों पर आरा चला रहे हैं और हरियाली को तहस-नहस करने पर तुले हुए हैं वही एक तरफ सरकार पेड़ों को लगवाने का काम कर रही है तो दूसरी तरफ वन माफिया हरे वृक्षों को काटने का काम कर रहे है । वन माफिया द्वारा आम ,महुआ, जामुन सहित प्रतिबंधित पेड़ों पर इस समय



जमकर आरा चलाया जा रहा है और जिम्मेदारों से पूछने पर केवल ना समझी वाली बात ही कहीं जा रही है कोतवाली क्षेत्र में इस समय वन माफिया हरियाली उजाड़ने पर तुले हुए हैं और इनके ऊपर वन विभाग सहित पुलिस प्रशासन का हाथ है अब देखने वाली बात यह है कि क्या इन पर कार्रवाई होती है या इसी तरह क्षेत्र से हरियाली उजड़ती रहेगी।प्रतिबंधित पेड़ों आम ,महुआ, जामुन के वृक्षों पर वन माफिया ने चलाया आरा।

महराजगंज ,रायबरेली प्रशासन की मिली भगत से चल रहा है हरे वृक्षों पर आरा क्योंकि ठेकेदार डाल रहे हैं जिम्मेदारों को चारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा ओथी में बने अमृत सरोवर के पास प्रतिबंधित वृक्षों पर वन माफिया द्वारा आरा चला दिया गया और हरे भरे वृक्षों को जमीन पर काटकर गिरा दिया गया। वन विभाग और कोतवाली पुलिस की मिली भगत से इस समय वन माफिया जमकर हरे वृक्षों पर आरा चला रहे हैं और हरियाली को तहस-नहस करने पर तुले हुए हैं वही एक तरफ सरकार पेड़ों को लगवाने का काम कर रही है तो दूसरी तरफ वन माफिया हरे वृक्षों

> सीओ प्रदीप कुमार ने बताया मामला संज्ञान मे आया है कार्यवाही की जाएगी वहीं मामले में राजस्व से हल्का लेखपाल भी मौके पर पहुंचे तथा जिस जगह पर पेड़ काटे गए वहां ग्राम पंचायत की जमीन दर्ज है लेखपाल के साथ प्रधान भी मौके पर मौजूद रहे।

को काटने का काम कर रहे है । वन माफिया द्वारा आम ,महुआ, जामुन सहित प्रतिबंधित पेड़ों पर इस समय जमकर आरा चलाया जा रहा है और जिम्मेदारों से पूछने पर केवल ना समझी वाली बात ही कहीं जा रही है कोतवाली क्षेत्र में इस समय वन माफिया हरियाली उजाड़ने पर तुले हुए हैं और इनके ऊपर वन विभाग सहित पुलिस प्रशासन का हाथ है अब देखने वाली बात यह है कि क्या इन पर कार्रवाई होती है या इसी तरह क्षेत्र से हरियाली उजड़ती रहेगी।

## वृद्ध महिला से दुष्कर्म का मामला, लोगों में आक्रोश

**लालगंज, रायबरेली।** जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है। जब घर से बाहर शौच के लिए गई एक वृद्ध महिला के साथ अज्ञात व्यक्ति ने पहले बेरहमी से उसकी पिटाई की और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद किसी तरह पीड़िता घर पहुंची और परिजनों को पूरी आपबीती बताई। परिजन तत्काल वृद्ध महिला को इलाज के लिए लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए। पीड़िता का प्राथमिक उपचार किया गया और उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। लालगंज कोतवाली प्रभारी प्रमोद सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

# डिप्टी सीएम ने पवनपुत्र की चौखट पर टेका माथा, लिया आशीर्वाद

**बछरावां ,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को अपने एकदिवसीय दौरे पर जनपद रायबरेली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सातवें राष्ट्रीय तंबाकू और स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्घाटन करने के लिए जा रहे प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने जनपद के सिंह द्वार पर स्थित क्षेत्र के प्रसिद्ध पिपलेश्वर चुरूवा हनुमान मंदिर पर पवन पुत्र की चौखट पर माथा टेक कर बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर के पुजारी ऋषि अवस्थी के द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पवन पुत्र हनुमान जी की पूजा अर्चना कराई गई। पूजा अर्चना के पश्चात मंदिर प्रांगण में मौजूद कुछ लोगों के द्वारा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर भी सम्मानित किया गया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का यह एकदिवसीय रायबरेली दौरा जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूती देने वाला है। उनके इस दर्शन पूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के अन्य गणमान्य जन मंदिर प्रांगण में मौजूद रहे।



## नीलगाय से टकराया बाइक सवार, हुआ घायल

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र हरचंदपुर के अंतर्गत अपने गांव से प्यारेपुर जा रहा एक बाइक सवार अधेड़ उस समय दुर्घटना का शिकार हो गया, जब वह अचानक सड़क पार कर रही एक नीलगाय से टकरा गया। घायल अवस्था में उक्त अधेड़ को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल अधेड़ जितेंद्र कुमार पुत्र महादेव उम्र 50 वर्ष निवासी बाला हरदोई थाना हरचंदपुर अपनी बाइक से शुक्रवार को अपने गांव से स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्यारेपुर गांव जा रहे था, तभी रास्ते में अचानक सड़क पार कर रही एक नील गाय से उनकी बाइक टकरा गई, जिससे वह सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस के द्वारा इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया है।

## अमर शहीदों की स्मृति में मौनधारण कर दी श्रद्धांजलि

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीदों के त्याग, बलिदान एवं राष्ट्रप्रेम को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मौन धारण कर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी अनिल चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर राम केवल त्रिपाठी, नीतेश राज सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पार्टी की छवि खराब करने एवं शंकराचार्य का बैनर लगाने पर हुआ मुकदमा दर्ज

**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल प्लाजा पर विवादित बैनर लगाने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। यह मुकदमा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रायबरेली पंकज तिवारी की तहरीर पर दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक विश्व हिंदू रक्षा परिषद के महामंत्री राहुल सिंह पर आरोप है कि उन्होंने एक ऐसा बैनर लगाया, जिसमें कांग्रेस पार्टी की छवि खराब करते हुए शंकराचार्य को रावण का अवतार बताया गया है। इतना ही नहीं बैनर में शंकराचार्य के लिए कांग्रेसाचार्य जैसे शब्दों का भी प्रयोग किया गया है। जिससे धार्मिक और राजनीतिक भावनाएं आहत होने का आरोप है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी का कहना है कि इस तरह के बैनर लगाकर समाज में भ्रम फैलाने एवं आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया है, और मामले को गंभीरता से लेते हुए बछरावां थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत किया गया है, मामले की जांच पड़ताल कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त विवादित बैनर को भी उसके लगाए गए स्थान से पुलिस के द्वारा हटवा दिया गया है।

# प्रेम विवाह के एक वर्ष पश्चात प्रेमी पति ने आत्महत्या कर समाप्त की अपनी जीवनलीला

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई गांव के पास स्थित गौशाला के निकट उस समय सनसनी फैल गई, जब लगभग एक वर्ष पूर्व प्रेम विवाह के माध्यम से विवाह के बंधन में बंधे पति-पत्नी के बीच पारिवारिक कलह से आहत होकर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी अंतर्गत हरदोई गांव के रहने वाले अर्जुन पुत्र ननकऊ उम्र 26 वर्ष निवासी हरदोई का शुक्रवार की सुबह अपनी पत्नी रोशनी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, विवाद होने के उपरांत नाराज पत्नी रोशनी अपना पूरा सामान लेकर घर से ऑटो रिक्शा के माध्यम से अपने मायके के लिए निकल गई, पत्नी के चले जाने के बाद उक्त मृतक पति अर्जुन मानसिक रूप से परेशान हो गया और अपने खेतों की तरफ चला गया। वहीं उक्त घटनास्थल के पास मौजूद उसके खेतों के किनारे स्थित एक नीम के पेड़ में उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मृतक युवक अर्जुन के परिजन मौके पर पहुंच गए और थोड़ी ही देर में उसकी पत्नी भी घटनास्थल पर पहुंच गई। उक्त घटना की सूचना आसपास के गांवो में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर सैकड़ो की संख्या में लोगों का जमावड़ा लग गया। ग्रामीणों के द्वारा सूचना पर पहुंची बछरावां पुलिस ने मृतक युवक के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उक्त युवक अर्जुन को मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक के परिजनों की मानी जाए तो उनका कहना है कि अर्जुन और रोशनी का लगभग 1 वर्ष पूर्व प्रेम विवाह हुआ था, रोशनी का मायका स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत विशुनपुर गांव का है। आए दिन दोनों के बीच किसी बात को लेकर पारिवारिक कलह होती रहती थी।



## ग्राम चौपाल में एसडीएम ने की जनसुनवाई

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को ग्राम मोहब्बतपुर में आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया द्वारा जनसुनवाई की गई। ग्राम चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। ग्राम चौपाल के दौरान जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान से संबंधित शिकायतों सहित अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याएं ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत की गईं। जिस पर उपस्थित राजस्व, विकास एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने समन्वय स्थापित करते हुए प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की। मौके पर कुल 8 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 3 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# सीडीओ के निरीक्षण में मिली कमियां, दिए निर्देश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड मछरेहटा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विकास खंड कार्यालय में संधारित विभिन्न अभिलेखों, पंजिकाओं एवं फाइलों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के समय अभिलेखों के संधारण, अद्यतन स्थिति तथा रिकॉर्ड प्रबंधन में कुछ कमियां पाई गईं।

निरीक्षण के उपरांत संबंधित कमियों को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेखों का समयबद्ध रूप से अद्यतनकरण कराया जाए तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं संधारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए



कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन किया जाए।

निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, योजनाओं से संबंधित प्रगति रिपोर्ट एवं लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त हो सके। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विकास खंड स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अभिलेखीय कार्यों में सुधार लाना तथा विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा।

## महिला थाना प्रभारी के प्रयास से दो दंपती पुनः साथ रहने को हुए राजी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु शुक्रवार को कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा पति पत्नी के बीच उत्पन्न समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया।

जिसमें दो विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा पुलिस को धन्यवाद दिया। जनपद पुलिस द्वारा उसे आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# डीएम ने दिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को विशेष जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा उदासीनता



स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी बैंक लक्ष्य के अनुरूप ऋण जमा अनुपात सुनिश्चित करें। सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, इंडियन बैंक, जिला सहकारी बैंक सहित अन्य खराब प्रगति वाली बैंकों के अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं जैसे सीएम युवा उद्यमी योजना, पीएम स्वनिधि योजना, एनआरएलएम सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप पात्रों को लाभान्वित किया जाये। अस्वीकृत किये गये आवेदनों की पुनः समीक्षा किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त कारण के कोई भी आवेदन अस्वीकृत न किया जाये। लम्बित आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। समस्त सरकारी विभागों को निर्देशित किया कि निरस्त किए गए आवेदन को पुनः बैंकों को प्रेषित करे।

## छापेमारी में प्रतिष्ठानों से तीन बालिकाएं कराई गईं बालश्रम से मुक्त

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद में बाल श्रम से संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे आपरेशन रक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार तथा उपजिलाधिकारी/ प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा मानव तस्करी रोधक इकाई एएचटीयू की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान अमेठी बाजार का निरीक्षण किया गया, जहां कुछ प्रतिष्ठानों पर नाबालिग बालक-बालिकाओं से कार्य कराए जाने की पुष्टि हुई। जांच में 3 बालिकाएं बाल श्रम में लिप्त पाई गईं। कार्रवाई के दौरान संबंधित बालिकाओं के माता-पिता को बाल श्रम न कराने की सख्त हिदायत दी गई तथा संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में बाल मजदूरी न कराने के निर्देश दिए गए।

# कन्नौज पहुंचे अखिलेश, डिप्टी सीएम के विमान हादसे पर उठाये सवाल

**समघन ,गुरसहायगंज समृद्धि न्यूज।**

**▸ बोले, अब भाजपाई खरीद रहे सोना-चांदी, अब गरीब पहनवाएंगे पीतल के जेवर**

अपने कन्नौज दौरे के दौरान सपा प्रमुख और जिले के सांसद अखिलेश यादव जहां बीजेपी सरकार पर हमलावर दिखे,वहीं आगामी चुनाव में सपा का एक ही मुद्दा होगा भाजपा हटाओ का नारा दिया जायेगा, की बात भी कही। बताते चलें कि शुक्रवार को अखिलेश यादव गुरसहायगंज में पार्टी नेता अनिल आर्य के आवास पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने पत्रकारों से भी वार्ता की।इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान पार्टी के कई पदाधिकारियों ,नेताओं, समर्थकों से भी वार्ता की। अपने कार्यक्रम में अखिलेश ने राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर की दिवंगत मां को श्रद्धांजलि दी और शोक संवेदना प्रकट की। इंद्रा नगर में स्व. अब्दुल सत्तार कुरैशी को भी अखिलेश ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।अपनी वार्ता में बीजेपी सरकार पर हमलावर दिखे। अखिलेश ने सोना चांदी के आसमान छू रहे मूल्यों को लेकर कहा कि, सरकार नहीं चाहती कि, गरीब व्यक्ति अब अपनी बेटी की शादी के लिए आभूषण ना खरीद सके, और केबल पीतल के जेवर बनवाकर पहनें, इसलिए सोने चांदी के भाव आसमान छूने लगे हैं, अब केबल भाजपाई ही सोना खरीदकर रखने लगे हैं, इस कारण सोने चांदी में महंगाई का आलम है। यूजीसी के सवाल पर अखिलेश बोले कि, इसे



छोड़िए, सरकार ऐसा कानून ला रही है कि, हम लोग जी भी खरीदेंगे उसका हिसाब भी अब सरकार के पास होगा। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम हादसे पर सवाल उठाते हुए अखिलेश ने कहा कि, हवाई जहाज बनाने वाली कंपनी और हादसे की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और हादसे की सच्चाई सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि,जो हादसा हुआ इसकी परिस्थितियां संदेहास्पद हैं, क्यों कि जब घटनास्थल पर विजिबिलिटी तीन कि.मी थी, तो यह दुर्घटना कैसे हुई। इस बात की भी जांच हो कि, जहाज बनाने वाली कंपनी ने इतनी जल्दी इतने सारे जहाज कैसे बनाए, इसलिए कंपनी की निर्माण प्रक्रिया पर भी सवालिया निशान खड़ा होता है, जिसकी जांच सरकार कराए। सपा प्रमुख ने कोरोना वैक्सीन का लेकर कहा कि कोरोना काल में जिनकी मौतें वैक्सीन लगवाने से हुई हैं उनकी सरकार गिनती कराए, इसे सेंसेस में शामिल करना चाहिए ताकि इस पर रिसर्च हो सके। कई बार राजनीतिक बयानबाजी केबल पद को बनाए रखने के लिए होती है, पीडीए की ताकत से बीजेपी को घबड़ाया हुआ भी अखिलेश ने बताया।बिजली, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर भी अखिलेश ने बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रहार किया। अखिलेश के कन्नौज दौरे के दौरान सैकड़ों की संख्या में नेताओं से लेकर पार्टी से जुड़े लोगों की भीड़ मौजूद रही। चेहरा दिखाने की होड और अपने नेता से हांथ मिलाने को हर कोई बेताब नजर आ रहा था।

इस दौरान पत्रकारों ने प्रेस क्लब गठन की बात सहित कुछ अन्य मुद्दों पर भी अपनी बात रखी।तिर्वा के फगुआ टोल पर सपा नेता अंशू पाल के साथ मौजूद लोगों ने अखिलेश का स्वागत किया। इसके अलावा जिले के कई नेताओं ने भी अलग अलग स्थानों पर अखिलेश का स्वागत करते हुई जिले की समस्याएं भी रखीं। शुक्रवार की सायं सपा प्रमुख वापस लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

## शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



**छिबरामऊ (कन्नौज)।** पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय जन आंदोलन फंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार दुबे ने कहा महात्मा गांधी का बलिदान आज भी हमें सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है, जब गांधीजी को गोली मारकर शहीद कर दिया गया था। आज के इस दौर में उनके आदर्शों को अपनाकर ही हम एक मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा गांधीजी के सिद्धांतों पर चलती रही है और आगे भी चलेगी। वर्तमान में देश कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन गांधीजी की शिक्षाएं हमें एकजुट होकर इनका मुकाबला करने की ताकत देती हैं। कार्यक्रम में अजय कुमार दुबे, आसाराम यादव, राजीव अग्निहोत्री, प्रिया श्रीवास्तव, अर्चना राठौर, देवकीनंदन दुबे मुन्ना, भैया लाल दुबे, राजेश कुमार, सुरेश तोमर, भारत सिंह वर्मा, भारत सिंह प्रजापति, प्रदीप दुबे, दिनेश कुमार आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री में ढिलाई पर सख्ती, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान

**कन्नौज।** जिले में फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने समीक्षा के दौरान पाया कि कुछ चकबंदी लेखपालों द्वारा कार्य में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। निर्धारित अवधि में अनूप सिंह, कृष्ण कुमार और आशुतोष गौतम द्वारा एक भी फार्मर आईडी नहीं बनाई गई, जबकि ममता और सानूज कुमार की प्रगति भी बेहद कमजोर रही। इस पर जिलाधिकारी ने इन सभी कर्मियों का जनवरी माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। वहीं चकबंदी लेखपाल शरद चौधरी ने 21 किसानों की फार्मर आईडी बनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र और एक हजार रुपये के पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्देश दिया है।

# कपूरपुर मैदान में होगी आजाद समाज पार्टी की महारैली



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

आजाद समाज पार्टी द्वारा 4 फरवरी को प्रस्तावित संवैधानिक अधिकार बचाओ भाईचारा बनाओ महा रैली का स्थान बदल दिया गया है। पहले यह आयोजन कसाबा गांव के मैदान में होने वाला था, लेकिन प्रशासन से अनुमति न मिलने के कारण अब यह कपूरपुर के खेल मैदान में होगी। जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने बताया कि कसाबा मैदान के लिए पिछले करीब 20 दिनों से लगातार प्रयास किए गए और अधिकारियों के चक्कर लगाए गए, पर अनुमति नहीं मिल सकी। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि वहां कार्यक्रम की इजाजत नहीं दी जाएगी। इसके बाद एसडीएम ने कपूरपुर मैदान में अनुमति प्रदान की। अब पार्टी पदाधिकारियों और प्रशासन के बीच पूर्ण सहमति बन गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद इस विशाल रैली को संबोधित करेंगे। प्रदेश संगठन मंत्री रामगोपाल ने मैदान का निरीक्षण किया और जेसीबी मशीन से सफाई व सुधार कार्य कराया गया। एसडीएम व सीओ सहित अन्य अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पार्टी कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से जुटे हैं। मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग और सुरक्षा इंतजाम चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जा रहे हैं। कपूरपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चंद्रशेखर आजाद के आगमन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। संयोजक गुलाम वारिस ने बताया कि कसाबा में तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, फिर भी अनुमति न मिलने से स्थान परिवर्तन करना पड़ा। पार्टी नेताओं का दावा है कि 4 फरवरी का यह कार्यक्रम ऐतिहासिक साबित होगा और बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। इस दौरान पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष विजय गिहार, जिला प्रभारी शेर सिंह, जिला महासचिव चांद खां, पूर्व जिला संयोजक गुड्डू कठेरिया, नगर अध्यक्ष अरशद खां, विधानसभा सचिव तालिब, मीडिया प्रभारी अनुज रावण व अंकित के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पेयजल की गुणवत्ता की जांच शुरू, तीन हैंडपंपों का पानी खराब



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका ने शासन की मंशा के अनुरूप पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष जांच अभियान शुरू किया है। अधिशासीअधिकारी (ईओ) सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर नगर क्षेत्र के सभी हैंडपंपों तथा पाइपलाइन से आपूर्ति किए जा रहे पानी की प्रदूषण जांच की जा रही है। जलकल लिपिक अंकित दुबे ने बताया कि बहवलपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 और 13 में कुल 95 हैंडपंपों की जांच की गई। इनमें से अधिकांश हैंडपंपों में टीडीएस (टोटल डिसॉल्व्ड सॉलिड्स) की मात्रा 400 से कम पाई गई, जो सुरक्षित सीमा में है। हालांकि, तीन हैंडपंपों में टीडीएस 500 से अधिक मिला, जिसके कारण इनका पानी खराब घोषित किया गया है। इसके अलावा, नगर पालिका की पाइपलाइन से प्रत्येक वार्ड में घरों तक पहुंचने वाले पेयजल की टीडीएस और क्लोरीन की मात्रा की भी जांच की जाएगी ताकि नागरिकों को शुद्ध पानी उपलब्ध हो सके। जांच के दौरान पालिका कर्मी अजय कुमार, शिवम तथा सभासद अमित शाक्य मौजूद रहे।

# नामांकन पत्रों की जांच में तीन पर्चे निरस्त



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

**बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव**

बार एसोसिएशन छिबरामऊ के वार्षिक चुनाव में शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच पूरी की गई। इस बार 11 विभिन्न पदों के लिए कुल 55 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए थे। जांच प्रक्रिया के दौरान तीन नामांकन पत्र अनुभव की कमी के आधार पर निरस्त कर दिए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र यादव ने बताया कि वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य पद के लिए हरिनंदन सिंह यादव और पंकज चतुर्वेदी के नामांकन पत्र रद्द किए गए, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर सद्दाम हुसैन का पर्चा निरस्त हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य पद के लिए उम्मीदवार के पास कम से कम 15 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है, वहीं कोषाध्यक्ष पद हेतु 10 वर्ष से अधिक का अनुभव आवश्यक है। इन शर्तों को पूरा न करने के कारण इन प्रत्याशियों के पर्चे खारिज किए गए।

नामांकन पत्रों की जांच में निर्वाचन अधिकारी आमिर रिजवी, राकेश कुमार दुबे, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार सिंह राठौर और दफेदार मौजूद रहे। जांच के बाद अब 52 प्रत्याशी चुनावी दौड़ में बने हुए हैं।

नाम वापसी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। नाम वापसी के बाद चुनाव की आगे की प्रक्रिया मे 16 फरवरी को मतदान और अगले दिन 17 फरवरी को मतगणना कराई जाएगी।

**वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य पद पर अब दो पद रहेंगे रिक्त**

**छिबरामऊ।** बार एसोसिएशन छिबरामऊ में वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य के 6 पद निर्धारित हैं। इस पद के लिए सिर्फ छह अधिवक्ताओं ने नामांकन किया था। नामांकन पत्रों की जांच में दो के नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गए। ऐसी स्थिति में जहां शेष बचे चार अन्य प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जाएंगे। वहीं दो पद रिक्त रहेंगे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 की समीक्षा की गई। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2020 के आधार पर 19 से 29 जनवरी 2026 तक प्राप्त प्रपत्र-6, 7 और 8 की सूची निर्धारित प्रारूप में संकलित कर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गई।

# जर्जर जिला पुस्तकालय की बदलेगी सूरत, दस लाख मंजूर

**▸ क्रिटिकल गैप्स मद से होगा कायाकल्प**
**▸ छात्रों की कठिनाई देख लिया बड़ा फैसला**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




छात्रों के भविष्य को मजबूत आधार देने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा और दूरगामी कदम उठाया है। वर्षों से जर्जर पड़े जिला पुस्तकालय का अब कायाकल्प होगा। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निरीक्षण के बाद तत्काल 10 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर पुस्तकालय सुधार कार्यों को हरी झंडी दे दी है।23 जनवरी 2026 को किए गए स्थलीय निरीक्षण में सामने आया कि छात्र-छात्राएं कठिन परिस्थितियों में भी नियमित अध्ययन कर रहे हैं, जबकि पुस्तकालय भवन की हालत बेहद खराब थी। फर्श टूट चुकी थी, प्रकाश व्यवस्था अपर्याप्त थी और बाउंड्रीवाल भी जर्जर अवस्था में थी।जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मरम्मत मद में धनराशि उपलब्ध न होने की जानकारी दिए जाने पर जिलाधिकारी ने क्रिटिकल गैप्स मद से 10 लाख रुपये स्वीकृत किए। इस राशि से फ्लोरिंग, फर्नीचर, फॉल सीलिंग, आधुनिक लाइटिंग और बाउंड्रीवाल की मरम्मत कराई जाएगी।निर्माण कार्य यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड, इकाई-10 कानपुर द्वारा कराया जाएगा। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे हों, ताकि छात्रों को शीघ्र ही सुरक्षित और आधुनिक अध्ययन वातावरण मिल सके।


## कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद, कन्नौज

पत्रांक 528/न.पं.सं./ई-निविदा सूचना/रा.वि.आ./2025-26 दिनांक: 30.01.2026

### ई-निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत समधन में राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई-निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल पर निम्नांकित विवरण के अनुसार आमंत्रित करती है। निविदाओं से सम्बन्धित नियम व शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसका अनुपालन समस्त प्रतिभागियों को किया जाना अनिवार्य है। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न प्रकार है-

| E-Bid Reference | Date & Time |
|---|---|
| Tender Release | 31.01.2025-2026 Time 1:00 PM |
| Tender Download Start | 31.01.2026 Time 1:00 PM |
| Bid Submission Start | 31.01.2026 Time 1:00 PM |
| Close of Bid | 20.02.2026 Time 1:00 PM |
| Bid Openning Technical | 21.02.2026 Time 1:00 PM |
| Bid Opening Financial | When Technical Bid Approved |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**


# अधिक आय के लिए ऑक्सीजन में करें सब्जी उत्पादनः डॉ. अमर सिंह



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सियरमऊ गांव में सब्जियों की ऑफ सीजन उत्पादन तकनीक विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया स जिसमे केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह ने बताया कि किसान भाई ऑफ सीजन ;समय से पूर्व सब्जी उत्पादन से अधिक आय प्राप्त कर सकते है जब मौसम खराब होता है खुले मे बीज की बुवाई संभव नहीं होती है उस समय सब्जियों जैसे कद्दू, लौकी, तरोई, करेला,खीरा, तरबूज आदि की पौध उत्पादन करे जिसके लिये 1 भाग सड़े गोबर की खाद 1 भाग बलुई मिट्टी एवं 1 भाग बालू लेकर मिश्रण तैयार करे इसके बाद छोटे-छोटे पालीथीन अथवा पाली पाली ट्रे लेकर पौध तैयार कर सकते है जिससे रोग मुक्त एव स्वस्थ पौध 30 35 दिनों मे पौध तैयार हो जाती है अथवा पोलीहाउस मे पौध उत्पादन कराये जिसमे प्रोट्रे 99 /104/50 खाने की प्रयोग मे लाते है तथा मिट्टी रहित सामग्री कोकोपीट रूवर्मी कुलाइट परलाइट ;3:1:1 तथा गुणवत्तायुक्त प्रमाणित बीज एवं जैव फूंदनाशक / 5.10 ग्राम ट्राइकोडर्माध् किलो मिश्रण मे मिलाएँ इसके बाद प्रोट्रे में मीडिया ;मिश्रण हल्के हाथ से भरें ऊपर से दबाव न दें बीज बुवाई प्रति सेल 1 बीज की बुवाई करते जिससे पौध 25 से 30 दिन मे तैयार हो जाती है इस प्रकार समय से पहले पौध तैयार कर पौध रोपण करने मे सब्जियों से 3 से 4 गुना अधिक आय हो सकती है प्रशिक्षण में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सुशील कुमार ने किसान भाइयो को स्वच्छता के लिए जागरूक किया।

## हजरत सैय्यद शफे शाह बाबा का 26 वां उर्स आज

**उरई (जालौन)।** हजरत सैय्यद शफे शाह बाबा का 26 वां सालाना उर्स ए मुबारक की सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। शनिवार को परचम कुशाई के साथ ही उर्स ए पाक शुरू होगा। उर्स में शामिल होने के लिए दरगाह पर जायरीनों के पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया है। उर्स में करीब आधा दर्जन उलेमा भी शिरकत करेंगे। जिले के अलावा अन्य जगहों से भी अकीदतमंद उर्स में शामिल होंगे। इस मौके पर दरगाह पर रोशनी और सजावट के पुख्ता इंतजामात किए गए हैं। एक फरवरी को कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा।दरगाह के मिडिया प्रभारी इरफान बाबा ने बताया कि आज 31 जनवरी सुबह सात बजे हजरत सैय्यद शफे शाह बाबा के अस्ताने पर कुरआन खानी होंगी।


## कार्यालय नगर पंचायत समधन, जनपद- कन्नौज

पत्रांक 527/नं0पं0स0/2025-26/सर्वे/ दिनांक-30.01.2026

### (अल्पकालीन निविदा सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत समधन कमशः राज्य वित्त आयेग से समस्त अर्ह ठेकेदारो/फर्म से निम्नवत् कार्यों हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक-07.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के साथ सलंग्न नियम व शर्तों के अनुसार ही निविदायें मान्य होगी। प्राप्त निविदायें उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस में ठेकेदारों/फर्मो की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोली जायेगी। प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय में सन्निहित होगा। बिना कारण बताये आमंत्रित निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहेस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र की बिक्री कार्यालय कार्यदिवस में निविदा जालने के दिवस से एक कार्यदिवस पूर्व तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | मकानों की अनुमानित संख्या | निविदा मूल्य (जी.एस.टी. एवं अन्य चार्ज सहित) | धरोहर धनराशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत की सीमान्तर्गत (भवन, सरकारी भवन, धार्मिक स्थल, भटन (आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्र), सड़क, चौराहे, सार्वजानिक शौचालय, सामुदायिक शौचालय, बस स्टैण्ड, मोबाइल टावर, इण्डिया मार्का-हैण्डपम्पो, स्ट्रीट लाइट पोल, विद्युत पोल, तरकारी/ प्राइवेट विद्यालय, सरकारी / प्राइवेट अस्पताल, आदि का चिन्हीकरण) का कार्य, गृहकर, जलकर एवं जलमूल्य एवं नगर का सम्पूर्ण मानचित्र व वार्डवार मानचित्र की हार्डकॉपी (मैप) निर्माण का कार्य, सम्पूर्ण नगर का डिजिटल मैप तैयार करने का कार्य, 01 सेट हाउस सर्वे रिकार्ड की हार्ड व साप्ट कॉपी (एक्सल पर) उपलब्ध कराना। एवं उनका मैप तैयार करने के कार्य का अलग-अलग बुकलेट तैयार करना आदि सम्पूर्ण कार्य। | 7500 | 1260 | 16500.00 | एक माह |

**नियम व शर्ते-**

1. निविदादाता को निविदा के साथ विज्ञप्ति में प्रकाशित जमानत धनराशि जमा करनी होगी। बिना जमानत धनराशि के निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। डाकघर बचत पत्र अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ.डी.आर./ टी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत समधन जनपद कन्नौज के पक्ष में बन्धक हो निविदा के संलग्न करना होगा।
2. फर्म को 05 वर्ष का कार्य करने का अनुभव होना चाहिये।
3. सर्वे का निर्धारित समय में एवं कार्यदिवस के अनुसार करना होगा।
4. यह कि कार्य नगर पंचायत अधिकारियों द्वारा जांचोपरान्त संतोषजनक पाये जाने पर ही भुगतान किया जायेगा।
5. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत समधन को सुरक्षित होगा। अस्वीकृत दशा में कारण बताया जाना सम्भव न होगा।
6. सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
7. निविदादाता के बिल भुगतान से आयकर व अन्य कर जो भी मान्य होंगे नियमानुसार कटौती की जायेगी।
8. निविदा खुलने के समय ठेकेदार अथवा उनका कर्मचारी उपस्थित रहेगा।
9. निविदा खोलने के दिन अवकाश होने की दशा में निविदायें अगले दिन खोली जायेंगी।
10. निविदादाता की फर्म के अधीन कार्यरत श्रमिकों का पंजीकरण उपश्रगायुक्त कन्नौज में होना अनिवार्य है।

**दिव्या गुप्ता**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**

**आसमा बेगम**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**


## सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत

**कालपी, जालौन।** बीती रात में स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बैरई में सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करने के लिये भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राहुल सविता पुत्र राजेंद्र सविता उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बैरई तहसील कालपी के परिसर में प्राइवेट तौर से खाना पकाने का काम करता है। राहुल सविता बीती रात करीब 9 बजे मोटरसाइकिल से कालपी से बैरई गांव जा रहे थे।जोल्हूपुर मोड़ -मदारीपुर मार्ग में ग्राम बैरई में मोटरसाइकिल एक्सीडेंट हो गया है। इस दुर्घटना में राहुल की हालत खराब हो गई। ग्रामीणों ने नाजुक हालत में सरकारी अस्पताल कालपी में भर्ती कराया।

# कलेक्ट्रेट गेट से मामू-भांजे मजार तक हटा अतिक्रमण

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सघन एवं प्रभावी अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद, लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कलेक्ट्रेट गेट नंबर-1 के सामने से मामू-भांजा मजार तक संचालित किया गया।

अभियान के दौरान सड़क एवं पटरियों पर अस्थायी रूप से किए गए अतिक्रमण, ठेले, गुमटी एवं अन्य अवरोधों को हटाकर मार्ग को पूरी तरह अतिक्रमण-मुक्त कराया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और आमजन को राहत मिल सके। नगर मजिस्ट्रेट ने अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि भविष्य में पुनः अतिक्रमण की स्थिति पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण आमजन को आवागमन में भारी असुविधा होती है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित सर्वोपरि है और नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर एवं सख्ती से जारी रहेगा। अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।





# 40 वर्षों से मेला रामनगरिया में कल्पवास कर रहे साबिर अली

**गुरु फक्कड़ बाबा के आदेश से शुरू हुआ सफर आज भी जारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट गंगा तट स्थित गंगा की गोद में मेला रामनगरिया आबाद है। यहां पर विभिन्न जिलों से आये श्रद्धालु कल्पवास कर पूजा भजन में लीन हैं। इन्हीं में से एक भक्त साबिर अली भी हैं। वह करीब 40 वर्षों से मेला रामनगरिया में आकर कल्पवास कर रहे हैं। वह अन्य भक्तों की तरह पूजा पाठ में लीन रहते हैं।

कायमगंज के पितौरा निवासी साबिर अली का कहना है कि उनके गुरु फक्कड़ बाबा के आदेश से उनका यह आध्यात्मिक सफर शुरु हुआ जो आज भी बदस्तूर जारी है। उन्होंने बताया कि 40 साल पहले उनकी मुलाकात एक फक्कड़ बाबा से हुई। जिन्हें उन्होंने अपना गुरु स्वीकार किया। गुरु के आदेश पर ही उन्होंने माघ मेले में कल्पवास शुरू किया था। दो साल पहले उनके गुरु का देहांत हो गया। जिसके बाद से साबिर अली आज भी उसी स्थान पर अपनी राउटी लगाते हैं जहाँ कभी उनके गुरु रहा करते थे।


मेला रामनगरिया में मौजूद साबिर अली

साबिर अली का जीवन इन दिनों पूरी तरह से एक कल्पवासी के नियमों में ढला हुआ है। उनकी दिनचर्या बेहद अनुशासित है। सुबह 5:30-6:00 बजे कड़ाके की ठंड में गंगा स्नान तथा दिन भर संतों के आश्रमों में जाकर सेवा करना और सत्संग में भाग लेना। उन्होंने कहा कि भोजन के रुप में वह भंडारे में मिलने वाला प्रसाद ग्रहण करते हैं।

शाम को आरती और भागवत कथा सुनने के बाद अपनी राउटी में विश्राम करते हैं। आस्था का यह सिलसिला अब उनकी अगली पीढ़ियों तक भी पहुँच रहा है।

साबिर अली बताते हैं कि पहले उनका बेटा इस दौरान उनके साथ समय बिताता था और अब उनका पोता भी उनके साथ कल्पवास में शामिल होने लगा है। वे अपनी इस अटूट श्रद्धा का श्रेय गंगा माँ की कृपा को देते हैं। साबिर अली की इस निष्ठा की सराहना केवल मुस्लिम समुदाय ही नहीं, बल्कि मेले में आए अन्य श्रद्धालु भी कर रहे हैं। उनके पड़ोस में राउटी लगाने वाले हरदोई के वेद प्रकाश और श्रद्धालु दृगपाल सिंह का कहना है कि साबिर अली पिछले 40 वर्षों से निरंतर यहाँ आ रहे हैं और वे हम सभी के लिए आपसी भाईचारे की एक महान प्रेरणा हैं।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में पिता-पुत्र सहित तीन पर दोष सिद्ध

**सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 31 जनवरी की तिथि नियत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने गैर इरादतन हत्या के मामले में अनूप कुमार उर्फ अमित कुमार, रोहिताश पुत्रगण पातीराम वर्मा, पातीराम पुत्र स्व0 निरंजन समस्त निवासीगण पुनपालपुर मेरापुर को दोषी करार देते हुए अनूप, रोहिताश को जेल भेज दिया, जबकि पातीराम के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी कर दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 31 जनवरी की तिथि नियत है।


जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

बीते पंद्रह वर्षों पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम पुनपालपुर निवासी श्रीकृष्ण पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को जुबानी सूचना देकर बताया कि मेरा रोहिताश, अनूप, सुरजीत, पातीराम से मोबाइल फोन के लेनदेन को लेकर झगड़ा हो गया था। उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वादी श्रीकृष्ण की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सुरजीत की पत्रावली पृथक कर किशोर न्यायालय में चली गई। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार पाल की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने अनूप, रोहिताश, पातीराम को दोषी करार देते हुए सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 31 जनवरी की तिथि नियत है।

## भाकृए ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय कृषक एसोशिएशन अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील दुबे ने राष्ट्रीय महासचिव रामवीर जाटव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 8 सूत्रीय मांग पत्र उप जिलाधिकारी अतुल कुमार को सौंपा। जिसमें कहा गया है की विधवा उर्मिला जाटव का पुत्र विपिन उर्फ कैचा दतूनगला निवासी शीलू पठान के यहां काम करता था। जो 2 वर्षों से लापता है। रिपोर्ट के बाद भी उसकी कोई तलाश नहीं हई। कायमगंज में विद्युत आने-जाने की कोई समय सीमा नहीं है। नगर से फुटपाथ गायब होने के कारण जाम की समस्याएं आ रही हैं। ग्राम भगवतीपुर में नांदेड़ की भूमि पर पूर्व बसपा नेता श्रीकृष्ण गौतम कई वर्षों से कब्जा किए हुए हैं। जिनको कब्जा मुक्त कराया जाए। इस अवसर पर राष्टीय महासचिव रामवीर जाटव, राष्टीय अध्यक्ष सुनील दुबे, राष्टीय प्रवक्ता मुन्ना लाल सक्सेना, रामलाल गुप्ता, बिंदु गंगवार, जय सिंह व चंद्र आदि किसान व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय विधायक व बीडीओ ने सुनीं जनसमस्यायें


जनता की समस्यायें सुनतीं विधायक व बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासनादेश के अनुसार क्षेत्रीय विधायक तथा विकास खंड अधिकारी ने जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनीं।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमरापुर नगला मकोड़ा में आज शासनादेश के द्वारा चलाई जा रही गांव की समस्या गांव में निवारण के तहत जन चौपाल लगाकर क्षेत्रीय विधायक तथा विकास खंड अधिकारी ने अपने अधीनस्थों के साथ मिलकर जनता की समस्याएं सुनीं। जिसमें विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान तथा ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप राजपूत ने आवास रिचेकिंग, क्रॉप सर्वे, पेंशन योजना सहित अन्य कई योजनाओं पर चर्चा की तथा ग्रामीणों से जमीनी हकीकत जानी। विकास खंड अधिकारी ने सभी ग्रामीणों से समस्याओं के निस्तारण के लिए आवेदन करने के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय में आने के निर्देश दिए तथा कहा कि वहीं पर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा और सभी लाभार्थी अपनी-अपनी समस्याओं को ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में लिखकर दें। यह सभी गांव की समस्याएं हैं। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करते हुए उनका लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान, क्षेत्रीय विधायक सुरभि, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी कुलदीप राजपूत, ग्राम प्रधान रामनिवास राजपूत सहित सभी ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले के मामले में युवक पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने बंटू पुत्र राजकुमार निवासी बाबुरारा नवाबगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 31 जनवरी की तिथि नियत है।

बीते 18 वर्षों पूर्व थाना नबावगंज क्षेत्र के ग्राम बबुरारा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र बाबूराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 28 अगस्त 2007 को वह अपने खेत से घर आ रहा था, तो राकेश के घर के सामने पड़ी उसकी चाची की जगह को अभियुक्तगण कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे, जब मैंने विरोध किया, तो समय करीब छः बजे गांव के रामबहादुर, राजकुमार, रामप्रकाश, बंटू ने अपने अपने हाथों में लिए हुए टकोरा व लाठी-डंडों से मुझे मारापीटा। जिससे मेरी पीठ में चोटें आईं। मौके पर गांव के कई लोग आ गए। उन्होंने लोगों ने मुझे बचाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने बंटू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 31 जनवरी की तिथि नियत है। अन्य आरोपियों की पत्रावली पृथक हो गई और न्यायालय द्वारा दंडित किया जा चुका है।

# दस वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद मदरसे से निकले छह हाफिज

**ग्रामवासियों व इमाम ने पगड़ी पहनाकर किया इस्तकबाल**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

काफी दिनों की कड़ी मेहनत के बाद मदरसे से निकले छह हाफिज का ग्रामवासियों तथा मदरसे के इमाम ने पगड़ी बांधकर इस्तकबाल किया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव जाफर नगर में शुक्रवार को चारों तरफ खुशी का माहौल देखने को मिला। जहां लगभग 10 वर्षों से कड़ी मेहनत कर रहे मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के ग्राम बाबरपुर स्थित मदरसे के शाही इमाम कारी तस्लीम की मेहनत रंग लाई। उनके 10 वर्षों के कड़े परिश्रम के बाद मदरसे से एक साथ छह हाफिज निकले। जिसमें नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव जाफर नगर निवासी हाफिज मोहम्मद शोएब, फर्रुखाबाद के हाफिज मोहम्मद अरमान, हाफिज मोहम्मद तौसीफ, मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव रेहा निवासी हाफिज मोहम्मद कैफमाही, मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के ही गांव तुर्कीपुर निवासी हाफिज मोहम्मद नादिर, जनपद कन्नौज के निवासी हाफिज मोहम्मद इमरान एक साथ हाफिज की परीक्षा में पास हुए और उन्होंने एक साथ कुरान हफ्ते किया। लंबे समय से आस लगाए परिजनों के सपने पूरे हुए। वहीं गांव में भी खुशी का माहौल रहा। जहां बीते कल मदरसे में रात में पगड़ी बांधकर इस्तकबाल किया गया, वहीं आज अपने गांव जाफरपुर में हाफिज मोहम्मद शोएब के परजनों ने हौसलाआफजाई करते हुए भोजन की व्यवस्था पूरे गांव की कराई। सभी लोगों ने हाफिज मोहम्मद शोएब को बधाइयां तथा दुआएं दीं।


हाफिज अपने साथियों के साथ मोहम्मद शोएब

## खबरें एक नजर में

### चेयरमैन साहब जरा इधर भी नजर डालिए, जलभराव से लोग परेशान


जलभराव से होकर निकल रहे लोग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** एक नज़र इधर भी डालिए चेयरमैन साहब, मोहल्ले में जल भराव से हो ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने उपरोक्त समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग की है। नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला नयागनीपुर में जाने के लिए तालाब में भारी गंदगी से हुए जल भराव से ग्रामीणों का निकलना दूभर हो रहा है। जिस रास्ते से लगभग आधा सैकड़ा से अधिक घरों का रास्ता होकर गुजरता है, वहां से निकलने के लिए लोगों को खासी परेशानी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही मोहल्ले के निवासियों का कहना है की कई बार इसके लिए सभासद तथा नगर पंचायत कार्यालय में अपनी गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक इसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसके लिए ग्रामीण अब ग्रामीण नगर पंचायत अध्यक्ष से निगाहें लगाये बैठे हैं कि कब उनका रहमोकरम हो जाए और मोहल्ले से जलभराव की समस्या खत्म हो जाए।

### विद्युत टीम पर हमलाकर मारपीट, नकदी व सामान लूटने का आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विद्युत अवर अभियन्ता जावेद अहमद ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है की तहसील क्षेत्र के गाँव किन्दर नगला में विद्युत टीम राजस्व वसूली तथा कनेक्शन काटने का कार्य कर रही थी। इसी बीच अंकुर, सोहित, मोहित, विष्णु, सचिन पुत्रगण नामालूम तथा इनके साथ आठ नौ अज्ञात लोगों ने विद्युत टीम पर जानलेवा हमला कर दिया तथा कुलदीप एवं श्याम सिंह लाइनमैन को पकड़कर गाली-गलौज कर मारापीटी कर जानसे मारने की धमकी दी। इसी क्रम में बीच बचाव के लिए रविन्द्र सिंह आये, तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी जातिसूचक गलियाँ दीं। विद्युत कैशियर अजय माथुर ने आरोप लगाया उक्त लोगों ने 46416 रुपये व प्रिन्टर लूटने का आरोप लगाया।

### मजदूर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। यह घटना शुक्रवार शाम को हुई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह शैतान पुत्र सोनेलाल राठौर काम पर गया था। शाम को काम से लौटने के बाद उसने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। युवक की पत्नी ने उसे फांसी पर लटका देखा तो वह चिल्लाने लगी। घर पर मौजूद अन्य सदस्यों ने युवक को नीचे उतारा और तुरंत नगर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। नर्सिंग होम में डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले गए। जहां शोक का माहौल छा गया।

### किराया मांगने पर ई-रिक्शा चालक पर ईंट से हमला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गाँव बॉसमई निवासी ई-रिक्शा चालक अखिल भदौरिया पर शुक्रवार को पुठरी में एक युवक ने ईंट से हमला कर दिया। अखिल ने युवक से किराए के पैसे मांगे थे। जिसके बाद यह घटना हुई। जानकारी के अनुसार अखिल करनपुर से सवारियों को लेकर पुठरी गया था। पुठरी पहुंचने पर जब अखिल ने युवक से किराए के पैसे मांगे, तो युवक ने पैसे देने से इनकार कर दिया और गाली-गलौज करने लगा। जब अखिल ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो युवक ने उस पर ईंट से हमला कर दिया। ईंट लगने से अखिल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अखिल ने थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सीपीवीएन के छात्र-छात्राओं का तीन दिवसीय देहरादून-हरिद्वार टूर पूर्ण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के सी.पी. विद्या निकेतन के छात्र-छात्राओं का तीन दिवसीय देहरादून हरिद्वार का टूर आज शाम पूर्ण हुआ। इस टूर में छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से इसरो (इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन) की सहयोगी संस्थान आई.आई.आर.एस. (इडियन इस्टिट्यूट ऑफ़ रिमोट सेंसिंग) में ना केवल भ्रमण पर गए बल्कि उन्होंने वहां जाकर कार्यरत उच्च शिक्षा प्राप्त अधिकारियों के साथ वार्तालाप किया एवं संस्थान की कार्यप्रणाली को पास से जानने की कोशिश की। यहां सीपी विद्या निकेतन में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर पूरा ध्यान दिया जाता है और हम समझते हैं की कक्षागत शिक्षण के साथ-साथ यात्रा देशाटन एवं टूर का भी अपना महत्व है। हम अपना शिक्षा का स्तर वहां से शुरू करते हैं जहां बाकी के विद्यालयों का समाप्त हो जाता है।


टूर पूर्ण होने के बाद छात्र-छात्राएं

विद्यालय के प्रबंधक सत्य प्रकाश अग्रवाल, निर्देशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य आर बाजपेई ने दीपक जैना उप प्रधानाचार्य जिनकी देखरेख में इस टूर का क्रियान्वयन हुआ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं। विगत 28 जनवरी 2026 को प्रातः विद्यालय की निदेशक, प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य ने इस टूर को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस टूर पर विद्यालय के कक्षा आठ, नौ एवं ग्यारह के 57 छात्र छात्राएं एवं शिक्षक दल में विनय प्रताप सिंह, दीपांशी गंगवार, आशीष त्रिवेदी एवं संजीव दीक्षित साथ गए।

## गंगा में कटान जारी, बच्चा बाबा आश्रम से हटायीं गयीं सात झोपड़ियां


कटान कर रही गंगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट पर लगे श्री रामनगरिया मेले में गंगा नदी का कटान जारी है। पिछले तीन दिनों से हो रहे इस कटान के कारण बच्चा बाबा के आश्रम से सात अस्थायी झोपड़ियां हटानी पड़ी हैं। पांचाल घाट पर हजारों की संख्या में संत और श्रद्धालु कल्पवास कर रहे हैं। दुर्वासा ऋषि आश्रम के ठीक सामने गंगा बीते तीन दिनों से लगातार कटान कर रही है। गंगा पुत्रों के अनुसार नदी ने लगभग एक मीटर तक कटान किया है। कटान के कारण कल्पवासियों को असुविधा न हो, इसके लिए गंगा पुत्रों ने घाटों को दुरुस्त किया है। बच्चा बाबा के आश्रम में बड़ी संख्या में कल्पवासियों के लिए राउटी लगी थीं। जिनमें से सात को सुरक्षा की दृष्टि से हटाना पड़ा है। बच्चा बाबा ने बताया कि कटान तेजी से हो रहा है। जिसके चलते राउटी हटाई गई हैं। गंगा पुत्र रामनिवास ने भी पुष्टि की कि पिछले तीन दिनों से कटान जारी है और गंगा की धार इसी ओर बढ़ रही है। घाट को सुरक्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। गंगा पुत्र ने बताया कटान होने के कारण यहां नया घाट बनाना पड़ा है। ऐसे में पहले ट्रैक्टर चलवाना पड़ा। बताया घाट पर श्रद्धालु आरती करने आते हैं। ऐसे में दिक्कत होती है। इसी को लेकर इसको दुरुस्त किया जा रहा है।

# गौशाला के लिए दाना लेकर आ रहा ट्रैक्टर तालाब में डूबा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

गौशाला के लिए दाना सहित अन्य सामान लेकर आ रहा ट्रैक्टर तालाब में अनियंत्रित होकर डूब गया। चालक को जैसे-तैसे ग्रामीणों ने निकाल लिया, लेकिन अभी ट्रैक्टर नहीं निकल सका। जिसे निकालने का प्रयास जारी है। विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत शाहपुर गंगपुर के प्रधान प्रतिनिधि मनोज के द्वारा गौशाला के लिए दाना सहित अन्य सामान ट्रैक्टर द्वारा मंगवाया गया था। जैसे गौशाला के निकट पहुंचते ही ट्रैक्टर तालाब में अनियंत्रित होका पलट गया। जिससे उसमें रखा लाखों रुपये दाना ट्रैक्टर सहित पानी में डूब गया। जिससे हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने चालक संजू को बाहर निकाला। वहीं दूसरा ट्रैक्टर मंगवाकर डूबे हुए ट्रैक्टर को निकालने का प्रयास ग्रामीण कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक डूबे हुए ट्रैक्टर को बाहर नहीं निकाला जा सका था।


तालाब में डूबा ट्रैक्टर

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

थाना पुलिस ने अवैध तमंचा और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का हाल ही में अवैध हथियार के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक ग्राम कैरई में निर्माणाधीन पुलिया के नीचे छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही कंपिल थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान दुर्गेश लगभग 24 वर्ष पुत्र अनार सिंह निवासी ग्राम पलीतपुरा थाना कंपिल के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली। जिसमें उसके पास से एक 315 बोर का अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी दुर्गेश के खिलाफ आयुध अधिनियम 1959 की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।


तमंचा के साथ गिरफ्तार युवक

थानाध्यक्ष नितिन चौधरी ने बताया कि आरोपी का अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नितिन चौधरी, उप निरीक्षक धीरज कुमार, कांस्टेबिल अमित कुमार, कांस्टेबिल हन्नी कुमार और कांस्टेबिल सुमित कुमार शामिल थे।

## महिला ने पुत्री की फोटो एडिट कर परेशान करने का लगाया आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपनी बेटी की फोटो एडिट कर रिश्तेदारों को भेजने और इंस्टाग्राम पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत की है। महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि एक अज्ञात युवक उसकी बेटी की तस्वीरों को एडिट करता है। इन एडिट की हुई तस्वीरों और आपत्तिजनक मैसेज को वह महिला के रिश्तेदारों को भेजता है। शिकायत के अनुसार आरोपी इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए भी लगातार मैसेज भेजकर परेशान कर रहा है। इस उत्पीड़न से परेशान होकर महिला ने संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट चलाने वाले के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


रामनगरिया मेले में फैली गंदगी

## रामनगरिया मेला में सफाई व्यवस्था बदहाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट गंगा तट पर लगा मेला रामनगरिया अपने अंतिम चरण में पहुँच रहा है। 3 फरवरी को इस मेले का समापन होना है। जैसे-जैसे मेला अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है यहाँ की साफ़-सफाई व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। मेला बाजार से लेकर कल्पवासियों के तंबुओं के आसपास भी गंदगी का अंबार देखा जा सकता है। रात से लेकर सुबह और दोपहर तक गंदगी पड़ी रहती है। मुख्य आवागमन मार्गों पर तो कर्मचारी साफ़-सफाई कर देते हैं, लेकिन अंदरूनी बाजार और श्रद्धालुओं के तंबुओं वाले क्षेत्रों में सफाई नहीं हो रही है। इसका परिणाम यह है कि मेले में कई स्थानों पर कूड़े के ढेर दिखाई देते हैं और कीचड़ व कूड़ा फैला हुआ है। कई जगह रखे डस्टबिन भी कूड़े से भर चुके हैं। मेला क्षेत्र की सड़कों पर कूड़ा पड़ा होने से आवारा जानवर भी आते हैं। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। इस मामले पर मेला रामनगरिया के सफाई ठेकेदार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। मेला सचिव ने बताया कि साफ़-सफाई लगातार कराई जाती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि अंदरूनी गलियों में सफाई नहीं हो रही है, तो वे स्वयं निरीक्षण कर इसे सुनिश्चित करवाएंगे।

# गर्भवती महिलाओं व बच्चों का हुआ टीकाकरण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड की ग्राम पंचायत ज्योना में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए एक टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। यह शिविर आयुष्मान आरोग्य मंदिर ज्योना में लगाया गया। जहाँ बड़ी संख्या में लाभार्थियों का टीकाकरण हुआ।

इस अभियान में केवल ज्योना ही नहीं, बल्कि ज्योनी, नगला फार्म और कुम्हारी नगला जैसे पड़ोसी गाँवों के लोगों को भी टीका लगाया गया। टीकाकरण के साथ-साथ शिविर में उपस्थित गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई। एएनएम ने उन्हें टीकाकरण के महत्व और इसकी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया। हालांकि टीकाकरण की कुल संख्या के संबंध में जानकारी देने से एएनएम ने इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि उन्हें उच्च अधिकारियों द्वारा संख्या सार्वजनिक न करने के निर्देश दिए गए हैं।


बच्चों का टीकाकरण करवातीं महिलायें

## तमंचा व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने युवक को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध बरामदगी के आधरा पर थाना कादरीगेट पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को संदिग्ध व्यक्तियों/वाहन की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कादरीगेट पुलिस ने अभियुक्त प्रखर मिश्रा उर्फ रामजी पुत्र सर्वेश कुमार निवासी ग्राम मलौथा थाना हरपालपुर जनपद हरदोई वर्तमान पता गंगानगर कॉलोनी थाना कादरीगेट के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर तथा कारतूस के खोखे बरामद किए। पुलिस ने थाना कादरीगेट पर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## प्रयोगात्मक परीक्षा 02 फरवरी से सीसीटीवी कैमरे और कंट्रोल रुम की निगरानी में होगी शुरु

**निगरानी जिला कंट्रोल रुम से भी किया जाना है प्रस्तावित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र. माध्यमिक परिषद की वर्ष 2026 की इण्टरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सम्पन्न कराई जायेगी। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने इस बावत सभी परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर निर्देश जारी किये हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक यू.पी. बोर्ड कार्यालय ने जनपद में प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्रों की सूची उपलब्ध करा दी है तथा सभी 165 परीक्षा केंद्रों में वायस रिकार्ड, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये हैं। परिषद कार्यालय के अनुसार सभी संबंधित प्रधानाचार्य प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु कुल पंजीकृत छात्र-छात्राओं की संख्या, विद्यालय में प्रयोगशाला संचालन की स्थिति, सीसीटीवी कैमरे की संख्या, डीवीआर नंबर, आईडी और पासवर्ड का विवरण डी.आई.ओ.एस. कार्यालय में शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। 02 फरवरी से दूसरे चरण की प्रयोगात्मक परीक्षा जनपद में शुरु होगी। जिसमें दूसरे जिलों से परीक्षक बोर्ड के निर्देश पर प्रयोगात्मक परीक्षा लेने हेतु जनपद में आयेंगे। परीक्षा की निगरानी जिला कंट्रोल रुम से भी किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए शिक्षकों एवं कर्मचारियों की तैनाती की गयी है। कंट्रोल रुम का प्रभारी रामलखन पाल को बनाया गया है। प्रयोगात्मक परीक्षा के पश्चात 18 फरवरी से यू.पी. बोर्ड की मुख्य परीक्षा शुरु होगी। जिसमें हाईस्कूल एवं इंटर के लिए 78 सेंटर बनाये गये हैं।

## आरटीई निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में डीएम ने ली बैठक

**निजी स्कूलों में तीन चरणों में पूरा होगा प्रवेश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) अंतर्गत संचालित आरटीई प्रवेश प्रक्रिया (शैक्षिक सत्र 2025-26) के संबंध में जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा-1 व पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। चरण आवेदन करने की तिथियां, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्र का सत्यापन कर उन्हें लॉक करने की अन्तिम तिथि, लाटरी निकालने की तिथि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालयों में आवंटन के सापेक्ष नामांकन किये जाने हेतु आदेश निर्गत किये जाने की अंतिम तिथि प्रथम चरण 2 फरवरी से 20 फरवरी तक व द्वितीय चरण 21 फरवरी से 11 मार्च तक तथा तृतीय चरण 12 मार्च 29 मार्च तक किया जायेगा। प्राविधानुसार गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में प्रवेश की पात्रता हेतु बालक/बालिका का दुर्बल वर्ग अथवा अलाभित समूह का होना अनियार्य है। अलाभित समूह-अलाभित समूह की श्रेणी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, शैक्षिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग तथा निःशक्त बच्चा एवं



बैठक लेते डीएम

एच.आई.वी. तथा कैंसर पीड़ित माता-पिता अथवा अभिभावक का बच्चा, अनाथ बच्चा चाहे वह बाल गृह में हो, दुर्बल वर्ग-दुर्बल वर्ग की श्रेणी में जिनके माता पिता या सरंक्षक सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत गरीबी रेखा के नीचे के कार्डधारक (अन्त्योदय) हैं। विकलांग/ वृद्धावस्था/ विधवा पेंशन प्राप्त करते हैं या जिनकी अधिकतम वार्षिक आय रू0 एक लाख तक है को रखा गया है।

आयु सीमा नर्सरी कक्षा हेतु 03 वर्ष या उससे अधिक किन्तु 04 वर्ष से कम, एल.के.जी. हेतु 04 वर्ष या उससे अधिक किन्तु 05 वर्ष से कम, यू.के.जी. हेतु 05 वर्ष या उससे अधिक किन्तु 06 वर्ष से कम, कक्षा 1 हेतु 06 वर्ष या उससे अधिक किन्तु 07 वर्ष से कम। डीएम ने निर्देश दिए आरटीई योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र अभिभावकों तक जानकारी पहुँचाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए। ऑनलाइन आवेदन में अभिभावकों की सहायता हेतु विकासखंड/नगर क्षेत्र स्तर पर हेल्प डेस्क की स्थापना की जाए।

लॉटरी के माध्यम से विद्यालय आवंटन के पश्चात संबंधित निजी विद्यालयों द्वारा निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से बच्चों का नामांकन लिया जाए। यदि किसी अभिभावक द्वारा फर्जी अथवा कूटरचित प्रमाण पत्रों के माध्यम से आवेदन किया गया पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## नारी शक्ति का भावपूर्ण उत्सव व सशक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में आयोजित सप्तशक्ति कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण का संजीव उदाहरण बन गया है। मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति गुप्ता रही।

उन्होंने छात्राओं में आत्मविश्वास का संचार भरा। अध्यक्षता शिखा अग्निहोत्री ने की। डॉ. ज्योति गुप्ता ने कहा की नारी जन्म से ही सात शक्तियां निहित होती हैं ज्ञान एसाहस, करुणा, आत्म बल, सेवा संस्कार और नेतृत्व आवश्यकता है इन्हें पहचान और जागृत करने की।

उन्होंने छात्राओं आवाह्न किया कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कार को जीवन का आधार बनाकर समाज को नई दिशा दें। शिखा अग्निहोत्री ने कहा कि सप्तशक्ति जैसे कार्यक्रम बालिकाओं के व्यक्तित्व को निकालने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब नारी शिक्षित संस्कृत और आत्मनिर्भर होती है, तभी परिवार समाज और राष्ट्र सशक्त बनता है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों गीतों और प्रेरक परिस्थितियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिवार और अतिथियों की आंखों में गर्व और हृदय में भावनाओं की गूंज स्पष्ट दिखाई दी। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन आर्तिका शुक्ला तथा अतिथि परिचय प्रियंका ने किया। इस अवसर पर सोनम शुक्ला, सीमा मिश्रा, सरला कश्यप, लक्ष्मी शुक्ला, रश्मि परिहार, पूनम शुक्ला, मीनू आदि उपस्थित रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रा मौजूद अभिभावक

## यूजीसी बिल के विरोध में अमर ज्योति सेवा संस्थान ने पीएम को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यूजीसी बिल के विरोध में अमर ज्योति सेवा संस्थान ने प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि विनियमन संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकार का खुला उल्लंघन करते हैं। जातिगत वैमनस्यता को बढ़ावा देकर सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता व अखण्डता पर कुठाराघात करते हैं। भारतीय संविधान ने भारत के नागरिकों को समता के सिद्धान्त के आधार पर कानून के समक्ष सभी समान हैं के सिद्धान्त का अधिकार दिया है, परन्तु यूजीसी बिल के प्रावधानों में समानता का अधिकार के सिद्धान्त को न अपनाकर संविधान के आंतरिक ढांचे को नष्ट करने को कुचक्र रचा गया है। जो केवल विशेष जाति अथवा वर्ग के लिए नुकसानदेय न होकर सम्पूर्ण वर्गों, जातियों के विभाजन का आधार बनकर जातियों, संचार को बढ़ावा देगा। जिससे देश की एकता व अखण्डता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। भारतीय संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए सजग प्रहरी है। संविधान के मूल्यों व आदर्शों की रक्षा करने का दायित्व भी सबसे अधिक प्रधानमंत्री का है। देश में यूजीसी बिल के संबंध में आम जनमानस में आक्रोश है। आम जन मानस की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र की एकता व अखण्डता व संविधान प्रदत्त मूल्यों, अधिकारों को अक्षुण्य रखने के लिए समाजसेवी संस्था यूजीसी बिल को तत्काल वापस लेने की मांग करती है। इस मौके पर संस्था महासचिव प्रमोद कुमार तिवारी, ओमवीर सिंह राठौर, अरुण दुबे, मनीष सिंह, अखिलेश मिश्रा, विधु शेखर मिश्रा, कौशलेन्द्र पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग

## महाऋषि कश्यप आश्रम द्वारा निकाली गई शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाऋषि कश्यप आश्रम अन्य क्षेत्र की ओर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा में बड़ी संख्या में साधु-संत व समाज के लोग शामिल हुए। संत समाज व अन्य क्षेत्र द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में संत स्वरुप जी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

इस मौके पर हरिओम गिरि, धनश्याम बाबा, बेंचेलाल गिरि, सर्वेश सिंह, सुरेन्द्र कश्यप, सुरेश कश्यप, अनिल कश्यप, देवेन्द्र सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह कनौजिया, पवन सागर, वीरपाल कठेरिया, राजकपूर कश्यप, मनोज कश्यप, समर पाल सिंह, अरविन्द यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## सीपी इंटरनेशनल स्कूल में कब बुलबुल का प्रशिक्षण संपन्न



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में स्काउट गाइड की लघु शाखा कब और बुलबुल का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण 28 जनवरी से 30 जनवरी तक चला। प्रशिक्षण में छात्राओं को अनुशासन, सेवा, रचनात्मकता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किए गए। संचालन जिला गाइड कमिश्नर चमन शुक्ला ने किया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को पर्यावरण सुरक्षा, व्यायाम, गीत-संगीत, झंडा गीत, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा के साथ-साथ अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएँ बनाने की कला सिखाई गई। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में आत्मनिर्भरता, सहयोग भावना एवं रचनात्मक सोच का विकास किया गया। निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उपनिदेशक अंजू राजे ने कब बुलबुल गतिविधियों को जीवन कौशल से जोड़ने वाला बताया। मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल ने छात्राओं के उत्साह की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने प्रशिक्षण को अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने वाला बताया। प्राइमरी विंग इंचार्ज शिवानी दीक्षित ने आभारव्यक्त किया। गाइड कैप्टन काजल अग्रवाल एवं मीनल गौड़ ने सहयोग किया।

### आईटीआई में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क द्वारा रोजगार मेले का आयोजन 31 जनवरी शनिवार को होगा। मेले में पांच कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 300 रिक्तियों के सापेक्ष साक्षात्कार होगा। अभ्यार्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ प्रातः 10 बजे आईटीआई स्कूल में उपस्थित हो। यह जानकारी प्रधानाचार्य ने दी है।

### जवाहर सिंह गंगवार का सम्मान समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज द्वारा 31 जनवरी शनिवार को 2 बजे फतेहगढ़ ग्वालटोली मुमताज मंजिल में विश्व हिन्दी सम्मेलन का प्रतिनिधित्व कर लौटे साहित्यकार जवाहर सिंह गंगवार का सम्मान समारोह किया जायेगा। यह जानकारी डॉ. शाकिर अली मंसूरी ने दी है।

## भाकियू अखण्ड प्रदेश ने यूजीसी एक्ट में संशोधन करने की उठाई मांग



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनमोहन सिंह राणा एवं जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह शाक्य ने एससी/एसटी, ओबीसी एवं जनरल पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की टीम के साथ यूजीसी एक्ट में संशोधन किए जाने हेतु राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कायमगंज को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती है। सरकार ऐसे नियमों में संशोधन करें। एससी/एसटी, ओबीसी एवं जनरल छात्रों को समान अधिकार दें। शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जाये। शिकायत में जब तक अपराध सिद्ध न हो जाये, उन छात्रों की पढ़ाई वाधित न की जाये। जांच में शिकायत फर्जी हो तो सख्त कार्यवाही हो, आदि संशोधन किया जाये। इस मौके पर अनिरुद्ध द्विवेदी, संजय कुमार, राजवीर सिंह, पवन सिंह, अमित, सचिन कुमार, प्रिंस राज, विकास, अंशुल तोमर, ओमभान सिंह, धर्मवीर सिंह, धनीराम, आशाराम, रवि ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

## अंधकार से बाहर निकालने की शक्ति वेदों के सिद्धांतों में ही निहित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में वेदों के अनुसार मनुष्य श्रेष्ठ कैसे बन सकता है विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर समाज को वैदिक चेतना के प्रति जाग्रत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वेद केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव को पतन से उत्कर्ष की ओर ले जाने वाली जीवन-पद्धति हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने की। उन्होंने आवाह्न किया कि आज का मनुष्य भोग, स्वार्थ और नैतिक पतन की दलदल में फंसता जा रहा है और इस अंधकार से बाहर निकालने की शक्ति केवल वेदों के दिव्य सिद्धांतों में ही निहित है। ऋग्वेद का सत्य, यजुर्वेद का कर्मयोग, सामवेद का आत्मिक संतुलन और



भवन प्रस्तुत करते प्रदीप शास्त्री

अथर्ववेद का सामाजिक उत्तरदायित्व, यही वह चतुर्मुखी आधार है जिस पर श्रेष्ठ, निर्भीक और राष्ट्रनिष्ठ मनुष्य का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में दो टूक शब्दों में कहा गया कि चरित्रहीन शिक्षा राष्ट्र को खोखला कर देती है, जबकि वैदिक संस्कार मनुष्य को तेजस्वी, अनुशासित और क्रांतिकारी बनाते हैं। वेद मनुष्य को आलस्य नहीं, पराक्रम सिखाते हैं, पलायन नहीं, संघर्ष सिखाते हैं, और स्वार्थ नहीं, यज्ञभाव से समाज व राष्ट्र के लिए जीना सिखाते हैं। वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर का स्पष्ट लक्ष्य है एक ऐसा युवा तैयार करना जो सत्यनिष्ठ हो, ब्रह्मचर्यवान हो, कर्मठ हो और राष्ट्र के लिए प्राण देने को तत्पर हो। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने भारत के सोए हुए स्वाभिमान को जगाने के लिए वेदों की ओर लौटो का नारा दिया। प0 शिवनारायण आर्य, जितेंद्र आर्य व रामवीर आर्य ने वेदों की महत्ता के भजन सुनाए। अयोजक मण्डल की ओर से लोगों को वैदिक साहित्य भेंट कर वेदों के प्रति जागरूक किया। उपस्थित जनसमूह ने वैदिक जीवन मूल्यों को आत्मसात कर व्यक्तिगत व सामाजिक चरित्र क्रांति का संकल्प लिया।

मेला रामनगरिया की पावन धरा पर यह आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि संस्कृति जागरण और वैचारिक क्रांति का शंखनाद सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में पातीराम यादव, योगेंद्र आर्य, हरिओम शास्त्री, आलोक सिंह, महेन्द्रानंद, देवनानंद, अनिल आर्य, रेनू आर्या, अमृता आर्या, उपासना कटियार आदि उपस्थित रहे।

## पांचाल घाट पर मल्टीपरपज हॉल एवं अन्य कार्यों को किया गया प्रस्तुत



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**डीएम ने संबंधित कार्यों के स्थलीय परीक्षण के दिये निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट के पर्यटन विकास कार्य विषयक प्रस्तुतीकरण जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के समक्ष एम्पेनल्ड आर्किट्रेक्ट फर्म, मै0 आर्क लाइन डिजायन सेन्टर लखनऊ द्वारा किया गया। पांचाल घाट पर लोक निर्माण विभाग की रिक्त भूमि पर मल्टीपरपज हॉल एवं अन्य प्रस्तावित कार्यों से सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। डीएम ने प्रस्तुतीकरण के सापेक्ष सम्बन्धित कार्यो के स्थलीय परीक्षण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को पांचाल घाट का भ्रमण करने के निर्देश दिये। बैठक में राजीव कुमार प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, दीप्ति वत्स क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, मुरलीधर अधिशाषी अभियन्ता लो0नि0वि0 प्रान्तीय खण्ड, यदुनाथ सिंह अधिशाषी अभियन्ता जल निगम शहरी आदि अधिकारी उपस्थति रहे।

## प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खां का हुआ सम्मान



मजहर मोहम्मद खां का स्वागत करते विमलेश मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ शाखा द्वारा प्रांतीय कोषाध्यक्ष मज़हर मोहम्मद खां का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। तेहरवां अधिवेशन 22,23,24 जनवरी को चित्रकूट राजेपुर में सम्पन्न हुआ था। नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन स्वतन्त्रत व निष्पक्ष रूप से रामनिवास महाविद्यालय चित्रकूट राजेपुर में सम्पन्न हुआ। जिसमें महाराजगंज से संजय मनी त्रिपाठी 202 मत प्राप्त कर प्रांतीय अध्यक्ष बने एवं बाराबंकी से अरुणेन्द्र वर्मा 348 मत प्राप्त कर प्रांतीय महामंत्री बने। वहीं मज़हर मोहम्मद खां 281 मत प्राप्त कर अपने प्रांतीय कोषाध्यक्ष बनकर जिला फर्रुखाबाद का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया। पर्वेक्षक के रूप में राममूर्ति मिश्रा व बाबूराम वर्मा पूर्व प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। मसेनी स्थित एक गेस्ट हाउस में प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खां का सम्मान समारोह हुआ। मजहर मोहम्मद खां ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। संगठन के प्रत्येक व्यक्ति के लिए हर समय तैयार हूं। शिक्षक व संगठन को मजबूत करना मेरा उद्देश्य है, जो जिम्मेदारी मिली है उसका निर्वाह्न करूंगा।

अपने साथियों के सहयोग से शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करता रहूंगा। समारोह में मज़हर मोहम्मद खां ने मुख्यमंत्री द्वारा कैशलेश योजना के लिए शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। प्रमोद दीक्षित व राकेश सारस्वत ने भी विचार व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार व कानपुर मंडल के महामंत्री महेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री नीरज शुक्ला, त्रिपुरारी त्रवेदी, विमलेश शाक्य, सुधीर शाक्य, नीलेन्द्र गंगवार, अनुराग गंगवार द्वारा स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर गोविन्द चौरसिया, अनुराग कटियार, विजय कनौजिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## मेला श्रीरामनगरिया में गांधी विचार प्रचार मंच द्वारा गोष्ठी सम्पन्न

**स्व. महरम सिंह ने समाज में व्याप्त बुराइयों को हटाकर समरसता को दिया बढ़ावा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्रीरामनगरिया के सांस्कृतिक पांडाल में गांधी विचार प्रचार मंच के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विचार प्रचार मंच का गठन मेला श्रीरामनगरिया के संस्थापक पूर्व विधायक स्मृतिशेष महरम सिंह ने किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व डीजीसी वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह सोमवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि राजेपुर ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी तथा भाजपा जिला महामंत्री कैप्टन डीएस राठौर रहे। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। स्वागताध्यक्ष मेला श्रीरामनगरिया संस्थापक महरम सिंह के सुपुत्र दिनेश प्रकाश सिंह अन्नू भैया रहे। विशिष्ट अतिथि कैप्टन डीएस राठौर ने कहा कि जिस प्रकार महात्मा गांधी किसी बुराई को सुनना, देखना या करना पसंद नहीं करते थे, उसी प्रकार महरम सिंह समाज में व्याप्त बुराइयों को हटाकर समरसता को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध रहते थे।

विशिष्ट अतिथि राजेपुर ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी ने महरम सिंह को आधुनिक युग का गांधी बताते हुए उनके चरित्र का अनुकरण करने का संदेश दिया और कहा कि महरम सिंह ने सादा जीवन उच्च विचार के आधार पर सांसारिक सुख सुविधाओं से दूर रहकर एक योगी की तरह जीवन व्यतीत किया। कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेन्द्र सोमवंशी ने आए हुए सभी लोगों को धन्यवाद दिया और गांधी जी तथा फर्रुखाबाद के गांधी महरम सिंह के मार्ग का अनुसरण करने का संदेश दिया। उन्होंने महरम सिंह से जुड़े हुए विभिन्न पुराने किस्सों को साझा करते हुए अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं में देशराज सिंह राठौर, अनिल सिंह गहरवार प्रधानाचार्य, वैभव सोमवंशी सुभग, सत्यपाल सिंह प्रगल्भ, सुमन राठौर, रमला राठौर, अजय कुमार सिंह चौहान, उदयपाल सिंह प्रधान, कै0 डीएस राठौर रहे। ब्रजेश सिंह कल्लू, रामशंकर पाण्डेय, अनुजा सोमवंशी क्षमा, शीला कटियार, राधा राठौर, विभोर सोमवंशी, जगतपाल सिंह, अवधेश सिंह, महात्मा हरभान सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में सम्मानित होते अन्नू सिंह

## इन्टरसेप्टर वाहन को सांसद ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सासंद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संसद-सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि प्रदेश में माह दिसम्बर, 2025 तक 50769 सड़क दुर्घटनाओं में 27205 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 38869 व्यक्ति घायल हुये हैं, जबकि वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाओं में 24118 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी तथा 34665 व्यक्ति घायल हुये थे। प्रदेश में माह दिसम्बर 2025 तक दुर्घटनाओं की संख्या में 10.20 प्रतिशत तथा मृतकों की संख्या में 12.80 प्रतिशत तथा घायलों की संख्या में 12.10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एआरटीओ ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा वर्ष 2025 में 46958 चालान किये गये हैं तथा 212 वाहन बन्द किये गये हैं, जिनसें 20.53 लाख प्रशमन शुल्क वसूला गया। परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में 4455 चालान किये गये हैं तथा 1066 वाहन बन्द किये गये हैं, जिनसें रू0 237.72 लाख प्रशमन शुल्क वसूला गया। वर्ष 2025 में 281 ड्राइविंग लाइसेन्स निलम्बित किये गये। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधिक दुर्घटनाओं के दृष्टिगत सांसद ने बैठक में उपस्थित एनएचएआई के अधिकारियो को निर्देशित किया कि वह



इन्टरसेप्टर वाहन को हरी झण्डी दिखाते सांसद व डीएम-एसपी

नेशनल हाइवे को शीघ्रातिशीघ्र दुरूस्त करायें। इसके साथ ही जमापुर, चाचूपुर, सेन्ट्रल जेल, मसेनी, रोहिला तथा धीरपुर चौराहे पर ब्लिंकर्स लगाये जायें। शुकरूल्लापुर रेल ओवरब्रिज पर लगी लाइट को शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिये। ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने के निर्देश भी दिये गये। डीएम ने निर्देश दिये कि क्षेत्राधिकारी-यातायात एवं जिला पूर्ति अधिकारी के साथ एआरटीओ जनपद के पेट्रोल-पम्पों पर बिना हेल्मेट लगाये पेट्रोल लेने वाले दोपहिया वाहनों के विरूद्ध कठोर प्रवर्तन कार्यवाही करें। ओवरस्पीड वाहनों का चालान करने के उद्देश्य से इन्टरसेप्टर वाहन को सांसद ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इन्टरसेप्टर वाहन द्वारा ओवरस्पीड वाहनों के स्पष्ट फोटो वाहन की गति के साथ स्वचालित तरीके से लिये जाते हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, सीडीओ विनोद कुमार गौड़, सीओ ट्रैफिक अभय कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता प्रा.ख. लो.नि.वि.मुरलीधर, अधिशासी अभियन्ता नि.ख. लो.नि.वि. अशोक कुमार, सीएमओ डॉ. अवनीन्द्र कुमार, डीआईओएस नरेन्द्र पाल सिंह, डीपीआरओ राजेश चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## संविदा पदों पर चयनित चिकित्सों को दिये गये नियुक्ति पत्र



डॉ. रोहित तिवारी को नियुक्ति पत्र सौंपते सांसद व डीएम, एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद मुकेश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में संविदा चिकित्सक पदों पर चयनित किये गये चिकित्सको रोहित तिवारी, यशराज सिंह भदौरिया, तान्या राठौर व प्रदीप कुमार को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। इसके साथ ही कोविड 19 स्टाफ में 35 लोगो को वार्डबॉय, आया, स्वीपर व तकनीशियन पदों समायोजित कर नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट व संबंधित मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्रा0पं0 रसीदपुर वि0ख0 बढ़पुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 — दिनांक 30/01/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रसीदपुर विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 31/01/2026 से 05/02/2026 तक की अपरान्ह 4-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05/02/2026 को सायं 5:00 बजे ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 31/01/2026 से 05/02/2026 तक अपरान्ह 4-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मैन रोड से देव स्थान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 271750 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ.डी. आर व एन.एस.सी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-(विनीता) ग्रा0पं0 रसीदपुर, वि0ख0 बढ़पुर, सचिव-(प्रभात यादव)

# आईजी रेंज लखनऊ किरण एस ने किया का लखीमपुर दौरा

▸ सीमा सुरक्षा और साइबर अपराध पर दिए सख्त निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ किरण एस. ने शुक्रवार को जनपद लखीमपुर खीरी का दौरा कर भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एसएसबी कैंप गौरीफंटा का भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा भी मौजूद रहे। आईजी ने सीमा पर तैनात एसएसबी अधिकारियों व जवानों से वार्ता करते हुए पुलिस, एसएसबी एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त रूप से चेकिंग एवं निगरानी बढ़ाने, अवैध तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा जंगल की पगडंडियों के रास्ते संचालित होने वाली अवांछनीय गतिविधियों पर विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया। आईजी ने स्पष्ट किया कि सीमा सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी अमित राय, एसएसबी 39वीं बटालियन के उप सेनानायक विजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट रवि कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पलिया जितेन्द्र सिंह परिहार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### थाना गोला का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**साइबर अपराध पर त्वरित कार्रवाई, पैसा वापस दिलाना प्राथमिकता, बीट पुलिसिंग पर दिया जोर**

इसके पश्चात आईजी किरण एस. ने थाना गोला का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने साइबर अपराधों की रोकथाम को लेकर सख्त निर्देश दिए। आईजी ने कहा कि साइबर फ्रॉड के मामलों में पीड़ितों का पैसा वापस दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है, इसके लिए ठगी की राशि को समय रहते फ्रिज कराने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न पटलों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव तथा लंबित मामलों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर बीट पुलिसिंग को मजबूत करने पर जोर दिया और कहा कि सक्रिय बीट पुलिसिंग से अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनता का भरोसा भी पुलिस पर बढ़ता है। मीडिया से बातचीत में आईजी ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने यक्ष ऐप की जानकारी देते हुए कहा कि इसके माध्यम से जिले के हिस्ट्रीशीटरों का डेटा प्रदेश स्तर पर ऑनलाइन किया जाएगा, जिससे अपराधियों की निगरानी और कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक गोला अंबर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह सहित थाना गोला का समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## खबरें एक नजर में

### एडी ने सीएचसी का किया निरीक्षण, कई स्टॉप मिला अनुपस्थिति

**बबेरू/बांदा।** बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गुरुवार की दोपहर स्वास्थ्य विभाग के एडी के द्वारा पहुंचकर औचक निरीक्षण किया है। जिसमें दवा काउंटर रजिस्ट्रेशन कक्ष इमरजेंसी कक्ष ओपीडी, महिला वार्ड, आयुष्मान कार्ड ऑफिस एवं दवा स्टॉक रोम का निरीक्षण किया। वहीं जब उपस्थिति रजिस्टर को दिखा तो कई स्टाफ अनुपस्थित पाए गए जिसमें एडी के द्वारा अनुपस्थित स्टाफ को अनुपस्थित कर दिया गया। वही साफ सफाई को लेकर नाराजगी जताई है। और सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर ऋषिकेश सिंह को अनुपस्थित हुए स्टाफ को अच्छे से ड्यूटी देने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। वही निरीक्षण के समय पूरा स्टाफ में अफरा तफरी मची रही।

### मुख्य चौराहा के सुंदरीकरण को लेकर प्रशासन का चला बुलडोजर



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कस्बे केमुख्य चौराहे के सुंदरीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है , पीडब्ल्यूडी विभाग में अंतिम नोटिस की अवधि 26 जनवरी को पूर्ण हो गई थी, 27 जनवरी से पीडब्ल्यूडी विभाग ने अलाउंस करना प्रारंभ कर दिया था। जिसमें चिन्हित स्थाई आस्थाई अतिक्रमण खुद हटा ले, दो दिन से लगातार एलाउंसमेंट कराया जा रहा था। गुरुवार की दोपहर करीब 1 बजे प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ मुख्य चौराहे पर खड़ा हो गया। जिसमें सभी जगह सनसनी फैल गई कुछ देर के बाद बुलडोजर के साथ नगर पंचायत का बुलडोजर गरजने लगा, अतर्रा रोड पर स्थित कुछ दुकानों की टीन हटाई गई, वहीं कई दुकानों की दीवार भी गिराया गया, जिससे पूरे मार्केट में हड़कंप मच गया। वही देखने वालों की भीड़ इकट्ठा हो, गई आज प्रशासन के द्वारा अतर्रा रोड पीपल के पेड़ तक ट्रेलर दिखाया है। उसके बाद कमासिन रोड में प्रशासन बुलडोजर के साथ प्रदर्शन किया। उधर लगातार अलाउंस जारी रहा एलाउंसमेंट कर चेतावनी दी गई कि चिन्हित स्थाई स्थाई अतिक्रमण खुद हटवा ले अन्यथा की स्थिति में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करते समय यदि कोई छती होती है उसकी जिम्मेदार स्वयं होंगे, एवं अवैध अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा हटाए जाने पर प्रशासन के द्वारा जुर्माना वसूला जाएगा। सूत्रों की माने तो प्रशासन के द्वारा आज सिर्फ ट्रेलर दिखाया है। पिक्चर 2 फरवरी से दिखाई जाएगी, वही आज के टेलर से दुकानदारों ने अपने-अपने दुकानों की टीन टप्पर एवं चिन्हित स्थाई और आस्थाई अतिक्रमण को हटाने में तेजी पकड़ ली है।

### गोला-बांकेगंज रोड लूटकांड का खुलासा, पूर्व कर्मचारी समेत पांच गिरफ्तार



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** गोला-बांकेगंज मार्ग पर 19 जनवरी की रात व्यापारी से हुई सनसनीखेज लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हैदराबाद थाना पुलिस ने स्वाट और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पूर्व कर्मचारी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूट में प्रयुक्त कार, तमंचा, कारतूस और नकदी बरामद की है। दो आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। बांकेगंज निवासी व्यापारी राजेंद्र कुमार अग्रवाल 19 जनवरी की रात करीब साढ़े आठ बजे गोला स्थित अपनी दुकान बंद कर टाटा ऐस (छोटा हाथी) से घर लौट रहे थे। उनके साथ वाहन में तीन कर्मचारी भी थे। जैसे ही वाहन सरकारपुर चौराहे के पास पहुंचा, पीछे से आ रही एक कार ने ओवरटेक कर आगे लगाकर रास्ता रोक लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार से उतरे बदमाशों ने पिकअप का गेट खोलने को कहा। विरोध करने पर आरोपियों ने डंडों से वाहन के शीशे तोड़ दिए और चालक के साथ मारपीट की। हमलावर नकदी से भरा बैग छीनकर इमलिया रोड की ओर फरार हो गए। घटना में चालक को सिर में चोट आई थी। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई थी और व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए थे। **पूर्व कर्मचारी ने रची थी साजिश:** जांच में खुलासा हुआ कि गिरफ्तार आरोपी अंकित गुप्ता पहले व्यापारी की दुकान पर माल ढुलाई का काम कर चुका था। उसे व्यापारी की दिनचर्या और नकदी ले जाने की जानकारी थी। उसने मेरठ में रह रहे अपने परिचितों के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की। घटना वाले दिन आरोपी मेरठ से कार से गोला पहुंचे। दिन में रैकी की गई और शाम को व्यापारी के दुकान से निकलते ही सूचना साथियों को दे दी गई। तय योजना के तहत सरकारपुर चौराहे के पास वारदात को अंजाम दिया गया और आरोपी खुटार मार्ग से मेरठ की ओर भाग निकले। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद संयुक्त टीम ने दबिश देकर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूट की रकम में से 1,09,800 रुपये, घटना में प्रयुक्त मारुति एस-प्रेसो कार, 315 बोर का तमंचा, दो कारतूस, डंडे, मोबाइल फोन तथा व्यापारी से छीने गए दस्तावेज बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लूटी गई रकम आपस में बांट ली गई थी। पुलिस फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। घटना के खुलासे के बाद व्यापारियों ने राहत जताई है।

### पशु आश्रय स्थल का ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट ने किया औचक निरीक्षण

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत सुबाव के गढ़वा पशु आश्रय स्थल का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी लालगंज महेंद्र सिंह व पशु आश्रय स्थल हलिया का नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा ने शुक्रवार को सुबह औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पशु आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों की संख्या उनके स्वास्थ्य एवं समुचित देख रेख की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया है।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम ने पशु आश्रय स्थल में रखे गए अभिलेखों की जांच करते हुए स्टॉक रजिस्टर, भूसा भंडारण, पोषाहार, हरा चारा एवं पेयजल की उपलब्धता की स्थिति की बारीकी से जांच की है।उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गौवंशों के लिए समय से चारा भूसा एवं पोषाहार की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।निरीक्षण के दौरान साफसफाई व्यवस्था एवं गौशाला परिसर की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दिया है।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम ने कहा कि गौवंशों के संरक्षण में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप पशु आश्रय स्थलों का संचालन पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए।इसी प्रकार हलिया पशु आश्रय स्थल का नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा ने निरीक्षण किया। व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान व्यवस्था ठीक पाई गई है। इस संबंध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी लालगंज महेंद्र सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई है।आवश्यक सुधारों के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रथम दृष्टिया गढ़वा पशु आश्रय में व्यवस्थाएं सन्तोष जनक पाई गई भविष्य में भी पशु आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा ताकि गौवंशों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस दौरान एडीओ आई एस बी हरिओम बिंद, सचिव कौशलेन्द्र राय, सन्तोष कुमार चौधरी, ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ, प्रधान प्रतिनिधि चन्दन कोल पंचायत मित्र अनिल तिवारी सहित केयर टेकर मौजूद रहे।

### गौ रक्षक बना गौ तस्कर, तीन धराए, भेजा जेल



**लालगंज (मिर्ज़ापुर)।** थाना संतनगर द्वारा 27 जनवरी को पकड़े गौ तस्कर की गाड़ी समेत पांच गौ वंशो के साथ एक अभियुक्त में शुक्रवार को तीन अभियुक्त पकड़ कर जेल भेजा।थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर 27 जनवरी को बताया गया कि लालगंज की ओर से दो पिकअप पर पशु लाद कर कलवारी की ओर तेजी से निकले है तत्काल दीपनगर से पीछा किया गया आगे की पुलिस को भी सतर्क किया गाया। रजौहा में घेरा बंदी देख पिकअप तेजी से दूसरे रास्ते से ददरी सिरसी रोड पर भाग रही थी आगे से घेरा गया तो आनन फानन में पिकअप की स्पीड इतनी तेज थी कि मोड़ पर घूम नही पाई अंततः पलट गई।पिकअप में बेदर्दी से लादे गए सभी पांच गौ वंशो को तत्काल बाहर कर छोड़ा गया जिन्हे गौ शाला पटेहरा को दिया गया साथ ही एक गौ तस्कर गाड़ी पलटने से चोटिल हुआ था उसे पकड़ लिया गया था जिसे 28 जनवरी को जेल भेज दिया गया था। शेष दो भाग गए थे जिनकी खोज जारी थी कि 30 जनवरी को मुखबिर ने सूचना दिया कि एक संदिग्ध व्यक्ति वाहन की इंतजार में अमोई नहर की पुलिया पर है।तत्काल सादे वेश में तथा वर्दी के साथ प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार,उप निरीक्षक सुशील त्रिपाठी, एसआई दिनेश श्रीवास्तव,एसआई राम कृपाल यादव आदि पहुंचे। उसे पकड़ कर कड़ी पूंछताछ किए तो अपना जुर्म स्वीकार करते हुए अपना नाम दिलीप कुमार राम पुत्र रक्षू राम निवासी उमापुर थाना भगवानपुर,कैमूर,भभुआ बिहार का बताया साथ ही सभी अन्य पांच लोगो को चिन्हित किया।जिसमे दो लोगो को मुखबिर के अनुसार बताया गया कि गौ तस्कारी में शामिल दो लोग उरुआ में एक साथ बैठ कर कुछ बाते कर रहे है जिन्हे भी तत्काल लालगंज थाना क्षेत्र के उरूआ से पकड़ा गया जिसमे एक श्याम बहादुर पटेल पुत्र स्व0 हीरालाल प्रधान सोनवर्षा निवासी सोनवर्षा थाना लालगंज दूसरे राजेश कोल पुत्र जीरा कोल ग्राम उरुआ थाना लालगंज बताया। जिन्हे गौ क्रूरता अधिनियम की धारा में गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा गया।

## व्यापारी की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई सुनियोजित हत्या की आशंका

**मोहम्मदी खीरी।** नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी नरेन्द्र वर्मा की लगभग एक सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। परिजनों के अनुसार सुबह की सैर के दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जानबूझकर टक्कर मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अगले दिन उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के पुत्र ने बताया कि नरेन्द्र वर्मा रोज की तरह सुबह करीब 6 बजे मोहल्ला पश्चिमी लखपेड़ा स्थित एसडीएम आवास के सामने टहलने निकले थे। इसी दौरान पीछे से घात लगाए बैठे अज्ञात लोगों ने तेज गति से वाहन लाकर उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल बरेली अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने इस घटना को सुनियोजित हत्या बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यह कोई हादसा नहीं बल्कि पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई हत्या है, लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों को पकड़ने में असफल रही है। नरेन्द्र वर्मा के निधन के बाद गुलौली रोड स्थित फार्म हाउस पर शांति पाठ एवं भोज का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रेखा अरुण वर्मा, क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेयी, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आशीष रस्तोगी, जयकरन बाजपेयी तथा डॉ. सुरेन्द्र सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। परिजनों ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। घटना को लेकर नगर में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है और लोग सच्चाई सामने लाने की मांग कर रहे हैं।

## मितौली महोत्सव में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरा सम्पन्न, कवियों ने बांधा समां



**मितौली खीरी।** मितौली महोत्सव (मेला श्री धनुष यज्ञ) के अंतर्गत पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष स्वर्गीय फेरू लाल भार्गव की पुण्य स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरा आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने किया। आयोजक मास्टर दिनेश कुमार व ग्राम प्रधान नीरज कश्यप ने अतिथियों का स्वागत किया।

कवि सम्मेलन में अमित कैथवार, विकास बौखल, नवल सुधांशु, बिहारी लाल अंबर, प्रख्यात मिश्रा, कवित्री कृपा संगम व शहर अंजुमन सहित कई कवि-कवित्रियों ने देशभक्ति, प्रेम और सामाजिक विषयों पर काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। अंत में आयोजकों ने अतिथियों व उपस्थित जनसमूह का आभार जताया।

## ओयल में सड़क हादसाः ओवरलोड गन्ना ट्रक ने ट्रैक्टर व बाइक को रौंदा, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**ओयल (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर-सीतापुर मुख्य मार्ग पर चौकी ओयल के निकट करीब तीन बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। लखीमपुर की ओर से हरगांव चीनी मिल गन्ना लेकर जा रहा ओवरहाइट व ओवरलोड ट्रक तीव्र मोड़ पर अनियंत्रित हो गया। बेकाबू ट्रक ने पहले सड़क किनारे बेल्डिंग करवा रहे एक ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मारी, जिससे ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया। इसके बाद ट्रक ने पास ही बाइक से चक्की के पार्ट की बेल्डिंग करा रहे दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में थाना हरगांव, जनपद सीतापुर के ग्राम सहनियापुर निवासी अंकुश (28) पुत्र नेतराम और अनूप कुमार चौहान (22) पुत्र कालीचरन गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक आगे बढ़ते हुए बिजली के ट्रांसफार्मर से टकराया और पिंक शौचालय के सामने पलट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही ओयल पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने अंकुश को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अनूप कुमार का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आशंका जताई जा रही थी कि ट्रक के नीचे अन्य वाहन या लोग दबे हो सकते हैं। इसके चलते पुलिस ने जेसीबी और हाइड्रा की मदद से ट्रक को हटवाया। ट्रक हटाने पर उसके नीचे एक मारुति 800 कार दबी मिली, जो एकतानगर निवासी युवक की बताई जा रही है। गनीमत रही कि कार में कोई सवार नहीं था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सीओ सिटी पवन तिवारी, थानाध्यक्ष निराला तिवारी पहुंचे। बाद में सदर विधायक योगेश वर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान, प्रेम-प्रसंग से जुड़ा दबाव बना आत्महत्या की वजह



**बिजुआ, खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया झाऊ में गुरुवार देर रात एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी होते ही गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने इसे सामान्य आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए लगातार मिल रही धमकियों का नतीजा बताया है। मृतक की पहचान नेकीराम पुत्र बलराम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार नेकीराम का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग था। इसी को लेकर कुछ दिन पूर्व विपक्षी लोग असलहों से लैस होकर उसके घर पहुंचे थे और फायरिंग भी की थी। इस घटना के बाद से नेकीराम भयभीत और मानसिक दबाव में चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि इसी डर और तनाव के चलते उसने गुरुवार देर रात अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद मृतक के भाई ने भीरा थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में बिजुआ चौकी प्रभारी रमेश कुमार सेंगर ने बताया कि युवक ने कमरा अंदर से बंद कर आत्महत्या की है। उन्होंने यह भी बताया कि मृतक के खिलाफ युवती को भगा ले जाने के मामले में पहले से थाने में मुकदमा पंजीकृत है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है और सभी पहलुओं की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है।

## ग्राम चौपाल में डीपीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्यायें, निस्तारण का दिया आश्वासन

**मिर्ज़ापुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बरडीहा कला के पंचायत भवन पर शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी मिर्ज़ापुर (डीपीओ) वाणी वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने ग्राम सचिव बाल कृष्ण से जन्म प्रणाम पत्र निर्गत करने की जानकारी किया और जन्म प्रणाम पत्र रजिस्टर का निरीक्षण किया जन्म प्रणाम पत्र समय से जारी करने का सचिव को निर्देश दिया है। बाल विकास विभाग की मुख्य सेविका से आंगनवाड़ी केंद्रों पर राशन वितरण की जानकारी लिया और निर्देश दिया है की आंगनवाड़ी केंद्रों पर राशन वितरण समय से किया जाय। इसमें लापरवाही मिलने पर कार्रवाई किया जायेगा। चौपाल में ग्रामीणों ने चक मार्ग, हर घर नल पानी आपूर्ति की शिकायत किया। जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। चौपाल में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी एएनएम मंजू ने जानकारी दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने चौपाल में ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दिया। जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास आदि योजनाओ कि जानकारी दिया गया।इसी प्रकार ग्राम पंचायत बनवा के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक के स्थान पर राजकीय हाई स्कूल के अध्यापक व एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने ग्रामीणों की समस्याओ आवास, शौचालय, पेंशन, आवास, शौचालय पीएम सम्मान निधि के मांग को रखा एडीओ पंचायत ने समस्या को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान ग्राम सचिव बालकृष्ण, मनोज गौतम ग्राम प्रधान पन्ना लाल, इंद्र बहादुर बिंद, बबलू, आरडी यादव, सुरेंद्र कुमार, सीएचओ एएनएम अंजू देवी आदि मौजूद रहे।

## पेड़ से गिरकर अधेड़ घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बडौही गांव में शुक्रवार को पेड़ से गिरने पर वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया।थाना क्षेत्र के बडौही गांव निवासी 55 वर्षीय अम्बिका प्रसाद शुक्रवार की दोपहर अपने घर के सामने लगे पेड़ पर चढ़कर डालियों की छटाई कर रहे थे।इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह पेड़ से नीचे जमीन पर गिर पड़े जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गई।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर पहुंचे।जहां तैनात चिकित्सक डॉ.आलोक कुमार यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया।घायल के पुत्र राहुल मौर्य ने बताया कि उनके पिता पेड़ की डालियां काट रहे थे तभी संतुलन बिगड़ने से हादसा हो गया।वहीं चिकित्सक डॉ. आलोक कुमार यादव ने बताया कि पेड़ से गिरने के कारण घायल व्यक्ति को लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद सर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई खाटू श्याम की निशान यात्रा



**बांदा।** बाबा खाटू श्याम सेवा मण्डल, बांदा आगामी खाटू श्याम जी की निशान यात्रा का आयोजन के लिए समस्त श्याम भक्तों को सूचित किया जाता है कि कैलेण्डर वर्ष आगामी प्रथम निशान यात्रा का आयोजन गुरुवार (जया एकादशी) को बाबा खाटू श्याम सेवा मण्डल ने किया। निशान यात्रा महेश्वरी देवी मन्दिर, बांदा से सुबह साढ़े सात बजे शुरू होकर खाटू श्याम मन्दिर, तिन्दवारी रोड बडे बाईपास चौराह मां पिताम्बरा माई मन्दिर, पहुंची। बाबा श्याम के जयकारों के साथ भक्तगण यात्रा में श्रद्धालु शामिल हुए। इसमें भजन संध्या एवं बाबा श्याम का विशेष श्रंगार व दर्शन मुख्य आकर्षण रहे। गाजे बाजे के साथ यात्रा में शामिल श्रद्धालु खुब थिरके। इस दौरान वीरेन्द गुप्ता अध्यक्षबाबा खाटू श्याम सेवा मण्डल, आशू जी महामंत्री बाबा खाटू श्याम सेवा मण्डल, महिला मण्डल - रामबहोरी (पप्पू भईया) - संरक्षक संगीता शिवहरे (संरक्षक), सुधीर तिवारी जी - संरक्षक, अर्पिता गुप्ता (संरक्षक), राकेश गुप्ता जी - संरक्षक, सुनीता गुप्ता, इलाहाबाद सदस्य, धीरज साहू (मंत्री), सोहन कुशवाहा जी (श्रंगारी) समेत सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल रहे।

## मानदेय बढ़ाए जाने को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

▸ धरना-प्रदर्शन में आंगनवाड़ी सहायिकाएं भी रहीं शामिल, समस्याओं के समाधान की मांग

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने लंबित मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना देकर प्रदर्शन किया और प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष किरन सेठी के नेतृत्व में तथा आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा उप्र. के आहवान पर समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि आंगनबाड़ी कार्यत्रियां एवं सहायिकाएं अपनी लंबित मांगों को लेकर पिछले कई वर्षों से शासन एवं प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराती रही हैं, लेकिन कोई भी निर्णायक कार्रवाई संभव नहीं हो सकी। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि मुख्यमंत्री द्वारा बीते वर्ष सितंबर माह में यह घोषणा की गई थी कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उचित मानदेय वृद्धि प्रदान की जाएगी जो आज तक धरातल पर खरी नहीं उतरी है। प्रदर्शन व ज्ञापन देने में अनीता, अर्चना, दीपमाला, प्रेमलता, ममता, सविता एवं सुमन आदि शामिल रहीं।

## 'अपनाओ ट्रैफिक रूल, जीवन का मंत्र अमूल्य'

▸ सेन्ट जॉर्ज स्कूल की ओर से दी गई शानदार प्रस्तुति

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत गुरुवार को महाराणा प्रताप चौक शहर पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज एवं संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं यातायात नियमों को लेकर सेन्ट जॉर्जस्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं सड़क सुरक्षा गीत के माध्यम से शहर वासियों को जागरूक करने का अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया संभागीय परिवहन अधिकारी उदयवीर सिंह ने रिचा एवं यथार्थ को एक दिन का आर.टी.ओ.बनाकर शहर वासियों को जागरूक कराया गया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में किया जा रहे कार्यों से सभी को परिचित कराया तथा उनके उत्कृष्ट पोस्टरों का प्रदर्शन भी किया इस अवसर पर मंडली समन्वयक/ मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा डॉ पीयूष मिश्रा द्वारा सेन्ट जॉर्जस्कूल के बच्चों को नोडल छात्रों के रूप में कार्य करते हुए एक नेक मददगार बनकर पूरे प्रदेश में एक रोल मॉडल बनने की प्रेरणा दी यातायात प्रभारी ने सभी को यातायात नियमों से परिचित कराया सुनील सक्सेना समिति सदस्य ने सभी का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन कराने के उद्देश्य से ये छोटे-छोटे रूल इनको न जाना भूल तथा अपनाओ ट्रैफिक रूल जीवन का मंत्र अमूल्य स्लोगन के माध्यम से प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अल्बर्ट रस्किन ,नोडल शिक्षक अजीत कुमार एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सिविल लाइन चौकी इंचार्ज आनंद कुमार साहू, सेंट जॉर्ज स्कूल के प्रधान चार्य एलबर्ट रस्किन, नोडल टीचर अजीत कुमार नवीन, पूनम सहित छात्र छात्रा पवनी रिचा साक्षी आकृति गरिमा आयुषी अंशिका उपस्थित रहे।




